

■ भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट - 12



■ तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक लुढ़का - 12



■ ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई - 13



■ प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 14

आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23
सूर्यास्त 06.54


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी 01:30 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083 **

बुधवार, 13 मई 2026, वर्ष 4, अंक 262, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


ब्रीफ न्यूज

### ऑर्केस्ट्रा समूहों के चंगुल से 44 नाबालिग लड़कियां मुक्त कराईं

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा डांस समूहों के चंगुल से करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है और इस मामले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना पुलिस ने पटना पुलिस मुख्यालय के समन्वय से यह कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और विभिन्न राज्यों से आई करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि अधिकांश लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं, जबकि कुछ उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लाई गई थीं।

### सीबीआई ने शुभेंदु के पीए की हत्या की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने जांच का जिम्मा संभाला है। सीबीआई ने दिल्ली के विशेष अपराध विभाग के एक डीआईजी के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है, जिसमें एजेंसी की विभिन्न इकाइयों के कुछ बेहतरीन जांचकर्ता शामिल हैं। यह दल कोलकाता के संयुक्त निदेशक को जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि सीबीआई के कोलकाता जोन के अधिकारी भी जांच के लिए इस दल में शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और उसने जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने अपने हवाई अड्डे पर छिपाए थे ईरानी एयरक्राफ्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने हवाई अड्डों में जगह दी थी। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक खबर में यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ईरान-अमेरिका और अन्य पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान द्वारा निभाई जा रही भूमिका पर एक बार फिर पूरी तरह से विचार करने की आवश्यक होगी।

### बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

**कोलकाता।** यहां के तिलजाला इलाके में मंगलवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को घटना की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 1:45 बजे इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई और कुछ ही क्षणों में लपटें फैल गईं, जिससे पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। इस मंजिल का इस्तेमाल चमड़े के गोदाम के रूप में किया जाता था।

# नीट यूजी का पेपर लीक, परीक्षा रद्द, सीबीआई को जांच

## देशभर में कई जगहों पर कार्रवाई सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर | एनटीए के डीजी बोले- नहीं बदले जाएंगे परीक्षा केंद्र, निष्पक्ष होगी पुनर्परीक्षा | 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों ने 3 मई को 551 शहरों में दी थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा अब नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां अलग से अधिसूचित की जाएंगी। सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की।

एनटीए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गयी थी। एजेंसी ने कहा कि निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को वाकई बड़ी असुविधा होगी। उसने कहा कि लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था।



नई दिल्ली : नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसएफआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

### छात्रों में आक्रोश, अभ्यर्थियों ने कहा-बेहद निराशाजनक

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के रद्द किए जाने के बाद देशभर के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। छात्रों ने एनटीए की कार्यक्षमता पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का आयोजन एम्स-दिल्ली द्वारा कराया जाए। कोलकाता की एक अभ्यर्थी मौमिता दास ने कहा कि यह घटनाक्रम उनके और उनके माता-पिता दोनों के लिए बेहद निराशाजनक है।

### महानिदेशक ने कहा परीक्षा प्रक्रिया 7 से 10 दिन में होगी शुरू



**नई दिल्ली।** प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के चलते नीट-यूजी 2026 को रद्द करने की जिम्मेदारी लेते हुए एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा कि फिर से परीक्षा का कार्यक्रम अगले सात से दस दिन के भीतर घोषित किया जाएगा। सिंह ने कहा, फिर से परीक्षा की तारीख के लिए, मैं अपनी टीम के साथ बैठक करूंगा और अगले कुछ दिनों में परीक्षा का पूरा कार्यक्रम और तारीखें घोषित करूंगा। हमारा प्रयास रहेगा कि परीक्षा जल्द आयोजित की जाए ताकि मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रवेश कार्यक्रम में कोई बाधा न आए। उन्होंने प्रश्न पत्र लीक होने को दुखद बताते हुए सिंह ने कहा, प्रश्न पत्र लीक होना तुरंत रुकना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### नहीं लिया जाएगा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क : एनटीए

एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर पुनः आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नई तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जाएगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

### नासिक पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया



**नासिक।** नासिक पुलिस ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने मामले में मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। यहां के पुलिस उपायुक्त किरणकुमार चौहान ने कहा, नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के लिए आज सुबह राजस्थान पुलिस से अनुरोध प्राप्त हुआ। उसी के अनुसार, नासिक पुलिस की अपराध शाखा की द्वितीय इकाई ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। राजस्थान पुलिस की एक टीम उसे हिरासत में लेने के लिए यहां आएगी।

### जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में भेजेगी टीम

सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र से निर्देश मिलने के बाद सीबीआई ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में एक टीम भेजेगी, ताकि राज्य पुलिस के एसओजी से सामग्री एकत्र की जा सके, जो इस मामले की जांच कर रहा था। सीबीआई ने इससे पहले 2024 के नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले को सुलझाया था।

# मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों की फ्लीट में आधी कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- पीएम के आह्वान पर मुख्यमंत्री की बड़ी पहल, बोले- अनावश्यक सोने की खरीद व विदेशी यात्रा से भी बचे

**अमृत विचार :** वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को प्रदेश में लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों एवं प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, ऐसे में संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के काफिलों से अनावश्यक वाहन हटाए जाएं। सीएम ने सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मेट्रो, पीएनजी, बस, कार पूलिंग, साइक्लिंग और ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रदेशवासियों से ईंधन की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सचिवालय और निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सेमिनार, वर्कशॉप और बैठकों को ऑनलाइन मोड में करने पर जोर दिया गया।

ऊर्जा बचत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी भवनों में अनावश्यक बिजली का उपयोग रोका जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने लोगों से अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने और देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने विजिट माई स्टेट अभियान शुरू करने के निर्देश दिए, जिसके तहत हेरिटेज, ईको, ग्रामीण और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों को उपहार के रूप में बढ़ावा देने तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी जोर दिया।

### मुख्यमंत्री योगी के बड़े निर्देश

- सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील
- मंत्री, सांसद, विधायक और अफसर सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चलें
- मेट्रो, बस, पीएनजी, ईवी, कार पूलिंग और साइक्लिंग को बढ़ावा
- सरकारी बैठकों, सेमिनार और वर्कशॉप का वर्चुअल आयोजन
- सचिवालय और निदेशालय की 50% बैठकें ऑनलाइन होंगी
- उद्योगों और स्टार्टअप्स में 'वर्क फ्रॉम होम' को प्रोत्साहन
- अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने की अपील
- अनावश्यक सोने की खरीदारी न करने का आग्रह
- भवनों में बिजली बचत पर जोर
- रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश
- स्कूल बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अधिक उपयोग पर फोकस
- पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर को बढ़ावा
- 'विजिट माई स्टेट' अभियान चलाकर घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहन

# पाकिस्तान को मदद करने पर भारत ने चीन को चेताया

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जिम्मेदार देशों को साख पर सोचना चाहिए

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के पाकिस्तान को मदद देने संबंधी खबरें पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। साथ ही, उसने यह भी कहा कि जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें विचार करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने से उनके रुख और अंतर्राष्ट्रीय साख पर क्या प्रभाव पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने चीन के सरकारी मीडिया की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर यह बात कही। खबरों में कहा गया है कि पहलगाम हमलों का बदला लेने के लिए भारत द्वारा मई 2025 में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। चीनी मीडिया के अनुसार, चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की कि उसने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में सुनियोजित कार्रवाई थी।

# यूपी के कई जिलों में आंधी-तूफान पेड़-पोल गिरे, बारिश से राहत

### 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली धूलभरी आंधी



तेज आंधी के कारण बरेली में कार पर गिरा पेड़।

लखनऊ, एजेंसी

- प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, आज 38 शहरों के लिए अलर्ट जारी

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। जिसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंके वाली हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल व बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में अंधेरा पसर गया।

### बरेली में भारी नुकसान आंधी की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड

**बरेली।** मंगलवार सुबह तेज आंधी-बारिश ने बरेली शहर देहात में खासी क्षति देखने को मिली है। जगह-जगह पेड़, बिजली के खंभे, यूनिपोल गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, बरेली में आंधी की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई, जो राज्य में सबसे अधिक है। आंधी में किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। पुलिस, फायर बिग्रेड, नगर निगम और बिजली दस्ते रेस्क्यू में जुटे नजर आए हैं। जगह-जगह खंभे और तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है।

# सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज

महोबा, एजेंसी



- प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप, महोबा में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी व उनके अज्ञात समर्थकों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मामला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप गुप्ता की तहरीर पर 11 और 12 मई की दरमियानी रात को महोबा शहर कोतवाली में दर्ज किया गया।

हमीरपुर-महोबा सीट से सपा सांसद लोधी और उनके समर्थकों ने सोमवार को बिजली विभाग को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली कटौती, स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को उठाया गया था। गुप्ता ने आरोप लगाया कि लोधी के सरकारी कार्यालय तक मार्च के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ, यातायात बाधित हुआ और सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा आई। यह भी आरोप लगाया कि लोधी ने मोदी को राष्ट्र-विरोधी कहा। तहरीर में आरोप लगाया गया कि संवाददाताओं ने जब सपा सांसद से उनके प्रदर्शन के बारे में पूछा तो उन्होंने प्रधानमंत्री पर अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की।

समारोह

शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी रहे मौजूद, भाजपा और सहयोगी दलों के 2-2 मंत्री बने

# हिमंत ने ली शपथ, लगातार दूसरी बार असम के सीएम बने



गुवाहाटी : शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

गुवाहाटी, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को दी बधाई

हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में राजग की सरकार बन गई है। उनके साथ चार विधायकों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली जिनमें भाजपा के अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं।

राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा क्षेत्र में वेटरनरी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शर्मा और चारों विधायकों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मारगेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। धोती-कुर्ता पहने और गले में पारंपरिक गमछा डाले हुए मुख्यमंत्री और तीन विधायकों तेली, बोरा और नियोग ने असमिया में जबकि बोरो ने बोडो भाषा में शपथ ली। प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को बधाई दी। समारोह से जाने से पहले प्रधानमंत्री ने जनता और मंच पर मौजूद लोगों का आभार जताया। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, मां कामाख्या, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और असम की जनता के आशीर्वाद से मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद के साथ हम जनता की सेवा करने और उसकी आकांक्षाएं पूरी करने को लेकर उत्सुक हैं। नियोग, बोरा और बोरो शर्मा की पिछली कैबिनेट के सदस्य थे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री तेली ने राज्य की राजनीति में वापसी की।

नियोग वित्त मंत्री, बोरा कृषि मंत्री जबकि बोरो परिवहन मंत्री थे। राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में रिकॉर्ड 102 सीट जीतीं, जिनमें भाजपा की 82 सीटें शामिल हैं। भाजपा के सहयोगी दल अगप और बीपीएफ ने 10-10 सीट जीतीं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीजीपी ने भरा स्व गणना का फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य स्व-गणना को लेकर पुलिस महानिदेशक की ओर से जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का फॉर्म ऑनलाइन भरा गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वयं से जनगणना की सूचना भरने के संबंध में संदेश दिया।

### तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ:** पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से मंगलवार को आयोजित टोबैको कंट्रोल ट्रेनिंग कार्यशाला की शुरुआत करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण बीडी पॉल्सन ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता एवं प्रभावी कानून प्रवर्तन से भी जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### एक हफ्ते में चार बदमाश ढेर

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी पुलिस अपराधियों को ढूढ-ढूढ कर एनकाउंटर कर रही है। विभिन्न जिलों में विगत एक हफ्ते दिनों में दो दर्जन से अधिक एनकाउंटर हो चुके हैं, जिसमें चार अपराधी ढेर हो चुके हैं, जबकि कई का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर का सिलसिला अभी थमेगा नहीं। विगत हफ्ते हरदोई में बच्चे के अहपरण के बाद उसकी हत्या करने के आरोप में हुए एनकाउंटर में एक अपराधी ढेर हो गया। उसी दिन कन्नौज में भी एनकाउंटर हुआ, जिसमें 10 से अधिक अपराधी घायल हो गए, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दूसरे दिन मथुरा में हुए एनकाउंटर में दो अपराधी ढेर हो गए। इस एनकाउंटर में तीन अपराधियों के अलावा पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे। वहीं सोमवार की देर रात चंदौली में वांछित किलर गुरप्रीत सिंह को एनकाउंटर में ढेर किया गया।

### वैश्विक संकट के बीच गरीबों को राहत दें

**अमृत विचार, लखनऊ:** बसपा प्रमुख मायावती ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ जारी युद्ध की अनिश्चितता को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से गरीब एवं मेहनतकश परिवारों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संयम बरतने की अपील यह संकेत देती है कि देश के सामने केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस ही नहीं, बल्कि आर्थिक संकट भी गहरा सकता है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर करोड़ों भारतीयों के जीवन पर पड़ रहा है और इसके लंबे समय तक जारी रहने की आशंका भी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल की मार झेल चुकी बड़ी आबादी पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसे में आम लोगों के पास बचत और खाने-पीने के संसाधन भी सीमित रह गए हैं। मायावती ने कहा कि इस स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों को गरीब व मेहनतकश परिवारों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



### भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य सुरक्षित नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि भाजपा शिक्षा माफिया को संरक्षण देकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर रही है। संजय सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, बल्कि इससे पहले वर्ष 2024 में भी ऐसी घटना सामने आ चुकी है। सांसद संजय सिंह ने दावा किया कि तीन मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है, जिससे लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों पर असर पड़ा है। उनका कहना था कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे नेटवर्क को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। आप सांसद ने कहा कि देश के लाखों युवा कठिन मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र और सरकार की विफलता उनके सपनों को तोड़ रही है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक गिरोह से जुड़े लोगों और उनके राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



# जलशक्ति राज्य मंत्री ने एस्कॉर्ट लौटाई, सुरक्षा घटाई, बाइक से करेंगे दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में करेंगे ट्रेन का उपयोग



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील पर जहां विपक्ष लगातार हमलावर है, वहीं प्रदेश में भाजपा के एक मंत्री ने इसे व्यवहार में उतारकर नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटिक ने अपनी एस्कॉर्ट गाड़ियों की सुविधा स्वेच्छा से वापस कर दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि अब वह जिला भ्रमण बाइक से करेंगे और लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में ट्रेन का उपयोग करेंगे।

मंत्री के इस फैसले को भाजपा के भीतर "व्यवहारिक संदेश" के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों पर भी दिखाई दे सकता है।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा संगठन भी कार्यकर्ताओं के बीच सादगी और संसाधन संरक्षण का संदेश ले जाने की रणनीति पर काम कर रहा है। दिनेश खटीक ने मंगलवार सुबह अपनी एस्कॉर्ट सुविधा वापस करने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। उन्होंने अपने आवास की सुरक्षा व्यवस्था भी कम कर दी है। अब उनके आवास पर केवल एक गनर तैनात रहेगा। मंत्री ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने की अपील की है। दरअसल, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने हाल में देशवासियों से ईंधन बचत, गैरजरूरी खर्चों में संयम और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की थी। भाजपा इसे राष्ट्रीय हित और आर्थिक अनुशासन से जोड़कर देख रही है, जबकि विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

### मंत्री कपिल देव ने किया मेट्रो रेल से सफर

- **अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली से मेरठ तक की यात्रा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) से कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, टर्मिनल-3 पहुंचने के बाद निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां से मेट्रो के जरिए सराय काले खां पहुंचे और फिर नमो भारत ट्रेन से मेरठ रवाना हुए। रात में वह मोदीपुरम स्टेशन पहुंचे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का अभियान है।



मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

### प्रधानमंत्री की अपील पर सपा हमलावर

- समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री की अपील को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसी बीच कन्नौज से जुड़े एक सपा सांसद के कथित अभद्र बयान को लेकर मुकदमा दर्ज होने के बाद सियासी विवाद और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने विपक्ष की भाषा और रवैये की आलोचना की है।

## पीएम पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा ने समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पार्टी सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रदर्शन में महिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा मातृशक्ति के साथ प्रदेशभर में विरोध दर्ज कराएगी। संजय राय ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी राजनीतिक विरोध की आड़ में व्यक्तिगत स्तर पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है, जो भारतीय राजनीति की स्वस्थ परंपराओं के खिलाफ है।

# सरकार का प्राथमिक से तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर

## भाषा-गणित में दक्ष होंगे परिषदीय के बच्चे, तकनीकी विद्यार्थी को कराएंगे औद्योगिक विजिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार प्राथमिक से लेकर तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसके लिए जहां परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भाषा व गणितीय क्षमता को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों और अकादमिक सहयोगियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा वहीं प्रत्येक तकनीकी विद्यार्थी के लिए दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने की तैयारी है।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के एआरपी और डायट मेंटर्स का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 से 20 मई तक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में होगा। सरकार का फोकस अब केवल स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने पर भी है। इसी रणनीति के तहत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित पढ़ाई और आधुनिक कक्षा संचालन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण में हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों की समझ, कक्षा संचालन, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की सीखने की गति को समझने पर विशेष जोर रहेगा। सरकार का मानना है कि प्रशिक्षित शिक्षक ही बच्चों की भाषा दक्षता, पढ़ने-समझने की क्षमता और गणितीय सोच को बेहतर ढंग से विकसित कर सकते हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षक प्रशिक्षण और अकादमिक मॉनिटरिंग को मजबूत कर परिषदीय विद्यालयों में सीखने के स्तर को और बेहतर बनाया जाएगा। आधुनिक शिक्षण तकनीकों और सहभागिता आधारित पढ़ाई का सीधा लाभ बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय समझ पर दिखाई देगा।



### इन जिलों के प्रतिभागी लेंगे प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण में आगरा, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बुलंदशहर, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव समेत कई जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक जनपद से चार संदर्भदाताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें दो एसआरजी और दो डायट मेंटर्स शामिल होंगे। संदर्भदाता अपने जिलों में शिक्षकों और शिक्षामित्रों को एफएलएन और एनसीईआरटी आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण देंगे।

### गतिविधि आधारित पढ़ाई को बढ़ावा

- सरकार अब केवल पाठ्यपुस्तक आधारित पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहती। बच्चों को खेल, गतिविधियों और सहभागिता आधारित तरीकों से सीखने के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि भाषा और गणित की बुनियादी समझ मजबूत हो सके।

### दो इंडस्ट्रियल विजिट करेगा हर तकनीकी विद्यार्थी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** तकनीकी शिक्षा विभाग की योजनाओं और नवाचारों की समीक्षा बैठक में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग को अनिवार्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को एक्सप्रेसवे, टनल और डैम निर्माण स्थलों का भ्रमण कराया जाए, जबकि मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ईवी निर्माण इकाइयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाए। इसके लिए प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।विधानसभा स्थित कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में तकनीकी संस्थानों की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को रोजगारपरक और व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में प्लेसमेंट पोर्टल, एआई इंटीग्रेशन, नैक और एनआईआरएफ रैंकिंग, इंडस्ट्रियल विजिट, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और विभिन्न एमओयू की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डिलाइट के प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि विभाग के प्लेसमेंट पोर्टल पर आठ हजार से अधिक छात्र ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही नौकरीडॉटकाम के सहयोग से उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए विशेष लैंडिंग पेज तैयार किया जा रहा है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे।बैठक में तकनीकी संस्थानों की नैक, एनआईआरएफ और एसआईआरएफ रैंकिंग सुधारने पर भी चर्चा हुई। फैकल्टी भर्ती, गुणवत्ता सुधार और बेहतर प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और ईवी सेक्टर को देखते हुए तकनीकी संस्थानों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही वास्तविक इंडस्ट्री अनुभव मिल सके। सरकार अब तकनीकी शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखना चाहती। एआई आधारित कोर्स, डिजिटल प्लेसमेंट पोर्टल और उद्योग साझेदारी के जरिए युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का मॉडल विकसित किया जा रहा है।

### स्मार्ट क्लास, योग और नैतिक शिक्षा से तैयार हो रही नई पीढ़ी

- **अमृत विचार**, लखनऊ : अमृत विचार, लखनऊ : जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कारों के समन्वय वाले मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन विद्यालयों में बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में इस समय 103 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, जहां हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं मथुरा, गोंडा, कानपुर देहात और बलिया समेत विभिन्न जिलों में 20 नए विद्यालय निर्माणाधीन हैं। सर्वोदय विद्यालयों में योग और ध्यान को भी विशेष महत्व दिया गया है। सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास कराया जाता है, जिससे उनमें अनुशासन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित हो रही है।

### आज से 19 तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर'

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बुधवार से 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित यह शिविर 19 मई तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी डायट प्राचार्यों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों को शिविर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, लोक संस्कृति, कहानी, कविता, गीत, संवाद, नाटक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने गतिविधियों की सुझावात्मक सूची जारी की है। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रमों को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर का खर्च विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल, रचनात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव विकसित करना है।

## प्रवक्ता परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया है कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा, जो 09 एवं 10 मई 2026 को सम्पन्न हुई थी, उसके सभी विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ 12 मई 2026 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर प्रकाशित कर दी गई है।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, शिक्षा, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित सभी विषयों की प्रोविजनल उत्तरकुंजी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

## मामला गुण-दोष पर निर्णीत करने के लिए एकल पीठ को लौटाया

विधि संवाददाता,लखनऊ

- आरओ/एआरओ परीक्षा आरक्षण विवाद में अग्रिम नियुक्तियों पर लगी रहेगी अंतरिम रोक

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा-2023 में आरक्षण लागू किए जाने को लेकर विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को एकल पीठ को वापस गुण-दोष पर सुनवाई के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने उक्त पदों पर नई नियुक्तियां किए जाने पर लगाई गई अंतरिम रोक को जारी रखने का भी आदेश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने विवेक यादव व अन्य की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवाई के बाद निस्तारित करते हुए पारित किया है। उक्त अपील में एकल पीठ के एक फरवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें अपीलार्थियों की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि अपीलार्थी ओबीसी वर्ग से हैं जिन्हें प्रारम्भिक परीक्षा में जो मार्क्स मिले, वे सामान्य श्रेणी से मुख्य परीक्षा के लिए चयनित कम से कम 25 अभ्यर्थियों से अधिक थे। बावजूद इसके अपीलार्थियों को प्रारम्भिक परीक्षा में असफल घोषित कर दिया गया। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार व यूपी लोक सेवा आयोग ने कोर्ट को बताया कि उक्त भर्ती परीक्षा के तहत अधिकांश सफल अभ्यर्थियों को नियुक्तियां मिल चुकी हैं। कोर्ट ने पाया कि चूंकि याचिका मूल रूप से एकल पीठ के समक्ष विचाराधीन है लिहाजा उसी को इसके गुण दोष के आधार पर फैसला करना चाहिए।

# युवाओं को केवल डिग्री नहीं, रोजगार देने वाला हुनर समय की जरूरत :मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में 'संवाद' कार्यक्रम में सरकार, उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों ने तैयार किया रोडमैप
- एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और अप्रेंटिसशिप के जरिए युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर

**अमृत विचार:** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव कौशल विकास संस्थान हैं और युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला हुनर उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

मंत्री मंगलवार को गोरखपुर के होटल रमाडा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कौशल विकास के भविष्य को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलाजी के साथ एमओयू कर 150 सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया है। यहां एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, एडवांस डिजाइनिंग और अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जल्द ही 62 और आईटीआई को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे ने भी जानकारी दी।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

### एआई और ड्रोन टेक्नोलॉजी पर खास फोकस

- सरकार तकनीकी शिक्षा को भविष्य की जरूरतों से जोड़ने के लिए एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स शुरू कर रही है। आधुनिक लैब और उद्योग आधारित प्रशिक्षण मॉडल से युवाओं को वैश्विक स्तर की स्किलिंग देने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण साझेदारों को चरणबद्ध भुगतान प्रणाली से जोड़ा है, ताकि संस्थानों का फोकस केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि युवाओं के प्लेसमेंट पर भी रहे। सरकार का दावा है कि इससे रोजगार आधारित प्रशिक्षण मॉडल को मजबूती मिलेगी।

**विधानसभा चुनाव 2027**

**हर महीने बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल पर होंगी बैठकें, पुराने कार्यकर्ताओं की वापसी और नए चेहरों को जोड़ने पर भी फोकस**

# प. बंगाल फतह के बाद यूपी में चुनावी मोड में भाजपा, बूथ से जीत का मंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की रणनीति के बीच अब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में भी चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय करना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव 2027 में अभी समय भले हो, लेकिन पार्टी संगठन ने बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र और मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने की तैयारी तेज कर दी है।

प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को हुई संगठनात्मक बैठक में साफ संकेत मिले कि भाजपा इस बार भी बूथ मैनेजमेंट को सबसे बड़ा चुनावी हथियार बनाने जा रही है। पार्टी का फोकस केवल बड़े राजनीतिक अभियानों पर नहीं, बल्कि संगठन की जमीनी संरचना को लगातार सक्रिय और गतिशील बनाए रखने पर है। भाजपा नेतृत्व मानता है कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसकी सफलता के पीछे मजबूत बूथ नेटवर्क सबसे बड़ी ताकत रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं से 2017 से भी बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर काम करने को कहा। वहीं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने हर महीने नियमित बैठकों का विस्तृत कैलेंडर तय कर संगठन को लगातार चुनावी मोड में बनाए रखने की रणनीति रखी। बैठक से बाहर आए पदाधिकारियों के मुताबिक भाजपा की रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बूथ समितियों का सत्यापन और पुनर्गठन है। पार्टी इस बार बूथ स्तर पर ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना चाहती है, जो स्थानीय स्तर पर सक्रिय, प्रभावी और सामाजिक रूप से मजबूत पकड़ रखते हों। इसके साथ ही पुराने और अनुभवी कार्यकर्ताओं को दोबारा सक्रिय भूमिका में लाने की तैयारी भी चल रही है, ताकि संगठनात्मक अनुभव और नए कार्यकर्ताओं की ऊर्जा का संतुलन बनाया जा सके।भाजपा की नजर उन बूथों पर भी है, जहां पिछले चुनावों में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन रहा था। ऐसे बूथों की अलग पहचान कर वहां विशेष रणनीति लागू करने की योजना है। पार्टी का मानना है कि छोटे अंतर से हारे गए बूथों पर अतिरिक्त मेहनत कर चुनावी समीकरण बदले जा सकते हैं। बैठक में यह भी तय हुआ कि मंडल समितियों की बैठकें हर महीने के पहले सप्ताह, शक्तिकेंद्र बैठकों का आयोजन तीसरे सप्ताह और बूथ समितियों की बैठकें 'मन की बात' कार्यक्रम के साथ अंतिम सप्ताह में होंगी। भाजपा इन बैठकों के जरिए कार्यकर्ताओं को राजनीतिक और वैचारिक रूप से लगातार सक्रिय रखना चाहती है, ताकि चुनाव आते-आते संगठन पूरी तरह मैदान में तैयार मिले।



संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह।

### बंगाल मॉडल की तर्ज पर माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर

- भाजपा सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल चुनाव को देखते हुए पार्टी हाईकमान बूथ स्तर की माइक्रो मैनेजमेंट रणनीति पर विशेष जोर दे रहा है। उसी तर्ज पर यूपी में भी बूथवार सक्रियता, मतदाता संपर्क और स्थानीय मुद्दों पर फीडबैक जुटाने की तैयारी की जा रही है। संगठन चाहता है कि हर बूथ पर ऐसा नेटवर्क तैयार हो, जो चुनावी माहौल बनने से पहले ही मतदाताओं तक लगातार पहुंच बनाए रखे।

### विपक्ष के हमलों और सामाजिक समीकरणों से सतर्क भाजपा

- भाजपा की इस कवायद को विपक्ष के बढ़ते हमलों और बदलते सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों के बीच संगठनात्मक मजबूती की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी केवल सरकार की योजनाओं के प्रचार तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि कार्यकर्ताओं के जरिए सीधे मतदाताओं तक पहुंचकर राजनीतिक संवाद मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

## जल जीवन की परियोजनाएं सौर उर्जा से जोड़ेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को सौर ऊर्जा से जोड़कर ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में 67 हजार से अधिक गांवों में संचालित 33 हजार से अधिक ग्रामीण जलापूर्ति परियोजनाएं अब सौर ऊर्जा आधारित मॉडल पर चल रही हैं। इससे दो करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक राजशेखर ने बताया कि सौर ऊर्जा संचालित पंपिंग सिस्टम स्थापित होने से अब तक 900 मेगावाट बिजली की बचत हुई है। सौर ऊर्जा मॉडल से बिजली की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। परियोजनाओं को 30 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉक्सो के आरोपी को पकड़कर भेजा जेल

**शिवली।** वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत शिवली पुलिस ने छेड़खानी के आरोप में फरार चल रहे एक आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मंगलवार की सुबह शिवली पुलिस ने वंचित आरोग्य के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसेही गांव निवासी ब्रजेश को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। ब्रजेश के खिलाफ एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ा

**कानपुर देहात।** इस साल 19 मार्च को रूरा थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी अनीता पत्नी राजेश कुमार सोनकर ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा कायम कराया था। आरोप था कि शिवम उर्फ शुभम पुत्र दिनेश चन्द्र दोहरे द्वारा उसकी पुत्री वंदना उर्फ कंचन की हत्या किए जाने संबन्धी मुकदमे में गवाही के लिए दूसरी बेटी आरती को धमका रहा। इसे लेकर शिवम अपने पिता दिनेश व चाचा अनिल पुत्र रामरतन के साथ पीछे के दरवाजे से घर में घुसकर वादिनी की पुत्री आरती को अकेला पाकर आरती की हत्या करने की नियत से गले में फाँसी लगा दी। अनीता के पति जो पैरालिसिस के मरीज है के चिल्लाने पर मरणासन्न अवस्था में छोडकर भाग निकले। पुलिस ने आरोपी शुभम सिंह उर्फ शिवम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

### हालत बिगड़ने के बाद युवक की थमीं सांसें

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के श्याम सुंदरपुर गांव के बीमारी के चलते इलाज कराकर युवक कार से आते समय अचानक रास्ते में हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा सीएचसी लाया गया। श्यामसुंदर पुर गांव के शिव शंकर ने बताया कि उसके पुत्र प्रांशु 19 वर्ष का बीमारी के चलते कानपुर में इलाज चल रहा था। वहां से उपचार कराकर कार से वापस आते समय रास्ते में अचानक युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा सीएचसी पुखरायां लाया गया। वहां डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया।

### किशोर ने निगला जहर, हालत नाजुक

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर में जहरीला पदार्थ खाने से किशोर की हालत बिगड़ गई। इसकी जानकारी लगने पर परिजनों ने अर्द्ध बेहोशी हालत में उसे सीएचसी लाया गया। वहां पर उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। भोगनीपुर के फारूक अहमद ने बताया कि उसके पुत्र अल्फेज 15वर्ष मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई। इस पर परिजनों के द्वारा अर्द्धबेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया। ड्यूटी में तैनात डा अनूप सचान के द्वारा किशोर का उपचार करने पर हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### वीर सिंह कार्यवाहक ग्राम प्रधान नामित

**मंगलपुर।** संदलपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के निधन के बाद पंचायत कार्यों के संचालन हेतु प्रशासन ने अंतरिम व्यवस्था लागू कर दी है। डीएम के अनुमोदन के बाद डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सदस्य वीर सिंह को कार्यवाहक ग्राम प्रधान नामित किया है। वीर सिंह को अग्रिम आदेशों तक ग्राम पंचायत संदलपुर के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों के प्रयोग तथा पंचायत खाते के संचालन हेतु अधिकृत किया गया है। स्थायी ग्राम प्रधान की व्यवस्था होने के बाद यह आदेश स्वत: समाप्त हो जाएगा।

### सात दर्जन अभ्यर्थियों को रोजगार की आस

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन अभियान के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार को कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निजी क्षेत्र की दि इंडिया थर्मिट कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं ग्रोफास्ट फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में एक सैकड़ा से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 85 अभ्यर्थियों का प्राइवेट कंपनियों द्वारा प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु अनुज यादव व जिला सेवायोजन कार्यालय के तेज प्रताप सत्यार्थी, पुनीत आदि रहे।



अकारू गांव में वारदात के बाद वर्षा के घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार



फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। अमृत विचार



वर्षा की मां ममता को संभालतीं महिलाएं और परिवार के लोग। अमृत विचार

# प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी युवक ने की खुदकुशी

## मंगलपुर थाना क्षेत्र के अकारू गांव में सनसनीखेज वारदात, पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल में जुटी

संवाददाता, मंगलपुर

- घटना के समय घर में अकेली थी किशोरी, चाकू से रेत दिया गला
- प्रेमी युवक का पड़ोस में मामी के घर फंदे पर लटका मिला शव

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के अकारू गांव में मंगलवार को सनसनीखेज वारदात ने गांव वालों को हिला कर रख दिया। प्यार की दीवानगी में पागल एक युवक ने घर में अकेली किशोरी प्रेमिका की गला रेतकर हत्या कर दी और फिर खुद फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

बताते हैं कि अकारू गांव निवासी सोना वृद्ध हैं। उनके घर में पड़ोसी औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के सरौंया गांव का रहने वाला 25 वर्षीय शिशुपाल रह रहा था, जो



वर्षा देवी।



शिशुपाल।

रिश्ते में सोना का भांजा था। यहां रहने के दौरान उसका पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी वर्षा देवी से करीब 6 माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि शिशुपाल किशोरी प्रेमिका से शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के परिजन उम्र का हवाला देकर इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे।

वर्षा की मां ममता ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे वह अपनी सास का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए घर से बाहर गई थीं और बेटी घर पर अकेली थी।



मौके पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने प्रारंभिक तहकीकात की। अमृत विचार

जब वह घर वापस लौटीं तो कमरे में बेटी बेड पर चादर ओढ़े मिली। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। किसी तरह की प्रतिक्रिया न मिलने पर जब उन्होंने चादर हटाई तो वर्षा का गला कटा था और खून बह रहा था। इसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। उनका आरोप है कि शिशुपाल ने ही मौका पाकर घर में घुसकर बेटी की हत्या कर दी और फिर खुद अपनी मामी के घर में टीनशेड के पाइप में रस्सी का फंदा डालकर जान दे दी। वर्षा की मां ने अंकित नामक युवक पर भी घटना में शामिल होने की आशंका जताई है।

घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद, डेरापुर सीओ संजय वर्मा और इलाकाई पुलिस अकारू गांव पहुंची और सबसे पहले किशोरी के घर में छानबीन शुरू की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से साक्ष्य जुटाए। पास में चाकू पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, पड़ोस में ही मामी के घर में शिशुपाल का फंदे पर शव लटक रहा था। पुलिस की एक टीम ने सोना के घर पहुंचकर शिशुपाल के शव का पंचनामा भरा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### मोबाइल फोन तोड़ने से खफा था शिशुपाल

- पूरे मामले की प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पुलिस को पता चला कि कुछ समय पहले शिशुपाल आगरा में पेंटिंग का काम करने के लिए चला गया था। आगरा जाने से पहले उसने चोरी-छिपे अपनी प्रेमिका को मोबाइल फोन दिया था, ताकि दोनों के बीच बातचीत होती रहे। हाल ही में किशोरी की मां ने मोबाइल फोन पर बात करते पकड़ लिया और फोन तोड़ दिया था, जिससे दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी बात से नाराज होकर शिशुपाल गांव लौटा और वारदात को अंजाम दे दिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

### एएसपी बोले, प्रेम प्रसंग में हुई वारदात

- मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फिर परिवार के साथ गांव वालों से घटना के पहलुओं पर छानबीन की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में हत्या और आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से साक्ष्य संकलित कर जांच की जा रही है। सभी पहलुओं पर गहनता से जांच- पड़ताल करने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# सीडीओ को कई अफसर और कर्मचारी नदारद मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सीडीओ ने विकास भवन के विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया तो कई अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले। गैरहाजिर लोगों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में सुपर वाइजर कर्ण सिंह, दिव्यांशु नहीं मिले। उप निदेशक कृषि कार्यालय मेंडोजर ऑपरेटर मुलालाल, लघु सिंचाई कार्यालय में प्रधान सहायक राकेश कुमार सचान, विक्रांत कुशवाहा (कनिष्ठ सहायक), हिमांशु जायस चक्रवार्तिया (कनिष्ठ सहायक), संतोष शुक्ल (वर्गीकृत तकनीशियन), खुशबू (सहायक बोरिंग टेक्नीशियन), सुरेश कुमार सिंह (हेल्पर) नहीं थे। जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में अतुल यादव (प्राविधिक सहायक), सर्वेश कुमार, मार्तण्ड बक्सर गौतम, संजय प्रताप सिंह (वरिष्ठ सहायक), दीपा द्विवेदी (कनिष्ठ सहायक) एवं गुलाब सिंह (वाहन चालक) नहीं थे। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में सुनील कुमार, रेशमा खातून (डीपीएम), नीतू चौहान (बीपीएम), शिक्षा सचान (डीपीएम), बृजेश गौतम (एमआईएस) और अंकित गुप्ता (एमआईएस) अनुपस्थित रहे।

## पानी की परेशानी



रसूलाबाद क्षेत्र में निचली रामगंगा नहर से निकले इटैली रजबहा के दानी निवादा और भगवन्तपुर के जर्जर पुलों का निर्माण होने के कारण पानी रोक दिया गया है। इससे जहां जायद की फसलों के लिए पानी नहीं मिल रहा, वहीं पशु-पक्षियों की प्यास नहीं बुझ रही। भगवंतपुर, लक्ष्मणपुर, दानी निवादा गांव के ध्यान पाल सिंह, उमाशंकर, रजनीश कुमार, विनय कुमार, रवि कुमार, हरिओम, प्रहलाद आदि ने बताया कि उर्द, मूंग की फसलों और मवेशियों के साथ जंगली पशु-पक्षियों को पानी की जरूरत है। दानी निवादा व भगवंतपुर के जर्जर पुलों का निर्माण चल रहा है, जिसकी वजह से दानी निवादा के पूर्व बांध लगाकर पानी रोक दिया गया है। निर्माण की रफ्तार सुस्त होने से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। सहायक अभियंता शोभित पटेल का कहना है कि तीन-चार दिन में माइनर का पानी खोल दिया जाएगा। • अमृत विचार

# लक्ष्मण-परशुराम संवाद में गूंजते रहे जयकारे

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** सुभाष नगर स्थित देवी मंदिर परिसर में सोमवार रात धनुष भंग लीला आयोजित हुई। रामलीला में जहां जनक के विलाप में दर्शकों की आंखें भर आईं, वहीं कौमिक कलाकार की हास्य की फुहार में लोग लोट-पोट हो गए। तड़के पहर शुरू हुए लक्ष्मण-परशुराम संवाद में तार्किक वाटपटुता के बीच जयकारे गूंजते रहे।

इसके पूर्व विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष का खंडन कर दिया। धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महिद्रा चल



मंचन करते कलाकार।

पर्वत पर तपस्या में लीन महर्षि परशुराम की तंद्रा भंग हो गई और वह मिथिलापुरी जा पहुंचे और राजा जनक से धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूछते हुए कहा, कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा, राजा जनक को मौन देख परशुराम क्रोधित हो जाते हैं। इसी के साथ संवाद शुरू हुआ।

# फैक्ट्री गेट पर लगाई हामी की सूचना

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां की एस्ट्रेल एडहेसिव फैक्ट्री में श्रमिकों की हड़ताल के दूसरे दिन प्रबंधन ने श्रमिकों की ज्यादातर मांगे मान ली। फैक्ट्री गेट पर इसकी सूचना भी लगाई। फैक्ट्री में वेतन बढ़ोतरी, ओवरटाइम पर दोगुनी पगार, बोनस तथा रविवार की छुट्टी घोषित करने जैसी मांगों को लेकर अधिकांश श्रमिक हड़ताल पर चले गए थे।

मंगलवार की सुबह सैकड़ों श्रमिक फैक्ट्री गेट पर इकट्ठा हुए। धरना-प्रदर्शन किया। दोपहर बाद श्रम प्रवर्तन अधिकारी पल्लवी सिंह व फैक्ट्री प्रबंधन ने कुछ श्रमिकों को अंदर बुलाकर उनसे बात कर अधिकांश मांगों पर अपनी सहमति



मसला हल होने के पहले फैक्ट्री गेट पर खासी गहमा-गहमी रही। अमृत विचार

प्रदान कर दी। इसके बाद लिखित नोटिफिकेशन जारी कर फैक्ट्री गेट पर चस्पा किया गया।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तीसरी श्रेणी के जिले की सूची में शामिल कानपुर देहात जिले के रेटलिस्ट के अनुसार फैक्ट्री भुगतान करने को तैयार हो गई है। मंगलवार से कुछ श्रमिकों की काम पर वापसी हुई है। धरना समाप्त हो गया है। दूसरी तरफ फैक्ट्री में श्रमिकों की हड़ताल की सुगबुगाहट होने पर पुलिस अन्य इकाइयों में अलर्ट दिखाई दी। मंगलवार को चिरौरा रोड पर स्थित शराब फैक्ट्री में कार्यरत हजारों मजदूर कहीं कोई बवाल न मचा दे इसके लिए यहां पुलिस फैक्ट्री गेट पर तैनात दिखी।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में सुनी लोगों की पीड़ा

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। विभिन्न ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों से आए लोगों की पीड़ा सुन संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# वात्सल्य योजना की समितियां गठित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट में डीएम कपिल सिंह ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति सहित कई विभागों की बैठक में भाग लिया। बैठक में अफसरों को निर्देश दिए कि वन स्टाप सेंटर और चाइल्ड हेल्प लाइन (1098) में महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित मामलों में तत्काल मेडिकल परीक्षण सुनिश्चित कराया जाए। बाल विवाह के बारे में कहा कि संबन्धित एसडीएम से पत्राचार कर पीड़िताओं को लाभ परक योजनाओं से जोड़ें।

एडीएम अमित कुमार ने बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का प्रचार-प्रसार किए जाने की जरूरत पर जोर दिया। जिला प्रोबेशन





बैठक के दौरान चाइल्ड लाइन और अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। अमृत विचार

अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना में जनपद, ब्लॉक, वार्ड और ग्राम स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन है। वार्ड और ग्राम स्तर पर समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक का प्रावधान किया गया है। बैठक के माध्यम से विभागीय योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), निराश्रित महिला पेंशन योजना का प्रचार-प्रसार किया जाता है। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम प्रवर्तन कार्यालय, मानव तस्करी सेल एवं पुलिस के के समन्वय से बाल श्रम एवं बाल तस्करी अभियान चलाया जाता है।

**हर 7 तारीख को मिलेगी पगार**

**फैक्ट्री में श्रमिकों के आंदोलित होने के बाद संजीदा हुआ प्रशासन, बैठक में श्रमिकों के साथ बुलाए गए क्षेत्र के उद्यमी**

# डीएम-एसपी ने कामगारों की पीड़ा सुन वाजिब पगार का दिया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जैनपुर फिर रनियां में पगार को लेकर फैक्ट्री कामगारों के आंदोलित होने के बाद जिला प्रशासन उनकी मांगों के प्रति संजीदा हुआ है। मंगलवार को डीएम और एसपी रनियां पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों और उद्यमियों के साथ बैठक की। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों को शासन से निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराने, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने और औद्योगिक वातावरण को संतुलित बनाए रखने पर चर्चा हुई।

डीएम कपिल सिंह ने कहा कि श्रमिक किसी भी उद्योग की आधारशिला होते हैं। उनके हितों की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च



श्रमिक और प्रबंधन पक्ष के लोगों ने अफसरों के सामने रखी अपनी बात। अमृत विचार

प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, समय पर वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना औद्योगिक इकाई की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी न की जाए। सभी कंपनियां श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने शासनादेश के अनुरूप न्यूनतम मजदूरी दरों का उल्लेख करते हुए कहा कि अप्रैल 2026 से प्रत्येक श्रमिक को उसकी श्रेणी के अनुसार निर्धारित मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। अकुशल कर्मचारियों को प्रतिमाह 12,356, अर्द्धकुशल कर्मचारियों को 13,590 तथा



बैठक में डीएम-एसपी ने बात सुनी और श्रमिकों के अधिकार बताए। अमृत विचार

कुशल कर्मचारियों को 15,224 प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि इन मजदूरी दरों से संबंधित सूचना प्रत्येक औद्योगिक प्रतिष्ठान के नोटिस बोर्ड पर स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए, जिससे श्रमिकों को उनके अधिकारों की जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो सके।

डीएम ने सभी उद्यमियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि ओवरटाइम कार्य का भुगतान दोगुनी दर से किया जाए। किसी भी कर्मचारी से अतिरिक्त कार्य लेने पर श्रम कानूनों का पूर्ण अनुपालन करना आवश्यक है। हर कर्मचारी को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने तथा अवकाश के दिन कार्य कराए जाने पर नियमानुसार अतिरिक्त भुगतान करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नियमानुसार सीएल, ईएल एवं अन्य अनुमन्य अवकाश उपलब्ध कराए जाएं तथा सार्वजनिक अवकाशों का भी पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक कर्मचारी को वेतन भुगतान से पूर्व वेतन पर्ची उपलब्ध कराई जाए तथा ईएसआईसी एवं ईपीएफ से संबंधित कटौती एवं अंशदान का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे कर्मचारी अपने खातों की जानकारी स्वयं सत्यापित कर सकें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी कंपनियां प्रत्येक माह की सात तारीख तक कर्मचारियों के वेतन का भुगतान बैंक खाते के माध्यम से करना सुनिश्चित करें।

### जिलाधिकारी ने बताए जरूरी हेल्पलाइन नंबर

- बैठक में डीएम ने श्रमिकों को समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिया। बोले, प्रशासन कामगारों की जायज समस्या और मांगों पर पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई करेगा। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9984361936 एवं 7054835123 पर संपर्क करें।

### एसपी ने शांति बनाए रखने की अपील की

- एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने सभी उद्यमियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों से औद्योगिक क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों एवं प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखना जरूरी है, ताकि औद्योगिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होती रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल की उपचार के दौरान मौत, कोहराम

**चौबेपुर।** क्षेत्र के पिपरी मोड़ के सामने हाईवे पर गत रविवार शाम हादसे में घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई ।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। क्षेत्र के हुलासपुरवा गांव निवासी राजा सिंह के तीन बेटों में मझला बेटा अमन (22) ई रिक्शा चलाता था। बताया गया है कि रविवार शाम वह घर से बाइक द्वारा अपने भाई को लेने के लिए कस्बा चौबेपुर आ रहा था। तभी पिपरी मोड़ के पास हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सी एच सी भेजा गया था, जहां हालत गंभीर देख कानपुर रेफर किया गया था। उपचार के दौरान मंगलवार को युवक की मौत हो गई। बताया गया है मृतक के घर में किसी समारोह की तैयारी चल रही थी। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना करने वाली गाड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।


अमन।

### उधार शराब न देने पर दबंगों ने दुकान संचालक को पीटा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के चौधरीपुर गांव में उधार शराब न देने पर दुकान संचालक के साथ मारपीट की गई। इस दौरान बचाव के लिए दौड़े कैंटीन संचालक को भी दबंगों ने जमकर पीटा। क्षेत्र के रामपुर किशोर गांव निवासी नीरज पुत्र मथुरा प्रसाद पाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि वह क्षेत्र के चौधरीपुर गांव स्थित देसी शराब दुकान का संचालन करता है। गत 9 मई को वह दुकान पर बैठा था। तभी दोपहर करीब 2:00 बजे हिंगूपुर, बिठूर निवासी नीरज, मुकेश निषाद दुकान पर आए और उधार शराब मांगी। मना करने पर गाली गलौज शुरू कर दी ।विरोध जताने पर नीरज, मुकेश व उनके चार अन्य अज्ञात साथियों ने उस पर लाठियां से हमला बोल दिया। बचाव के लिए दौड़े कैंटीन संचालक चौधरीपुर गांव निवासी रामगोपाल यादव को भी जमकर पीटा। जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### राजस्व टीम ने अवैध अतिक्रमण हटवाया

**मौदहा हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर में गांव के शिवबरन सिंह की ओर से अवैध अतिक्रमण करने पर राजाराम ने शिकायत की थी। तीन दिन पहले लेखपाल और कानूनगो के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पर्याप्त पुलिस बल न होने और प्रधान प्रतिनिधि द्वारा सहयोग नहीं करने के कारण कुछ नहीं हो सका था। मंगलवार को नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम ने अस्थायी अतिक्रमण हटाया।

### रुपये न देने पर पिता को डंडे से पीटा

**बिवांर हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बांधुर खुर्द गांव निवासी हिमांशु पुत्र राजेश सिंह अपने पिता से रुपयों की मांग कर रहा था। पिता के इनकार करने पर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर पिता को डंडे से जमकर पीटा, जिससे गंभीर चोटें आई है। बड़े भाई प्रभास ने बीचबचाव किया। बड़े भाई ने यूपी 112 नंबर में फोन कर बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आई है।

---

बहन की शादी में जनरेटर चलाने के लिए डीजल लेने महोबा आते समय हुआ हादसा

# खूनी रफ्तार: ट्रक ने छीन ली दो भाइयों की जिंदगी

- ट्रक की टक्कर से एक उछलकर दूर गिरा, दूसरा पहिया में फंसा
- हादसे के बाद जंगल में ट्रक छोड़कर भाग गया चालक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** खूनी रफ्तार ने न सिर्फ एक परिवार में शादी की खुशियां छीन लीं, बल्कि दो परिवारों का सहारा छीन लिया। महोबा-पसवारा मार्ग पर वन विभाग के जंगल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ममेरे भाइयों की मौके पर मौत हो गई। बाइक सवार चालक ट्रक के पहिया में फंस गया और फिर ट्रक उसके ऊपर से निकल गया, जबकि दूसरी उछलकर दूर जा गिरा। दो भाइयों की मौत से बहन की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश की सरहद पर बसे लवकुश नगर थाना क्षेत्र के प्रकाश बम्हौरी गांव में संतोष प्रजापति की बेटी कल्पना की सोमवार को शादी थी। शादी के दौरान जनरेटर के लिए डीजल की जरूरत पड़ने पर दुल्हन का भाई रामनरेश (22) और उसका ममेरा भाई नवान (19) रात में बाइक से डीजल लेने के लिए महोबा आ रहे थे, तभी पसवारा मार्ग पर पत्थर लेने जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी ।ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामनरेश उछलकर काफी दूर जाकर गिरा, जबकि नवाब ट्रक के पहियों के बीच फंस गया। इसके बावजूद चालक ने ट्रक रोकने के बजाय रफ्तार और बढ़ा दी, जिससे ट्रक नवाब के ऊपर से निकल गया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक जंगल में ट्रक को छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने परिवार वालों को जानकारी दी।


हादसे की सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग और पुलिस। अमृत विचार

### डोली उठने से पहले भाइयों की अर्थी उठी

घर में शादी की खुशियां छाई थीं। रस्में निभाई जा रही थीं। लोग दोनों के डीजल लेकर लौटने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच जब हादसे की सूचना पहुंची तो शादी वाले घर में चीख-पुकार मच गई। मंगलवार को बहन की डोली उठने से पहले दोनों भाइयों की अर्थी उठी। गमगीन माहौल के बीच दुल्हन को बाद में विदा किया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की।

---

# उधारी मांगने पर युवक को पीटा और फिर मारी गोली

- गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कबरई थाना क्षेत्र के रिवई गांव में एक युवक ने अपने रिश्तेदारों को उधार पैसा दिया था और जब पैसा मांगा तो देनदारों ने युवक को जमकर पीटा। बीच-बचाव करने पर दबंगों ने तमंचा निकालकर गोली चला दी, जो युवक को लग गई। गोली लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आनन फानन घायल को जिला अस्पताल लाए, जहां इलाज चल रहा है।

पुलिस को दी गई तहरीर में रिवई गांव निवासी राहुल गोस्वामी (26) ने बताया कि उसने अपने ममेरे भाई सचिन, मौसेरे भाई रचित और रिश्ते के मामा मुन्ना ने इलाज के लिए करीब ढाई लाख रुपये उधार लिए थे और जल्द ही लौटाने की बात कही थी। बताया कि कई बार पैसा मांगने पर आज कल देने की बात कहकर टहलाते रहे, जिस पर उनकी कहासुनी हो गई। बताया कि वह जब अपनी बाइक से कबरई की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे और पैसों के लेनेदन को रंजिश का रुप देते हुए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी और राहुल के सीने पर तमंचा तान दिया। राहुल ने खुद को बचाने के लिए संघर्ष किया, जिसके चलते गोली उनके हाथ में लग गई और वह घायल हो गया।

युवक के गोली लगते हुए हमलावर मौके से फरार हो गए। इसी बीच घायल के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आनन फानन में एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने घायल को भर्ती कर उपचार शुरू किया। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने आरोपियों को इलाज के लिए ढाई लाख रुपए उधार दिए थे। जब उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई वापस मांगी, तो रिश्तेदारों ने दुश्मनी पर उतरकर यह हमला किया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उसने पहले भी कबरई थाने में तहरीर देकर शिकायत की, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर घटना की जांच करने में लगी हुई है।

### मारपीट में घायल की अस्पताल में मौत

**महोबा।** चरखारी की कांशीराम कालोनी में जन्मदिन पार्टी में बज रहे डीजे की आवाज को धीमा किए जाने को लेकर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों की मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें गृहस्वामी की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर किया गया, जिसकी इलाज दौरान मौत हो गई। चरखारी थाना क्षेत्र में कुछ दबंग जाहिद के घर के सामने जन्मदिन के बहाने डीजे बजाकर शराब पीकर हुड़दंग कर रहे थे। जब पीड़ित परिवार ने शोरशराबे और गालीगलौज का विरोध किया, तो दबंगों ने परिवार के आधा दर्जन लोगों पर हमला कर दिया। महिलाओं और बेटियों के साथ अभद्रता करने लगे जब जाहिद अपनी बेटियों को बचाने आए, तो उन्हें बेरहमी से मारपीट कर बेहोश कर भग गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर जाहिद को मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

---

# सहभागिता योजना में बढ़ाया हाथ एक हजार मवेशियों को मिला ठौर

- जिले के साढ़े आठ सौ पशुपालकों ने दिखाई दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** अन्ना मवेशियों को लेकर संचालित सहभागिता योजना से जिले में निराश्रित गोवंश को बड़ा सहारा मिला है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध बरनवाल ने बताया कि निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित स्थान देने के लिए प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री निराश्रित व बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना संचालित हो रही है। योजना के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 1,042 निराश्रित गोवंशों को पशुपालकों के सुपुर्द कर उन्हें संरक्षित किया गया है। योजना के तहत सरकार पशुपालकों को प्रति गोवंश 1500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेज रही है। जिले के 867 पशुपालकों ने आगे बढ़कर इन निराश्रित पशुओं को अपनाया है। नियमों के मुताबिक, एक लाभार्थी अधिकतम चार गोवंश अपने पास रख सकता है। इससे न केवल सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को छत मिली है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है ।उन्होंने बताया कि योजना का लाभ जिले के सुदूर गांवों तक पहुंच रहा है। पुखरायां के निवासी प्रताप सिंह ने गोवंश पाले हैं। उनका कहना है कि सरकार की इस योजना से हमें बेसहारा पशुओं की सेवा करने का मौका मिला है। समय पर पैसा मिलने से इनके चारे-पानी की व्यवस्था आसानी से हो जाती है। इसी तरह, वहीं, नंदपुर गांव के लाभार्थी गोरे लाल का कहना है, योजना हम जैसे छोटे पशुपालकों के लिए बहुत मददगार है। इससे न केवल गोवंश का संरक्षण हो रहा है, बल्कि हमें आर्थिक सहारा भी मिल रहा है। सीवीओ ने बताया कि योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी लगातार पशुपालकों के संपर्क में हैं ।

### श्रद्धालुओं को बांटा गया शर्बत

**रनियां।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार को रनियां क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना कर लोगों ने माथा टेका। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने राहगीरों को शर्बत बांट उन्हें शीतलता का अहसास कराया।

सुबह से ही मंदिरों में दर्शन पूजन का दौर शुरू हो गया, तो वहीं दोपहर होते-होते स्थानीय लोगों खासकर युवाओं में सेवा का भाव नजर आने लगा। बाबा के भक्त सूरज की तपिश में स्टाल लगाकर खड़े नजर आए और राहगीरों को रोक रोककर ठंडा शर्बत पिलाया। शर्बत पीकर तृप्त हुए राहगीरों के चेहरे पर सुकून साफ नजर आ रहा था और वे आयोजकों का आभार जताते दिखे। राहगीरों ने आयोजकों की जमकर प्रशंसा की।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण को लेकर लगेंगे शिविर

**कानपुर देहात।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण की योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों में कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र आदि के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इसके साथ, कुष्ठ रोगियों हेतु किट, मानसिक रोगियों हेतु किट एवं श्रवण यंत्र, राज्य निधि योजना, दिव्यांग दुकान निर्माण व संचालन योजना, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन योजना तथा दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। 16 मई मैथा तहसील, 19 मई को डेरापुर ब्लाक, 20 मई ब्लाक मलासा, 22 मई ब्लाक सरवनखेडा, 23 मई ब्लाक राजपुर, 26 मई ब्लाक अमरौधा, 29 मई ब्लाक झींझक, दो जून ब्लाक अकबरपुर, तीन जून ब्लाक संदलपुर और 6 जून तहसील परिसर रसूलाबाद में शिविर का आयोजन होगा। सीएमओ, समस्त एसडीएम, डीएसओ, बीडीओ, बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ आदि को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप कर कैंप को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराएं।

### राजमिस्त्री ने फंदा लगा दी जान

**पौथिया (हमीरपुर)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर गांव में राजमिस्त्री ने सोमवार की रात कमरे में पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कलौलीतीर गांव निवासी राकेश प्रजापति (36) पेशे से राजमिस्त्री का काम करता था। पिता रामस्वरूप ने बताया वर्तमान समय में हमीरपुर पुलिस अधीक्षक के बन रहे बंगले में काम करता था। सोमवार को शाम को काम से घर आया और मुर्गा बनाकर पति-पत्नी दोनों ने अच्छे से खाना खाया। इसके बाद छत के ऊपर वाले कमरे में सोने चला गया। पत्नी सुधा अपनी सास और लड़का रिषभ , आदर्श के साथ आंगन में सो गई। सुबह पत्नी ने जाकर कमरे में देखा तो साड़ी के फंदे में उसका शव लटक रहा था।

---

# महिला ने मनचले को बीच सड़क चप्पल से पीटा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर क़स्बा क्षेत्र में जीटी रोड पर एक युवक ने मां के साथ जा रही किशोरी से छेड़खानी कर दी । यह देखकर महिला ने साहस का परिचय देते हुए। युवक को पकड़ लिया और बीच सड़क उसकी चप्पलों से जमकर पिटाई भी कर दी। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

मंगलवार शाम बिल्हौर में जीटी रोड किनारे एक मां और उसकी बेटी पैदल जा रही थीं। वे बिल्हौर इंटर कॉलेज के पास पहुंचीं, तभी एक युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दी। यह देखकर महिला आक्रोशित हो गई और उसने मनचले को पकड़ लिया और उसे जमीन पर गिरा कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इतना ही नहीं महिला ने उसे जमकर चप्पलों से पीटा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पिटाई के दौरान महिला ने चिल्लाते हुए कहा, "महिला देखकर कमजोर समझ लिया । मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मारपीट के समय राहगीरों और दुकानदारों की भारी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन किसी ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की। वहीं मारपीट के दौरान मौका पाकर युवक भाग निकला। लोगों का कहना है कि युवक नशे की हालत में लग रहा था, फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद मां-बेटी भी वहां से चली गईं ।बिल्हौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के माध्यम से उन्हें इस घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुज दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्टाफ नर्सों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुज दीक्षित ने सभी स्टाफ नर्सों को नर्सिंग डे की शुभकामनाएं दीं और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था में नर्सों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। मरीजों की देखरेख, उपचार और आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।


नर्सों को मिठाई खिलाते डॉक्टर। अमृत विचार

डॉ. दीक्षित ने आगे कहा कि नर्सिंग स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करता है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाती हैं। कोविड काल जैसी विभिन्न स्वास्थ्य आपदाओं के दौरान नर्सिंग स्टाफ द्वारा किए गए कार्यों को समाज के लिए अनुकरणीय बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी नर्सिंग स्टाफ को स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न अंग बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्टाफ नर्स अलका विश्नोई, दिव्या यादव, मिथिलेश कुमारी, डॉक्टर विकास यादव, डॉ. आकांक्षा, डॉ. मीनू, संजीव वर्मा, प्रवीण कुमार और नितिन त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रक नाले में पलटा, हादसा बचा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तातियायागंज गांव के सामने हाईवे की सर्विस लेन पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे नाले में जा पलटा ।घटना के समय मार्ग पर कई लोग टहल रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाले में पड़े ट्रक को बाहर निकलवा ।



हादसे के बाद पलटा पड़ा ट्रक।

मालूम हो कि मंगलवार सुबह बिल्हौर से कानपुर की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक तातियागंज गांव के सामने हाईवे की सर्विस रोड पर अचानक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर को तोड़ते हुए मार्ग किनारे नाले में पलट गया। घटना के वक्त ट्रक पर केवल उसका चालक ही था, जिसने किसी तरह गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। बताया गया है कि सुबह तड़के हुई घटना के दौरान आसपास कई लोग टहल रहे थे। ट्रक को अनियंत्रित देख लोगों ने भाग कर किसी तरह से खुद को बचाया। तेज धमाका सुन ग्रामीणों में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नाले में पलटे ट्रक को क्रेन से बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

---

सुरक्षा का भरोसा | रनियां पड़ाव से लेकर चिटिकपुर चौराहे तक भारी पुलिस बल के साथ की गश्त

# रनियां में सड़क पर उतरीं पुलिस कप्तान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस कप्तान श्रद्धा नरेंद्र पांडेय मंगलवार की शाम रनियां पहुंची और कस्बे की सड़कों पर पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इसके बाद थाने का निरीक्षण कर अभिलेख व सफाई व्यवस्था देखी।

मंगलवार की शाम रनियां पहुंचीं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने रनियां पड़ाव से लेकर चिटिकपुर चौराहे तक भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह रुक कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर कोई भी समस्या हो तो पुलिस को तत्काल अवगत कराएं इससे समस्या का अतिशीघ्र निस्तारण किया जा सके। उन्होंने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम को हाईवे पर लगने वाली अवैध पार्किंग पर नियंत्रण करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि यहां हाईवे पर अतिक्रमण बड़ी समस्या है और इससे रोजाना, सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है। अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखने व फरियाद लेकर थाने पहुंचने वालों के साथ अच्छी तरह पेश आते हुए उनकी समस्याएं जल्द निस्तारण की बात कही। इस दौरान एएसपी आलोक प्रसाद, सीओ सदर संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


रनियां में पैदल गश्त करतीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय व अन्य पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### वकील अरुण मिश्रा को मातृ शोक

**कानपुर देहात।** मंगलवार को अधिवक्ता समिति अकबरपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा की माता जी जयंती मिश्रा का स्वर्गवास हो गया। वह 84 वर्ष की थीं। हाल के दिनों से वह अस्वस्थ चल रहीं थीं। मंगलवार की सुबह उनका निधन हुआ। उनके निधन की सूचना मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त अशोक कुमार मिश्रा, अरूण मिश्रा और अनिल मिश्रा को सांत्वना प्रदान की। दोपहर को अधिवक्ता समिति ने शोकसभा की। अध्यक्ष बिपिन चंद्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता इसमें शामिल हुए। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित अधिवक्ताओं ने इसे अरूण मिश्रा परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

# रसूलाबाद में व्यापारी नेता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सुब्रत पाठक

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** व्यापारी नेता के निधन की सूचना पर कन्नौज के पूर्व सांसद ने दिवंगत विजय मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी ।

कस्बा रसूलाबाद निवासी उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा नेता विजय मिश्रा उर्फ बउवन का गत रविवार को आकस्मिक निधन हो गया था । मंगलवार को कन्नौज लोकसभा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ,रसूलाबाद की पूर्व विधायक निर्मला संखवार, कमलेश दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि किशन द्विवेदी उर्फ छुन्नी दुबे, झींझक नगर पंचायत अध्यक्ष अमित तिवारी सोनू, देवशरण कमल, जीतू त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह ऋषि ,जगदेव कुरील ,प्रधान संघ के नेता कमल नारायण मिश्रा, अरुण दुबे अन्य भाजपा नेता समेत कई समाजसेवी व प्रतिनिधियों ने दिवंगत के आवास पर पहुंचकर स्वर्गीय विजय मिश्रा के चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिवंगत भाजपा नेता विजय मिश्रा के इकलौते पुत्र देवांश मिश्रा, पिता शिवनारायण मिश्रा (मुनुवा मिश्रा ), चचेरे भाई संजय मिश्रा, अजय मिश्रा आदि परिजनों से मिलकर सांत्वना व्यक्त करते हुए हर समय मदद के लिए उपलब्ध रहने का आश्वासन दिया। दिवंगत व्यापारी नेता लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे। रविवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया था।


व्यापारी नेता के घर मौजूद पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व अन्य लोग। अमृत विचार

**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- पुलिस मुठभेड़ में कारोबारी का हत्यारोपी पकड़ा-VI
- कहां खो गई क्रीडा की फाइल -VII
- डॉक्टरों-मरीजों के बीच की आवश्यक कड़ी नर्स -VIII



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# उर्सला में 22 डॉक्टर समेत 32 कर्मी नदारद, दो दलाल पकड़े

## डीएम ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की खुली पोल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे अचानक उर्सला अस्पताल पहुंचे तो उनको 22 डॉक्टर समेत 32 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। अस्पताल में दो दलाल मरीजों को बरगलाते हुए मिले। सीएमएस डॉ.बीसी पाल सुबह नौ बजकर 40 मिनट पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी का एक दिन का वेतन रोका।

अस्पताल में सैकड़ों मरीज इलाज की आस में प्रतीक्षा करते मिले। जिलाधिकारी ने मौके पर पाया कि सीएमएस द्वारा उपस्थिति पंजिकाओं का नियमित अवलोकन नहीं किया जा रहा है। मई माह में एक बार भी पंजिकाओं का परीक्षण कर हस्ताक्षर नहीं किए गए। अस्थि रोग ओपीडी में डॉ.एसके राजपूत के नहीं मिलने पर तत्काल वैकल्पिक डॉक्टर की व्यवस्था कराने व पूरे मामले की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सर्जन डॉ.प्रशांत मिश्रा ड्यूटी पर नहीं थे, जबकि उपस्थिति पंजिका में उनके हस्ताक्षर मिले। जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि डॉ.प्रशांत मिश्रा का वेतन अनुमति के बाद ही आहरित किया जाए। बाल रोग विभाग की ओपीडी में डॉ.राहुल वर्मा और डॉ. आरसी यादव भी अनुपस्थित मिले। उन्होंने सीएमएस को प्रतिदिन ओपीडी का निरीक्षण करने व किसी डॉक्टर की अनुपस्थिति की स्थिति में तत्काल दूसरे चिकित्सक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**कोई भी दवा बाहर की न लिखी जाए :** जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों को यथासंभव अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही लिखी जाएं। यदि कोई दवा उपलब्ध न हो तो जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध दवाओं को प्राथमिकता दी जाए। अगर बाहर की दवा कोई भी डॉक्टर लिखता है तो सीएमएस द्वारा उनपर कार्यवाही की जाए।



उर्सला अस्पताल में मरीजों से पूछताछ करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह।

### अस्पताल में पकड़े गए दो संदिग्ध

- जिलाधिकारी ने उर्सला अस्पताल में दो संदिग्ध व्यक्तियों को मरीजों को गुमराह करते हुए पकड़ा। पकड़े गए दोनों लोग ने अपना नाम नर्वल तहसील के ग्राम महोली निवासी विवेक तिवारी व चमनगंज निवासी हैदर अली बताया। इनकी जांच की जा रही है।

### ये डॉक्टर व कर्मी रहे अनुपस्थित

अनुपस्थित चिकित्सकों में डॉ.राज किशोर, डॉ. एके कनौजिया, डॉ. आरसी यादव, डॉ. अरुण प्रकाश, डॉ. अशोक कुमार, डॉ.आरके अग्रवाल, डॉ.राजकुमार सिंह, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.राहुल वर्मा, डॉ.विजय कुमार सिंह, डॉ.प्रीति मेहता, डॉ.महेश कुमार शामिल रहे। पैरामेडिकल स्टॉफ में नीलू, दयाशंकर, रजनीश और अमित सोनकर अनुपस्थित मिले। संविदा कर्मचारियों में डॉ.फैजल नफीज, डॉ.अपूर्व गुप्ता, डॉ.गीता पोरवाल, डॉ. बीके सिंह, डॉ.आरपी गुप्ता, डॉ. अरुणेश सिंह, डॉ.बृजेन्द्र कुमार शुक्ला, डॉ.सूरज शिवहरे, डॉ.अल्तमश खान, डॉ.अवधेश कुमार, अरविंद कुमार, जीनत हाशमी, नाजिया निजाम, अल्का पाण्डेय, अखण्ड प्रताप सिंह व बृजेन्द्र कुमार अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी का एक दिन का वेतन रोका।

# हलवाई के खाते में 3.25 करोड़ रुपये आए तो साइबर ठगों का रैकेट खुला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी पुलिस ने साइबर शातिरों को म्यूल खाता उपलब्ध कराने में हलवाई समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हलवाई के खाते में कई राज्यों में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के 3.25 करोड़ आए थे। साइबर शातिरों ने आठ राज्यों से करीब 10 करोड़ की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार आरोपी बैंक कर्मचारियों से साठगांठ कर म्यूल खाता खुलवाता था। बैंक कर्मचारियों को गुजरात पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की शिकायत पर पनकी पुलिस ने पनकी पड़ाव के पनका बहादुरनगर निवासी जगदीश चंद्र गुप्ता को उसके घर से गिरफ्तार किया। शातिर सीबीआई व सीआईडी अफसर बनकर पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे रकम वसूलते थे। यह रकम पकड़े गए आरोपियों के खातों में भेजी गई थी। उसी आधार पर पुलिस ने पहले जगदीश को अरेस्ट किया, फिर उसकी निशानदेही पर गुमटी नंबर पांच ओम नगर निवासी रोहित भसीन को पकड़ा। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि जगदीश ने कहा कि उसके खाते में डोनेशन की रकम रोहित ने डलवाई थी। आरोपियों के खातों में 10 करोड़ रुपये ठगी का ट्रांजेक्शन मिला है। आरोपियों के म्यूल खातों के खिलाफ तेलंगाना के कमरेडी, गुजरात के गांधीनगर, साउथ गोवा, आंध्र प्रदेश के चिलाकुलुरिपेट टॉउन व विशाखापत्तनम, बेंगलुरू के सेंट्रल क्राइम थाना, मुंबई में शिकायतें दर्ज हैं। रोहित भसीन नोएडा के सेक्टर अल्फा वन स्थित आईसीआईसीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर धीरज सिंह, असिस्टेंट मैनेजर मुकुल वर्मा व धीरज तिवारी से साठगांठ कर म्यूल खाता खुलवाता था। बैंक कर्मचारियों को गुजरात पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी रोहित ब्रांच मैनेजर की मदद से ट्रांजेक्शन लिमिट बढ़वाता था। आरोपियों के पास से 16 मोबाइल नंबर मिले है, प्रत्येक मोबाइल नंबर पर से से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।



पकड़े गए साइबर ठग। अमृत विचार

### एनसीआरबी पर बार-बार एक खाते की शिकायत

- डीसीपी के अनुसार एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो) पर काफी समय से आईसीआईसीआई बैंक के एक खाते की बार-बार शिकायत आ रही थी। समन्वय पोर्टल पर खाते की जांच की गई तो संदिग्ध म्यूल खाते में 3.25 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन पाया गया। जांच में सामने आया कि खाते के खिलाफ कई राज्यों से आठ शिकायत दर्ज है। खाते में आंध्र प्रदेश में डिजिटल अरेस्ट कर 44.93 लाख, हरियाणा के सोनीपत से 19.80 लाख, गोवा जिले से 42.60 लाख, गुजरात से 99 लाख, कर्नाटक से 6.54 लाख, महाराष्ट्र की पुणे सिटी से 31.60 व 20.20 लाख, तेलंगाना से 46.70 लाख की ठगी की रकम भेजी गई थी।

## शहर में आज

- **सत्संग :** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य तिथि पर संत निरंकारी सत्संग भवन गोविंद नगर में सत्संग सायं 6 बजे से।
- **ज्ञापन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सपा द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के वोरिध में भाजपा कानपुर महानगर द्वारा राज्यपाल को संबोधित डीएम को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए नगर निगम नहीं जिम्मेदार

**कानपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने स्थायी लोक अदालत में परिवाद दाखिल किया है, जिसमे प्रतिवादी कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त व जलकल महाप्रबंधक को बनाया गया है। नगर आयुक्त अब तक की सुनवाइयों में गैर हाजिर थे। चार मई को अदालत ने उन्हें हाजिर होने की चेतावनी दी थी। अब हुई सुनवाई में नगर निगम ने अपना जवाब दाखिल कर कहा कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जलकल विभाग जिम्मेदार है, नगर निगम से इसका कोई मतलब नहीं है। एडवोकेट प्रवीण फाइटर ने कहा कि नगर आयुक्त अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। अगली सुनवाई 25 मई का होगी। बता दें कि शहर में कई जगहों पर दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है, जिसके संबंध में महामंत्री एडवोकेट प्रवीण फाइटर ने परिवाद दाखिल किया है।

### खून की उल्टी के बाद युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**कानपुर।** दबौली में युवक को खून की उल्टियां होने के बाद संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बेड पर युवक को मृत पड़ा देख किरायेदार ने पुलिस के साथ परिजनों को खबर दी। पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने मना कर दिया। गोविंदनगर थाना क्षेत्र के दबौली निवासी स्व. प्रभाकर द्विवेदी का 30 वर्षीय एकलौता बेटा वैभव उर्फ शिवम प्राइवेट नौकरी करता था और अकेला रहता था। वैभव की दो शादीशुदा बहनें पूजा व दीपा नोएडा में हैं। उसकी मां बड़ी बेटी पूजा के साथ रहती हैं। यहां तीन मंजिला मकान में वैभव दूसरे खंड पर अकेला रहता था, बाकी कमरों में किरायेदार रहते हैं। किरायेदार मनोज दिवाकर के अनुसार मंगलवार सुबह बेटी ने करीब सात बजे वैभव को बेड पर बेदम पड़ा देखा। वैभव के मुंह से खून निकल रहा था। उसने भागकर परिजनों को बताया। पड़ोसियों के साथ पुलिस व वैभव के परिजनों को खबर दी गई। पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

# कानून-व्यवस्था की रैंकिंग में कानपुर का 52वां स्थान

लचर प्रदर्शन

- लिस्ट में रामपुर पहले तो अलीगढ़ सबसे निचले पायदान पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कमांड सेंटर ने इस वित्तीय वर्ष की पहली रैंकिंग जारी की है। अप्रैल के लिए प्रदेश स्तरीय लॉ एंड ऑर्डर रैंकिंग की जारी लिस्ट में दर्पण पोर्टल के माध्यम से सभी 75 जिलों के कानून-व्यवस्था प्रदर्शन का मूल्यांकन 10 अंकों के पैमाने पर किया गया है। कानपुर नगर को 6.98 अंक मिले और वह लिस्ट में 52वें स्थान पर पहुंच गया।

ताजा रैंकिंग में इस बार रामपुर जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। रामपुर को 10 में से 8.75 अंक प्राप्त हुए, जो 87.50 प्रतिशत के बराबर है। दूसरे स्थान पर जालौन रहा, जिसे 8.32 अंक मिले, जबकि वाराणसी 8.16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सोनभद्र और बस्ती ने क्रमशः 8.14 और 8.13 अंक हासिल कर शीर्ष पांच जिलों में जगह बनाई है। रैंकिंग में कई बड़े और महत्वपूर्ण जिले उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। पहले पांच रैंक में बड़े जिलों में एक मात्र केवल वाराणसी ही है। राजधानी लखनऊ 7.26 अंकों के साथ 32वें स्थान पर है।

गाजियाबाद की स्थिति और खराब रही, जिसे केवल 6.20 अंक प्राप्त हुए और वह 71वें स्थान पर रहा। रैंकिंग के निचले पायदान पर अलीगढ़ रहा, जिसे मात्र 5.57 अंक मिले और वह 75वें स्थान पर पहुंच गया। इसके अलावा बहराइच 6.11 अंकों के साथ 74वें, गोण्डा 6.18 अंकों के साथ 73वें तथा खीरी 6.19 अंकों के साथ 72वें स्थान पर रहे।

### नये वित्तीय वर्ष में कानपुर में घटनाएं

- नौबस्ता थाना क्षेत्र के किदवई नगर में 19 अप्रैल को एक पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों की गला रेतकर हत्या कर दी।
- 09 मई को युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। मामला फीलखाना थाना क्षेत्र का है।
- 25 अप्रैल को केशवपुरम में सेवानिवृत प्रवक्ता की पत्नी की लूट के विरोध पर हत्या कर दी गई।
- बिल्हौर में 6 मई को लापता हुई किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# ऊंचे ब्रेकर पर उछली स्कूटी, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आनंदपुरी में करीब एक फीट ऊंचे ब्रेकर पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में एक फीट ऊंचे ब्रेकर ने महिला की जान ले ली। ब्रेकर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी से उछलकर गिरी महिला के सिर में गंभीर चोट आई। हैलट आईसीयू में इलाज के दौरान सोमवार देर रात महिला की मौत हो गई।

हरवंश मोहाल के दानाखोरी निवासी प्रेमराज गुप्ता प्रेशर कुकर मरम्मत का काम करते हैं। परिवार में दो बेटे यश व आयुष और 46 वर्षीय पत्नी सुप्रिया थीं। बेटे यश ने बताया कि नौबस्ता निवासी उनकी मौसी कंचन के यहां 18 अप्रैल को बच्चे का बरहौं संस्कार था। जिसमें शामिल होने के लिए मां छोटे भाई आयुष के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से जा रही थीं।

बाबूपुरवा स्थित आनंदपुरी के पास सड़क पर ऊंचे ब्रेकर पर स्कूटी उछली तो पीछे बैठी मां उछलकर सिर के बल गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें हैलट आईसीयू में भर्ती कराया, जहां सिर का ऑपरेशन हुआ।सोमवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार सड़क पर एक फिट ऊंचा ब्रेकर एकदम खड़ा बनाया गया है। स्कूटी की गति बहुत धीमी होने के बावजूद तेज उछला थी। जिससे वह संभल नहीं सकी और सिर के बल सड़क पर गिरी। सिर में गिट्टी धंसने से दो दिन तक खून नहीं रुका। परिजनों ने ऐसे ब्रेकर को लेकर नाराजगी जताई है।

सुप्रिया के परिजनों ने कहा कि आसपास के लोगों ने बताया कि इस ब्रेकर पर आएदिन हादसे होते हैं। लोग वाहन समेत लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। भारी वाहनों के लिए बनाया गया ब्रेकर दुपहिया वाहनों के लिए बहुत घातक है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


## कैंडल मार्च निकालकर जताया आक्रोश




होजरी व्यापारी व व्यापार मंडल सदस्य विजय चौरसिया की हत्या के विरोध में मंगलवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल शिवाला व्यापार मंडल, क्षेत्रीय नागरिकों, व्यापारियों और परिजनों ने कैंडल मार्च निकाला। विजय चौरसिया की पत्नी ने हाथों में उनका चित्र लेकर इंसाफ की मांग की। कैंडल मार्च सिरकी मोहाल से शुरू होकर बड़ा चौराहा तक पहुंचा। रामेश्वर गुप्ता, सुरेश गुप्ता, कृपाशंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, निर्मल त्रिपाठी, पवन गुप्ता, पवन दुबे, अमित दोसर, सीताराम गुप्ता, विजय रुद्रा, राजू त्रिवेदी, केबी सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। अमृत विचार

## जिंदगी से खिलवाड़



जरा इन बच्चों को देखिए, अपनी जान जोखिम में डालकर ऑटो में खेल समझकर लटके हुए हैं। उनको पता नहीं कि इस खेल में जान भी जा सकती है। इन बच्चों को न तो ऑटो चालक रोक रहा है और न ही कोई राहगीर। -मनोज तिवारी

# 30 मई तक फ्री कोचिंग के लिए आवेदन करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाकर उनके सपनों को लगातार उड़ान दे रही है। इसके लिए 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' के तहत शहर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क कोचिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस योजना का सीधा लाभ उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मिलेगा जो आर्थिक तंगी के कारण महंगे कोचिंग संस्थानों की फीस वहन नहीं कर पाते हैं। योजना में यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

### जरूरी दस्तावेज

- पूरी तरह भरा हुआ आवेदन पत्र।
- दो पासपोर्ट साइज फोटो।
- आधार कार्ड की फोटोकॉपी।
- अभिभावक का आय प्रमाण पत्र।
- शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी।

### कैसे कर सकते आवेदन

- अभ्यर्थी विकास भवन के कमरा संख्या-23 (कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी) से किसी भी कार्य दिवस में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 30 मई है।

### कहां किस परीक्षा की तैयारी

- **यूपीएससी/यूपीपीएससी :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय।
- **एसएससी :** डीबीएस कॉलेज, गोविन्द नगर) और राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी शिवराजपुर।
- **जेईई/नीट :** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, कल्याणपुर।

### कौन कर सकता आवेदन

- **यूपीएससी/यूपीपीएससी :** स्नातक उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र।
- **एसएससी :** इंटरमीडिएट उत्तीर्ण युवा।
- **जेईई/नीट :** इंटरमीडिएट में पढ़ रहे या उत्तीर्ण छात्र।



मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रदेश सरकार की अत्यंत दूरदर्शी पहल है। हमारा उद्देश्य है कि जिले का कोई भी मेधावी छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में बेहतरीन शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह कोचिंग संचालित की जाएगी।

– जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी।

नई पहल | कानपुर होकर चलेंगी ट्रेनें, यात्री ले सकते हैं इनका लाभ

# गर्मी की छुट्टियों में घूमने जाने के लिए चलाईं कई विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सात से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है ताकि यात्रियों को आसानी से आरक्षण मिल जाए।

गाड़ी संख्या 05757 नई दिल्ली से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए 25 मई सोमवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 05758 न्यू जलपाईगुड़ी से नई दिल्ली के लिए 22 मई शुक्रवार को ये विशेष ट्रेन चलेगी।

05758 न्यू जलपाईगुड़ी से दोपहर 3.10 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल स्टेशन सायं 5.35 बजे, नई दिल्ली रात 3 बजे पहुंचेगी। 05757 नई दिल्ली से रात 1.15 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल प्रातः 8.35 बजे न्यू जलपाईगुड़ी प्रातः 8.30 बजे पहुंचेगी।

**न्यू जलपाईगुड़ी से आनंद विहार टर्मिनल :** गाड़ी 05760 न्यू जलपाईगुड़ी से शुक्रवार 22 मई को दोपहर 12.15 बजे चलेगी। गोविंदपुरी दोपहर 12.25 बजे पहुंचेगी। गाड़ी 05759 आनंद विहार से 25 मई सोमवार को रात 2.40 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 8.45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी प्रातः 7.15 बजे पहुंचेगी।

**अगरतला-आनन्द विहार टर्मिनलः** गाड़ी संख्या 05664 अगरतल्ला से 20 मई को दोपहर 3 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी दोपहर 12.45 बजे, आनंद विहार रात 00.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी 05663 आनंद विहार से 25 मई को रात 3 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 9.20 बजे अगरतला प्रातः 8 बजे पहुंचेगी।

### असम के सिलचर स्टेशन से दिल्ली

- गाड़ी संख्या 05666 सिलचर से 21 मई गुरुवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 05665 दिल्ली से सोमवार 25 मई को चलेगी। गाड़ी संख्या 05666 सिलचर से रात 8.30 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी दोपहर 3.20 बजे, दिल्ली रात 00.50 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05665 दिल्ली से रात 2.45 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 8.55 बजे, सिलचर भोर 4.45 बजे पहुंचेगी।

### न्यू तिनसुकिया- नई दिल्ली विशेष ट्रेन

- गाड़ी संख्या 05924 न्यू तिनसुकिया से गुरुवार 21 मई को दोपहर 12 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 8.40 बजे, नई दिल्ली रात 8.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05923 नई दिल्ली से 25 मई को रात 2.50 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 9.10 बजे न्यू तिनसुकिया भोर 4 बजे पहुंचेगी।




### डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन

- गाड़ी संख्या 05926 डिब्रूगढ़ से 21 मई गुरुवार को सायं 6 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी दोपहर 3.50 बजे एवं नई दिल्ली रात 1.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05925 नई दिल्ली से 25 मई सोमवार को रात 3.10 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 9.30 बजे डिब्रूगढ़ रात 00.15 बजे पहुंचेगी।

## सिटी ब्रीफ

### पत्नी-बच्चों को पीटने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** सचेंडी में पति की पिटाई से महिला घर से कहीं चली गई। कई घंटे बाद लौटी तो पति को फंदे पर लटका पाया। गणेशीपुरवा इटारा निवासी 35 वर्षीय हरिशचंद्र खेती-किसान के साथ मजदूरी करता था। परिवार में पतनी सुमित्रा, दो बच्चे अनीस व अंजली हैं। छोटे भाई भोला ने बताया कि शराब का लती होने के कारण हरिशचंद्र आएदिन घर में मारपीट करता था। सोमवार शाम को भी शराब पीकर आया और बच्चों को पीटने लगा। उसकी पत्नी ने बीच-बचाव कराना चाहा तो उसे भी जमकर पीट दिया। इस पर सुमित्रा बच्चों को लेकर घर से चली गई। दो-तीन घंटे बाद घर लौटी तो पति को फंदे पर लटका पाया। शव फंदे से उतरवाकर जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

### मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार

**कानपुर।** हनुमंत विहार में गुलमोहर स्कूल के पास पैदल जा रहे युवक का मोबाइल छीनकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। केशवनगर डब्लू ब्लॉक निवासी विनायक पांडेय के अनुसार वह चार मई की रात करीब साढ़े नौ बजे घर जा रहे थे। तभी गुलमोहर स्कूल के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और उनके हाथ में पकड़ा मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### दबंगों ने मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा के सुक्खापुरवा में पड़ोस में बैठी महिला आशा देवी और उसकी बेटी को मुस्सू, नन्नू, गुनगुन व हरिओम ने गाली-गलौज करने के बाद पीट दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को केपीएम अस्पताल भेजा। हालत नाजुक होने पर उसे उर्सला रेफर किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### पनकी नहर में युवक ने लगाई छलांग, मौत

**कल्याणपुर।** पनकी नहर में सोमवार देर शाम लगभग 35 वर्षीय युवक ने छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से युवक की तलाश शुरू की। मंगलवार को युवक का शव गोविंदनगर के नौरैया खेड़ा नहर में उतराता मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएम ग्रिड से बन रही सड़कों की धूल से परेशानी

**कानपुर।** शहर में कई जगह सीएम ग्रिड योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे धूल उड़ रही है। गर्मी में धूल के कारण राहगीरों को दिक्कत होती है। उधर नगर निगम के गाड़ियों ने पानी के फुव्वारे छोड़े तो लोगों को राहत मिली।

### गीतानगर में शर्बत वितरण से लगा जाम

**कानपुर।** गीतानगर क्रासिंग की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर मंगलवार को जाम की स्थिति बन गई। दोपहर 12 बजे के करीब एक संस्था की ओर से गर्मी को देखते हुए शर्बत वितरण किया जा रहा था। उसी समय इलाके के ही एक स्कूल की छुट्टी हो गई। छात्रों ने शर्बत पीने के लिए अपनी साइकिलें रोड पर ही खड़ी कर दी। जिससे जाम लगने लगा। साइकिल सवार राहगीरों ने भी भीड़ लगा ली। आसपास के दुकानदारों ने सबको टोका इसके बाद चार पहिया वालों को रास्ता दिया गया।

### शराब पीने का विरोध करने पर काटी उंगली

**कल्याणपुर।** दीनदयाल पुरम नौबस्ता निवासी रानी देवी के अनुसार उनकी बेटी अर्पणा सोनी की शादी दिसंबर 2021 में आवास विकास तीन निवासी शिवाय वर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि शिवाय गांजा व शराब का लती है। दूसरी महिला से संबंध होने के चलते शिवाय उनकी बेटी अर्पणा के साथ आएदिन मारपीट करता है। बीते नौ मई की देर रात शिवाय शराब के नशे में घर पहुंचा। अर्पणा के विरोध करने पर उसे बेरहमी से पीटा व हाथ की उंगली को दांतों से चबा लिया। जानकारी पर मायके पक्ष ने विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें भी धमकी दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# एनडीआरएफ जवान से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लाट पर निर्माण कराने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

**अमृत विचार।** नौबस्ता में एनडीआरएफ में तैनात जवान के प्लाट पर कब्जा कर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि दबंगों ने प्लाट की बाउंड्री गिराकर मलबा उठा लिया और निर्माण कराने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। डीसीपी साउथ से शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

योगेंद्र विहार निवासी अरुण कुमार गृह मंत्रालय के अधीन एनडीआरएफ मुख्यालय दिल्ली में आरक्षक पद पर तैनात हैं। अरुण के अनुसार उन्होंने वर्ष 2018 में नौबस्ता लालपुर निवासी बृजेंद्र यादव से 102 वर्गगज का प्लाट खरीदा था। दो साल बाद खतौनी में उनका नाम दर्ज हो गया। नौकरी के चलते अधिकतर बाहर रहने का फायदा उठाकर बिधनू परसौली निवासी सुल्खे, उसका बेटा बालक, राजेंद्र प्रसाद और कुछ अज्ञात लोगों ने प्लाट की बाउंड्री गिरा दी और मलबा उठा ले गए। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और विरोध जताया, तो आरोपितों ने प्लाट पर काम कराने के एवज में पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर दोबारा प्लाट पर आने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तिलक लगाने पर शिक्षिका ने छात्र को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने लगाया धर्म के आधार पर प्रताड़ना का आरोप



**अमृत विचार।** नौबस्ता में एक स्कूल में माथे पर तिलक लगाकर पहुंचे कक्षा छह के छात्र को शिक्षिका ने पीटा तो मामले ने तूल पकड़ लिया। छात्र के परिजनों ने शिक्षिका पर तिलक लगाने पर प्रताड़ित करने व तमाचा मारने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस पर पुलिस परिजनों को थाने ले गई।

बर्रा के दामोदर नगर निवासी कारोबारी का बेटा किदवईनगर स्थित एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। छात्र ने परिजनों को बताया कि वह रोजाना माथे पर तिलक लगाकर स्कूल जाता है। आरोप है कि इसी बात को लेकर शिक्षिका आएदिन उसे टोकती और डांटती थीं। मंगलवार को भी बेटा तिलक लगाकर स्कूल पहुंचा था। आरोप है कि इसी बात पर शिक्षिका भड़क गईं और उन्होंने छात्र के सिर पर तीन-चार तमाचे जड़ दिए। छात्र किसी तरह चुपचाप क्लास में बैठा रहा। दोपहर छुट्टी के बाद जब पिता उसे लेने स्कूल पहुंचे तो उसने रोते हुए पूरी घटना बता दी। बेटे की बात सुनकर पिता का गुस्सा फट पड़ा और वह सीधे स्कूल प्रबंधन के पास पहुंच गए। वहां उन्होंने शिक्षिका की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की, लेकिन आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उल्टा छात्र पर होमवर्क करके न आने की बात कहकर मामला टालने का प्रयास किया। इससे नाराज परिजनों और स्कूल प्रबंधन के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते स्कूल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। जिसके बाद मामला बढ़ा और पीआरवी मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

काफी देर तक समझाने के बाद भी परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस उन्हें थाने ले गई। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि स्कूल में छात्र को पीटे जाने को लेकर हंगामे की सूचना मिली थी। अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में कारोबारी का हत्यारोपी गिरफ्तार

## होजरी कारोबारी की आठ मई को सिर में गोली मारकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घायल हत्यारोपी को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होजरी कारोबारी की हत्या में फरार आरोपी की गंगा बैराज के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के घेराबंदी करने पर हत्यारोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने हत्यारोपी को दबोचने के बाद हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से पुलिस ने तमंचा बरामद किया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

सिरकी मोहाल निवासी होजरी कारोबारी विजय कुमार चौरसिया की आठ मई शुक्रवार शाम सिर पर गोली मारकर हत्या की गई थी। विजय का शव सवाय सिंह का हाता स्थित खंडहर मकान की सीढ़ियों पर मिला था। हत्या से दो घंटे पहले पहले वह अपनी दुकान पर था। तभी उसके पास फोन आया और शिवाला रोड पर रेस्टोरेंट संचालक विशाल गुप्ता उसे अपनी स्कूटी से बैठाकर हाते में ले गया था। दोनों एक ही स्कूटी पर जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। हत्यारोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली, फीलखाना, मूलगंज समेत कई थानों का फोर्स लगा था। एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम पुलिस टीम को आरोपी विशाल के बिठूर से गंगा बैराज की ओर जाने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की, जिस पर आरोपी गंगा बैराज की ओर भागने लगा। जहां उसकी स्कूटी फिसल गई। इस पर वह भागकर सड़क किनारे झाड़ियों में छिपने लगा। पुलिस के घेरने पर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विशाल के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से तमंचा, स्कूटी बरामद कर आरोपी को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है।

### तीनों भाई करते होजरी का कारोबार

- सिरकी मोहाल निवासी विजय चौरसिया की चूड़ी मार्केट में होजरी की दुकान है। परिवार में मां मीरा देवी, पत्नी नेहा और दो बच्चे वैभव व अनवी हैं। दो बड़े भाई अजीत व अजय हैं। जिनका भी होजरी का कारोबार है। अजीत ने बताया कि घटना के दिन रात करीब साढ़े आठ बजे सवाय सिंह का हाता में तीन मंजिला खंडहर में रानी त्रिवेदी ने कॉल कर विजय की लाश मिलने की जानकारी दी थी।

### मादक पदार्थ तस्करी करता था आरोपी

- अजीत के अनुसार आरोपी विशाल चर्चित मादक पदार्थ तस्कर का खास गुर्गा है और तस्करी भी करता है। उसके रेस्टोरेंट से भी मादक पदार्थ बेचा जाता था। जिसे पुलिस ने सील कर दिया है।

# सुरक्षित नहीं बच्ची से लेकर वृद्धाएं भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




बैनर लेकर प्रदर्शन करतीं कानपुर ऐडवा की पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर ऐडवा की पदाधिकारियों व सदस्यों ने कमिश्नर कार्यालय के बाहर बैनर लेकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन देकर महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में ठोक कदम उठाए जाने की मांग की। कहा कि चार साल की बच्ची से लेकर 80 वर्ष तक की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है। लगातार महिलाओं व बच्चियों की हत्या, हिंसा व बलात्कार की घटनाएं हो रही है, जिसपर लगाम लगना बेहद जरूरी है। कानपुर ऐडवा की पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि अपराधियों में पुलिस प्रशासन का डर कम हो गया है, जिसकी वजह से बच्चियां, किशोरी, युवती व महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

रोज-रोज इस तरह की घटनाओं से महिलाएं व बच्चियां मानसिक रूप से डर व घबराहट में रहती है, जिससे उनका दैनिक जीवन, पढ़ाई व नौकरी तक प्रभावित हो रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव सीमा कटियार, जिला सचिव नीलम तिवारी, जिलाध्यक्ष सुधा सिंह, उपाध्यक्ष मालती यादव, संयुक्त मंत्री धनपती यादव, आशा खालिद, रिंकी साहू, सुधा बनौदिया समेत आद महिलाएं मौजूद रही।

### खाद विक्रेताओं से मांगा जा रहा ब्योरा

**कानपुर।** जिले में उर्वरक विक्रताओं से सप्ताह भर की बिक्री की रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जिन विक्रेताओं की रिपोर्ट ज्यादा मिल रही है उनसे कारण बताओ नोटिस जारी कर ब्योरे मांगे जा रहे हैं। खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त है।




दुकानदारों के पक्ष में नारेबाजी करते सदस्य। अमृत विचार

# परेड के दुकानदारों को हटाने का विरोध किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम द्वारा परेड ग्राउंड के दुकानदारों को हटाने की चेतावनी दिए जाने के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) कानपुर जिला कमेटी ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्रवाई को गरीब दुकानदारों के हितों के खिलाफ बताते हुए नगर निगम के फैसले का विरोध किया। पार्टी के जिला सचिव अपालन्तु विश्वकर्मा आलोक दिवेदी, बीसी गोविंद नारायण, महबूब आलम, जटाधर दीक्षित, मो. इरफान, शांतु खान, इमरान हुसैन, श्वेता अग्रवाल, सुभाष जायसवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दुकानदारों से वार्ता करते कानपुर उद्योग व्यापार मंडल (कछल गुट) के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

# परेड बाजार खाली कराने पर आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


- कंछल गुट के व्यापारी आगे आए आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** परेड मैदान की बाजार को खाली कराए जाने के विरोध में मंगलवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल (कंछल गुट) ने दुकानदारों से मुलाकात की कहा कि प्रशासन अगर जबरन बाजार खाली कराने का प्रयास करेगा तो व्यापार मंडल शासन स्तर पर प्रदेश स्तर आंदोलन करने को बाध्य होगा। व्यापारियों को पहले कारोबार करने के लिए कोई जगह सुनिश्चित कराए, उसके बाद ही प्रशासन को कोई एक्शन लेना चाहिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष आशीष सचान, महामंत्री मो.कलीम ,युवा अध्यक्ष आयुष द्विवेदी, परेड बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष इमरान हुसैन, महामंत्री ताबिश इकबाल, अर्जुन ठाकुर, बिलाल खुर्सीद, आदि रहे।

**हंगामा** | पुलिस ऑफिस में लगे वायरलेस कम्युनिकेशन टॉवर पर चढ़ी युवती

# पति जेल से नहीं छूटा तो टॉवर से कूद जाऊंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पुलिस ऑफिस में टॉवर पर चढ़ी युवती।

- पुलिस अफसरों का अमला जुटा कोर्ट से लाया गया पति तब उतरी काउंसलिंग के लिए भेजी गई

**अमृत विचार।** पुलिस ऑफिस स्थित 50 फिट ऊंचे वायरलेस कम्युनिकेशन टॉवर पर चढ़कर युवती ने मंगलवार दोपहर हाई बोल्टेज ड्रामा किया। शोर मचाया मेरे पति को जेल से छोड़ा जाए, नहीं तो कूद जाऊंगी। पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ऑफिसर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड आई, जाल बिछाया गया। युवती ने कूदने की धमकी दी तो आननफानन में सीढ़ी हटाई गई। पेशी पर आए उसके पति को कोर्ट से बुलाया गया, तब युवती नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस ने उसके पति को जेल भेज दिया और युवती को काउंसलिंग के लिए पुलिस लाइन भिजवाया।

सचेंडी थानाक्षेत्र की रहने वाली किशोरी 22 अक्टूबर 2025 को गुमशुदा हो गई थी। उसकी मां ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 26 अक्टूबर को किशोरी मिली। पुलिस ने बिठूर निवासी राकेश सिंह उर्फ निहार को गिरफ्तार किया गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ। मेडिकल के बाद पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। तबसे आरोपी जेल में है और चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जेसीपी विपिन टाडा ने बताया कि आरोपी ने किशोरी को ले जाने के बाद आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। मंगलवार को आरोपी राकेश कोर्ट में पेशी पर आया था। कोर्ट में आरोपी से मिलने के बाद किशोरी दोपहर करीब 12.30 बजे पुलिस ऑफिस के पीछे बने वायरलेस कम्युनिकेशन टॉवर पर चढ़ गई। जहां से चिल्लाते हुए बोली कि मेरा पति बेकसूर है, अगर उसे जेल से नहीं छोड़ा तो टॉवर से कूदकर जान दे दूंगी। पता चलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे बाद पुलिसकर्मी आरोपी पति को लेकर पहुंचे। जिसे देखकर वह टॉवर से नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया, जबकि किशोरी को काउंसिलिंग के लिए पुलिस लाइन भेजा।

### 30 फिट ऊंचाई पर खड़ी थी युवती

- पुलिस ऑफिस परिसर में लगे करीब 50 फिट ऊंचे वायरलेस कम्युनिकेशन टॉवर पर युवती करीब 30 फिट की ऊंचाई पर चढ़ गई थी। वहां से उसके चिल्लाने पर हड़कंप मच गया। युवती बोली, मेरा पति जेल से नहीं छूटा तो जान दे दूंगी, उसे बेकसूर फंसाया गया है।

### भवन के नाम पर मांगी रंगदारी

**कल्याणपुर।** रावतपुर में दबंगों ने भवन निर्माण के नाम पर दस लाख रुपये रंगदारी मांगी। एक लाख देने के बाद भी दबंग नौ लाख की और मांग करने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर दबंगों ने उसे झूठें मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनायकपुर के राजीव नगर निवासी सुधांशु के अनुसार वह अपने भवन में निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि पड़ोसी राज बहादुर व उनका भतीजा प्रशांत सिंह ने निर्माण कार्य कराने के नाम पर उनसे दस लाख रुपयों की मांग कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने व झूठ मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हुए मारपीट पर आमादा हैं। उसने एक लाख रुपये दे दिए। कुछ दिन बाद दबंग नौ लाख रुपये की और मांग करने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं मो. हामिद पुत्र मो. ताहिर ग्रा. पूरे मरदान म. निगोहा, पो. तेंदुआ, तह. तिलोई, जिला अमेठी का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में मो. हामिद सलमानी नाम अंकित है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मो. हामिद पुत्र मो. ताहिर अंकित है जो कि सही है। यही नाम पासपोर्ट में अंकित किया जाना है।

**NOTICE**

This is to inform the general public that I, Huma Bano, wife of Mr. Said Husain and resident of 390/27 Kashmiri Mohalla, Rustam Nagar, Lucknow, hereby declare that my correct name is Huma Bano. However, the name recorded in my Passport Number L6825342 is Huma Fatima, which is incorrect. My correct name, Huma Bano, is duly recorded in my Aadhaar Card Number 600705484460 and PAN Card Number IBHPB7547H. I shall henceforth be known and identified by my correct name, and the same shall also be recorded in my passport.

**NOTICE**

The general public is hereby informed that my former name, as recorded in Passport No. H9177491, is "Mohammad Asgar." This entry is incorrect. My correct name is "Asghar Husain," which is also accurately recorded in my Aadhaar Card No. 927596229396. Therefore, I request to be known and identified by the name "Asghar Husain," and this name shall also be recorded in my passport. Asghar Hussain, Son of Shri Jeo Nawab, Resident of House No. 380/41, Noorbari, Near Malti Vidyalaya, Sahadatganj Police Station, Lucknow.

**सूचना**

मैं ANUSHKA RAJEEV SINGH से अपना नाम बदलकर ANUSHIKA RAJEEV SINGH रख रही हूँ आज से मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाए। पता:—V-101 नेहरू इनक्लेव, विश्वास खण्ड, गोमती नगर लखनऊ है।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या—H6541113 में मेरा नाम त्रुटिवश अरविन्द वर्मा (ARVIND VERMA) लिख गया है जबकि मेरा सही नाम अरविन्द कुमार वर्मा (ARVIND KUMAR VERMA) है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHYAM KISHORE VERMA ADD-C/1065/5 C-BLOCK, INDIRA NAGAR, DIST-LUCKNOW-226016(U.P.)

**सूचना**

मैं, एबेनेज़र कुंभकार, Ebenezer kumbhakar पुत्र बिस्वरूप कुंभकार, Biswarup kumbhakar मोहनलालगंज, ज़िला लखनऊ, उत्तर प्रदेश का निवासी हूँ , मै यह बताना चाहता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नंबर H3855144 में मेरा नाम एबेनेज़र कुंभकार Abenazer kumbhakar के तौर पर गलत लिखा गया है। हालाँकि, मेरे सभी एजुकेशनल रिकार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा सही नाम एबेनेज़र कुंभकार Ebenezer kumbhakar के तौर पर दर्ज है। अब से, मुझे सभी आफिशियल और लीगल कामों के लिए एबेनेज़र कुंभकार Ebenezer kumbhakar के नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

**सूचना**

मै **सुरेन्द्र कुमार बाजपेई पुत्र राजकुमार बाजपेई निवासी 190, रुदही,बक्शी का तालाब, जनपद लखनऊ,**मेरा पुत्र अंश बाजपेई का चालो चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों से लड़ाई झगड़ा फसाद करता है जिससे पूरा परिवार काफी परेशान है। यदि उपरोक्त द्वारा किसी सख्श से कोई वाद विवाद लड़ाई झगड़ा, मारपीट व धोखाधड़ी व जमीन की खरीद फरोख्त, करता है या इनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही होती है तो उसका जिम्मेदार मेरा पुत्र स्वयं होगा। जिससे परिवार के अन्य लोगो से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। यदि पुत्र अंश बाजपेई के असामाजिक व अनैतिक कृत्यो से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AKARAM था अब मैंने बदलकर अपना नाम AKRAM रख लिया है भविष्य में मुझे AKRAM के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O MOHAMMAD SIDDIQ R/O 500/110 QUTUBPUR DALIGANJ NIRALA NAGAR HASANGANJ LUCKNOW

**सूचना**

मैं **रोशनी पुत्री जगदीश निवासी ग्राम तिलन, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला– लखनऊ,** मेरे खाता संख्या 22053986553 में मेरा नाम रोशनी सूर्या दर्ज है। जबकि आधार कार्ड संख्या 8147 5218 2239 पर मेरा नाम रोशनी दर्ज है। रोशनी सूर्या व रोशनी दोनों नाम एक ही महिला के ही नाम हैं। यहकि मेरे खाते पर दर्ज नाम रोशनी सूर्या के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार मेरा शुद्ध नाम रोशनी दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मैं **सुमेरा देवी पत्नी मंशाराम निवासी ग्राम डोमापुर, पोस्ट जनई, तहसील महराजगंज, जनपद रायबरेली** शपथपूर्वक घोषित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक में नाम सुमेरा देवी है तथा निप्पोन लाइफ कं लि. में पॉलिसी संख्या 19656566 में सुमेरा अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथनी के हैं। किसी विवाद की समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि वास्तव मे मेरा जन्म तिथि 8–5–2005 है जो मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्र मे अंकित है किन्तु मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे त्रुटिवश 8–5–2008 लिख दिया गया है, **रवि कांत पुत्र योगेंद् प्रसाद निवासी ग्राम बढहराकोट केवटलिया पोस्ट – चमरूपुर त0–उतरौला जिला – बलरामपुर**

**सूचना**

मैं **काजोल बाला (पुराना नाम), पुत्री अरविन्दु सरकार पत्नी लिटन बाला, निवासी मकान नंबर 185/1, ब्रह्म नगर, भरथना, जिला इटावा, उत्तर प्रदेश,** ने अपना नाम काजोल बाला (पुराना नाम) से बदलकर ओलिका बाला (नया नाम) कर लिया है। अब से मुझे सभी उद्देश्यों के लिए ओलिका बाला (नया नाम) के रूप में जाना और पहचाना जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ रेल मार्ग का मेगा ब्लाक आज खत्म

**कानपुर।** गंगा पुल पर स्लीपर बदलने के लिए पिछले 42 दिनों से लखनऊ रेलमार्ग पर चल रहा 8 घंटे का मेगा ब्लाक बुधवार को खत्म हो जाएगा और पूर्व की भांति इस रेलमार्ग पर ट्रेनें फिर दौड़ने लगेंगी। लखनऊ रेलमार्ग के गंगापुल पर इस बार लकड़ी और सीमेंट के स्लीपर हटाकर मजबूत स्टील के स्लीपर डाले गये हैं जो वर्षों तक खराब नहीं होंगे। उत्तर मध्य जोन के जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 13 मई को ब्लाक लेने के 42 दिन पूरे हो जाएंगे। गंगा पुल पर स्लीपर बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है।

### जनहित अपील पर विपक्ष गुमराह कर रहा

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से की गई जनहित अपील को विपक्षी दल जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कुछ समय तक सोना कम खरीदने और ईंधन का उपयोग आवश्यकता अनुसार करने का अनुरोध देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए एक जिम्मेदार और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा 2013 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम भी देशहित में ऐसी अपील कर चुके हैं। विपक्ष के पास कोई ठोस समाधान नहीं है और वह केवल भ्रम व डर का माहौल बना रहा है।

### केएन टाइटंस ने पैरामाउंट क्लब को आठ विकेट से हराया

**कानपुर।** केडीएमए क्रिकेट लीग के पहले मैच में केएन टाइटंस ने पैरामाउंट क्लब को आठ विकेट से पराजित किया। श्यामनगर स्थित पीएसी मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में पैरामाउंट क्लब की पूरी टीम केएन टाइटंस की घातक गेंदबाजी के आगे 25.1 ओवर में 107 रन पर ढ़ेर हो गई। टीम से अनंत गुप्ता ने सर्वाधिक 44 रन व शिवम व हरिअनंत ने 17-17 रन बनाए, तो गेंदबाजी में आकाश जैन ने पांच, विष्णु ने तीन और सतीश यादव ने दो को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए केएन टाइटंस ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। जीत में सम्राट सिंह ने 42 रन, युवान ने नाबाद 41 रन बनाकर मैच जीता, तो गेंदबाजी में अनंत गुप्ता ने दो विकेट अपने नाम किए। प्लेयर ऑफ द मैच आकाश जैन को चुना गया।

### गीता देवी टी-20 प्रतियोगिता के लिए आवेदन पत्र मिलेंगे


**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी की ओर से प्रथम गीता देवी स्मारक अंडर 19 टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन कल्याणपुर स्थित गीता देवी क्रिकेट एकेडमी स्थित मंटोरा मैदान पर होगा। आयोजन सचिव जहीरउद्दीन ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल केसीए से पंजीकृत अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। इसमें वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2007 या उसके बाद की है। प्रतियोगिता के आवेदन पत्र 6 मई से 15 मई तक केसीए कार्यालय चुन्नीगंज, फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी कल्याणपुर और गीता कैफे, गीता नगर क्रॉसिंग से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### कानपुर व आसपास के आठ जिलों का दिल्ली-एनसीआर जैसा होना है शहरी विकास

# कहां खो गई क्रीडा की फाइल कब उतरेगा जमीन पर काम

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवादाता, कानपुर




- शासन में लंबित फाइल की मंजूरी का अधिकारियों को इंतजार, केडीए ने नहीं किया अभी अपना काम



"कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथारिटी (क्रीडा) से संबंधित योजना को लागू करने के लिए फाइल शासन स्तर पर लंबित है। शासन से मंजूरी मिलते ही तेजी से काम आगे बढ़ाया जाएगा।

**के विजेंयद्र पांडियन, मंडलायुक्त**

### कानपुर को औद्योगिक हब बनाकर आसपास के जिलों का होगा विकास

- कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी (क्रीडा) कानपुर नगर और देहात समेत आठ पड़ोसी आठ जिलों का एकीकृत विकास सुनिश्चित करेगा। इसका लक्ष्य 2051 तक 20,000 वर्ग किमी क्षेत्र को दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर औद्योगिक और शहरी रूप से विकसित करना है। कानपुर विकास प्राधिकरण को इसके लिए कंसल्टेंट का चयन करना है। प्राधिकरण अपने अधिकार क्षेत्र वाले आठों जिलों में रोजगार, औद्योगिक विकास और नियोजित बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा। इसके अंतर्गत उद्यमियों को लैंड बैंक की सुविधा मिलेगी और बड़े निवेश के अवसर बढ़ेंगे। प्राधिकरण का उद्देश्य कानपुर को प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में फिर से स्थापित करते हुए आसपास के जिलों को रोजगार परक परियोजनाओं से जोड़ना है। बढ़ती आबादी और शहरीकरण की जरूरतों को पूरा करने वाली योजनाओं पर भी काम शुरू करना है।

**अमृत विचार।** कानपुर को जब लखनऊ को केंद्र बनाकर स्थापित किए गए एसईआर (स्पेशल इकनामिक रीजन) में जगह नहीं मिली थी, तो प्रदेश सरकार ने कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथारिटी (क्रीडा) बनाकर शहर और उसके आसपास स्थित जिलों को बड़ी सौगात दी थी। लेकिन क्रीडा का गठन हुए सवा साल से ज्यादा वक्त बीत चुका है, और अगले वर्ष की शुरुआत में विधानसभा चुनाव भी है, ऐसे में लोग क्रीडा को लेकर सवाल कर रहे हैं। अमृत विचार ने इस संबंध में पड़ताल की तो पता चला कि क्रीडा की फाइल लखनऊ में लंबित है। इसी कारण इस योजना में कोई नई प्रगति नहीं हो पा रही है। क्रीडा से जुड़े अधिकारी शासन की मंजूरी मिलने के बाद ही काम आगे बढ़ने की विवशता जता रहे हैं।

कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथारिटी के तहत साल 2051 तक के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाना है। लक्ष्य 2051 तक 20,000 वर्ग किमी क्षेत्र को दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर औद्योगिक और शहरी रूप से विकसित करना है। केडीए की ओर से इसके लिए आरएफपी का टेंडर निकाला जाना है। लेकिन केडीए ने अब तक आरएफपी (रिक्वेस्ट फार प्रपोजल) तैयार करने का काम ही पूरा नहीं किया है। आरएफपी के तहत कंसल्टेंट एजेंसी को डीपीआर तैयार करनी है। डीपीआर को सरकार से मंजूरी मिलने पर जमीन पर काम शुरू होने हैं।

इस महत्वपूर्ण योजना की यह कछुआ चाल तब है, जब मुख्यमंत्री की मंशा पर कानपुर समेत आसपास के जिलों का विकास मॉडल तैयार किया जाना है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में क्रीडा गठन के लिए कमेटी गठित की गई थी। इसमें सभी जिले के डीएम और जनप्रतिनिधि को रखा गया था। क्रीडा में कानपुर देहात, औरैया, जालौन, हमीरपुर, बांदा और कन्नौज को शामिल किया गया है।

कुल क्षेत्रफल 20 हजार वर्ग किमी रखा गया है। क्रीडा प्रोजेक्ट में कई विदेशी कंपनियों ने कंसल्टेंट एजेंसी बनने के लिए रुचि दिखाई थी। लेकिन इसके बाद से किसी तरह का काम आगे नहीं बढ़ सका है।

### ट्रक की चपेट में आकर खलासी की मौत

**कानपुर।** सचेंडी स्थित गदनखेड़ा ओवरब्रिज पर मंगलवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया। ट्रक में सवार खलासी नीचे जा गिरा। पहिए की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सीतापुर के अंगेठा निवासी ट्रक चालक रमाकांत ने बताया कि वह ट्रक लेकर सीतापुर से जौनपुर जा रहा था। उसके साथ सीतापुर के सकरन महाराजपुर निवासी 28 वर्षीय खलासी सोमनाथ दीक्षित भी था। सचेंडी के गदनखेड़ा ओवरब्रिज के पास जब ट्रक पहुंचा, अनियंत्रित हो गया। डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी पट्टी में पहुंच गया और सुरक्षा दीवार से टकरा गया। टक्कर के दौरान सोमनाथ सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक के पहिए के नीचे आकर मौके पर ही मौत हो गई।

### हाईवे पर स्लीपर बसों की घेराबंदी

**कानपुर।** सोमवार को भोर में आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस और ट्रक के बीच हुए भीषण टक्कर के बाद आरटीओ प्रवर्तन दल ने स्लीपर बसों के खिलाफ महाराजपुर, भौंती, सागर हाईवे, रामादेवी फ्लाईओवर, नौबस्ता बाईपास समेत विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया और 14 स्लीपर बसों के कागजात चेक किये। आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर बसों के कागजात सही मिले लेकिन ये अभियान निरंतर जारी रहेगा।




निरीक्षण के समय टीम के साथ एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी।

### बिना पंजीकरण चल रहा था हॉस्पिटल

**कानपुर।** कल्याणपुर स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल में युवक की मौत और पुलिस के साथ हुई मारपीट के बाद मंगलवार को एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच की। एसीएमओ ने बताया कि यह निजी अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। हालांकि अस्पताल संचालन ने पंजीकरण के लिए आवेदन कर रखा है। बिना लाइसेंस मिले अस्पताल का संचालन करने पर अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा युवक की हुई मौत के मामले में जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जो मरीज के तीमारदारों और हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टाफ से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज करेगी। रिपोर्ट आने के बाद मामले में जरूरी कार्यवाही की जाएगी।




कार्यक्रम को संबोधित करके अधिकारी। अमृत विचार

### स्वगणना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**कानपुर।** स्वगणना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काकादेव स्थित बीएसएस कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। लोगों को स्वगणना की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। नागरिक 21 मई तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कई लोगों से स्वगणना कराकर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया। मुख्य अतिथि एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार है।



कटोरा लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

## कटोरा लेकर कांग्रेसी सराफा बाजार पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सराफा व्यापार लाखों कारीगरों व कर्मचारियों के रोजगार का आधार है


**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री द्वारा सोना न खरीदने की अपील के विरोध में मंगलवार को कानपुर महानगर कांग्रेस ने चौक सराफा बाजार में हाथों में कटोरा लेकर पदयात्रा निकाली और प्रतीकात्मक रूप से भीख मांगकर सराफा व्यापारियों, कर्मचारियों और कारीगरों की पीड़ा जताई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील से सराफा कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा और लाखों लोगों की रोजी-रोटी संकट में आ सकती है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि यदि लोग सोना खरीदना बंद कर देंगे तो शादी-विवाह जैसी परंपराएं भी प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि कानपुर में हजारों परिवार इस व्यापार पर निर्भर हैं और ऐसी अपीलें उनके भविष्य के लिए खतरा बन सकती हैं।

कांग्रेस नेता राजेंद्र मिश्रा बब्बू ने कहा कि सराफा व्यापार लाखों कारीगरों और कर्मचारियों के रोजगार का आधार है। प्रदर्शन के दौरान कई व्यापारियों ने भी कटोरा लेकर समर्थन जताया। इस दौरान नरेश त्रिपाठी, प्रतिभा अटल पाल, इखलाख अहमद डेविड, पदम मोहन मिश्रा, इकबाल अहमद, अजय त्रिपाठी, बब्लू त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न दाखिला मिला और न ही कॉपी-किताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश और कॉपी-किताबों के लिए मिलने वाली धनराशि न मिलने के विरोध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

पार्टी पदाधिकारियों ने बीएसए कार्यालय पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि कई बच्चों को अभी तक कॉपी-किताबों की धनराशि नहीं मिल सकी है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं आरटीई सूची में नाम आने के बावजूद बच्चों को दाखिला नहीं दिया जा रहा।

प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित सहित कई कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

## आरटीई का मजाक उड़ा रहे कई स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



एसीएम को ज्ञापन सौंपते सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ज्यादातर निजी स्कूल गरीब एवं पीडीए समाज के बच्चों का प्रवेश नहीं लेकर आरटीई कानून का मजाक उड़ा रहे हैं। मनमाने तरीके से कई स्कूल वसूली कर रहे हैं और सरकारी स्कूलों की हालत बदतर है जिसका पूरा फायदा निजी स्कूल उठा रहे हैं।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट में एसीएम 6 आलोक गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। सपा ने आरोप लगाया कि आरटीई कानून के तहत गरीब एवं पीडीए समाज के बच्चों के लिए आरक्षित सीटों पर निजी विद्यालयों द्वारा प्रवेश देने से इंकार किया जा रहा है कई निजी विद्यालय कभी दस्तावेजों के नाम पर तो कभी सीटें भर जाने का बहाना बनाकर अभिभावकों को वापस कर देते हैं।

मांग की गई कि आरटीई के तहत गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए एवं मनमानी शुल्क वृद्धि पर रोक लगाई जाए। इस दौरान सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, विनय गुप्ता, अपर्णा बंसल जैन, नीतेंद्र सिंह, कार्तिक कुशवाह, अजय शर्मा, आयुष गुप्ता, जस्वेन्द्र प्रताप निषाद आदि मौजूद रहे।

## स्काई क्लब ने वीनस को पराजित किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सैमुअल बाली व बक्को देवी प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** सदर्न क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित द्वितीय सैमुअल बाली व बक्को देवी क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें स्काई क्लब ने वीनस क्रिकेट क्लब को छह विकेट से पराजित कर फाइनल में स्थान पक्का किया। श्यामनगर स्थित आरपीसीए मैदानपर खेले गए मुकाबले में वीनस क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 25.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से जितेंद्र ने 50 रन, जमशेद खान ने 23 रन बनाए, तो गेंदबाजी में ईशू सचान व माधव गुप्ता ने तीन-तीन विकेट, सूर्यांश सिंह, अभय प्रताप व अमृत ने एक-एक विकेट अपने नाम किए।

जवाब में स्काई क्लब की टीम ने 26.3 ओवर में चार विकेट पर 117 रन बनाकर मैच जीता। जीत में वीर शर्मा ने 33 रन, माधव गुप्ता ने 27 व अनिरुद्ध सिंह ने 25 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में शुभम गोस्वामी ने व लकी राजपूत ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। प्लेयर ऑफ द मैच माधव गुप्ता को चुना गया।

## स्टेशन पर 11239 यात्रियों से 76 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- 10 दिनों से रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों में टीटीई स्पेशल टीम की चल रही छापेमारी

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य जोन के स्टेशनों पर 1 मई से 10 मई 2026 तक चलाये गए चेकिंग अभियान में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, अनबुक्ड लगेज एवं धूम्रपान/गंदगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 44,144 यात्रियों से 3,01,66,109 रुपये जुर्माना वसूला गया। कानपुर में चलाये गये अभियान में 11239 यात्रियों को पकड़ा गया और ऐसे यात्रियों से 76 लाख, 19 हजार, 482 रुपये जुर्माना वसूला गया। उत्तर मध्य जोन का मुख्यालय प्रयागराज स्टेशन पर सबसे ज्यादा यात्रियों को पकड़ा गया जबकि कानपुर इस मामले में दूसरे नंबर पर है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्ग दर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरिमोहन के निर्देश पर 1 मई से 10 मई तक चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान में 44 हजार से अधिक यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे 3.01 करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### दस दिनों के अभियान की स्थिति देखें

- बिना टिकट 19017 यात्री से 1,66,88,182 रुपये जुर्माना।
- अनियमित यात्रा करने में 23,988 यात्रियों से 1,31,96,346 रुपये जुर्माना वसूला।
- बिना बुक सामान लेकर चलने वाले 4 यात्रियों से 1640 रुपये जुर्माना लिया।
- धूम्रपान एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से 27,99,450 रुपये वसूला।

### बेटिकट यात्रा करने में कानपुर दूसरे नंबर पर

- प्रयागराज में 6228 बेटिकट मिले, कई अन्य यात्रियों से कुल 96,55,769 रुपये जुर्माना वसूला गया।
- कानपुर में 4357 बेटिकट मिले, कई अन्य यात्रियों से कुल 76,19,482 रुपये जुर्माना वसूल किया।
- फफूंद रेलवे स्टेशन पर भी 5 यात्री बेटिकट मिले, कई अन्य यात्रियों से 2170 रुपये जुर्माना लिया।

## खेल जगत

सीसीएल टी-20 प्रतियोगिता में मेटाडोर फोम की आठ विकेट से जीत

# पटेल प्राप्टींज की टीम ने ब्लू वॉरियर्स को 111 रन से हराया

कार्यालय संवादाता, कानपुर




मैन आफ द मैच अविरल रावत।

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीसीएल टी-20 प्रतियोगिता में मंगलवार को पहले मुकाबले में पटेल प्रापर्टीज ने ब्लू वॉरियर्स को 111 रन से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में मेटाडोर फोम ने नाईट स्कोचर्स को आठ विकेट से मात दी। सप्रू मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में पटेल प्रापर्टीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से मनिन्दर सिंह ने नाबाद 80 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि अंकुल चौधरी ने 39 रन बनाए। ब्लू वारियर्स की ओर से आफाक अहमद, हसीन अहमद और धर्मेन्द्र ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू वारियर्स की पूरी टीम 16.5 ओवरों में 102 रन पर सिमट गई। धर्मेन्द्र ने 28 रन बनाए। पटेल प्रापर्टीज की ओर से इन्द्रभूषण ने चार विकेट झटके, अंकुर पाण्डे और मनिन्दर सिंह ने दो-दो विकेट लिए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मनिन्दर सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सप्रू मैदान पर दूसरे मुकाबले में नाईट स्कोचर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में आठ विकेट पर 145 रन बनाए।

सुदीप द्विवेदी ने 36, अर्पित तिवारी ने 27 और अनुराग पाण्डे ने 20 रन का योगदान दिया। मेटाडोर फोम की ओर से रितेश गौतम ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि मिशन गुप्ता ने दो विकेट चटकाए। जवाब में मेटाडोर फोम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 11 ओवरों में दो विकेट खोकर 146 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। रिजवान अंसारी ने 58 और अविरल रावत ने 50 रन की तूफानी पारी खेली, आशीष बाजपेयी 23 रन बनाकर नाबाद लौटे। गेंबाजी में नाईट स्कोचर्स की ओर से मानस शुक्ला और मनीष कुमार को एक-एक विकेट मिला। शानदार बल्लेबाजी के लिए अविरल रावत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## प्रकाश मिश्रा एकादश ने दिनेश मिश्रा एकादश को 4 विकेट से हराया

**कानपुर।** केसीए की स्व. मोतीराम (एडवोकेट, पूर्व विधायक) अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता संजय सिंह जाटव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मैच में प्रकाश मिश्रा एकादश ने दिनेश मिश्रा एकादश को 4 विकेट से पराजित किया। दिनेश मिश्रा एकादश ने पहले खेलते हुए 35 ओवर में 8 विकेट पर 192 रन बनाए, जिसमें राघवेंद्र पाल ने 54 और अयमान पठान ने 52 रनों का योगदान दिया। जवाब में प्रकाश मिश्रा एकादश ने राजवीर मल्होत्रा के नाबाद 62 और देव दुबे के 55 रनों की मदद से 32.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मैच में शरद कपूर एकादश ने सुरेन्द्र तिवारी एकादश को 33 रनों से हरा दिया। शरद कपूर एकादश ने विशेष अग्निहोत्री के 71 रनों की बदौलत 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुरेन्द्र तिवारी एकादश की टीम 128 रनों पर ही सिमट गई। इस अवसर पर केसीए अध्यक्ष एसएन सिंह और सचिव कौशल कुमार सिंह आदि रहे।



खिलाड़ियों से परिचय लेते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बड़े मंगलवार पर बजरंगबली के दरबार में उमड़ी भीड़

**कानपुर।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार पर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पनकी हनुमान मंदिर, संकटमोचन मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में सुबह से देर रात तक दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई मंदिरों में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया, भंडारों और जल सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। भक्तों ने पूड़ी-सब्जी, हलवा, शरबत और प्रसाद का वितरण किया। देर रात तक मंदिरों में "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के जयकारे गूंजते रहे।

### 72 विद्यालयों की 380 छात्राओं ने हिस्सा लिया

**कानपुर।** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को 34वीं मां लक्ष्मीदेवी लाहोटी मेमोरियल प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. नीर खंडेल प्राचार्य बीएनएसडी डिग्री कॉलेज नवाबगंज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व उद्योगपति बालकृष्ण लाहोटी ने की।

प्रतियोगिता में प्राथमिक से डिग्री कॉलेज स्तर तक की छात्राओं ने विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग किया। हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषण, वाद-विवाद, सुलेख, चित्रकला और गीत प्रतियोगिताओं में शहर के 72 विद्यालयों की लगभग 380 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन वैदिका मिश्रा और आराध्या गुप्ता ने किया। संयोजिका मंजू शुक्ला निर्णायक मंडल में राजेश्वरी डोढियाल, शोभा पाण्डेय, डॉ. रोशनी प्रकाश, डॉ. बृजेंद्र चतुर्वेदी, अल्पना व राजलक्ष्मी दुबे प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**कल्याणपुर।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया और उसके नाम पर लाखों का लोन ले लिया। पुलिस ने पांच माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कल्याणपुर निवासी युवती के अनुसार कई माह पहले जीवन साथी डाट काम के जरिए उसकी मुलाकात गुहाना सोनीपत हरियाण निवासी शाहिल दुआ नाम के युवक से हुई थी। शाहिल ने शादी का झांसा देकर उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान शाहिल ने उसके दस्तावेज व बैंक संबंधित सारी जानकारी हासिस कर उसके नाम पर पर दो निजी फाइनेंस कंपनियों से ढाई लाख रुपये लोन ले लिया। इतना ही नहीं 50 हजार रुपये नगद भी लिए और फरार हो गया था। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चल रहे शाहिल को जेल भेजा गया है।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज और राजकीय नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हुए कार्यक्रम

# डॉक्टरों और मरीजों के बीच की आवश्यक कड़ी हैं स्टाफ नर्स



हैलट में डॉ.विनय कटियार को सम्मनित करतीं सिस्टर्स। अमृत विचार



कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य प्रो.सुभाष शर्मा, डॉ.आकांक्षा समेत अन्य।। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो मरीजों की सीधी देखभाल, दवाओं के प्रबंधन और शारीरिक व भावनात्मक समर्थन के माध्यम से उनके ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वह अस्पताल में 24 घंटे मरीजों की निगरानी करती हैं, डॉक्टरों और मरीजों के बीच की आवश्यक कड़ी होती है और गंभीर स्थितियों में जान बचाती हैं। मरीजों की देखभाल करती हैं। यह जानकारी जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल, बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग समेत आदि विभागों में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभागार में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल, जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल डॉ.मनीष सिंह व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय कटियार व आदि ने नर्सिंग दिवस पर नव-नियुक्त नर्सिंग स्टाफ (बैच 2026) का स्वागत किया। जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल डॉ.मनीष सिंह ने कहा कि यह दिन स्वास्थ्य सेवाओं (रोगी देखभाल, शिक्षा, और महामारी प्रबंधन) में नर्सों द्वारा दी जा रही कड़ी मेहनत को मान्यता देता है। डॉ.सौरभ अग्रवाल डॉ.विनय कटियार ने भी संबोधित किया। वहीं, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता ने रोगी देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका व उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ.संजय कुमार, डॉ.विकास कटियार, डॉ.अनुराग राजौरिया, डॉ.अनिल वर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स अर्चना पांडेय, कविता सचान, अजनता सचान, रुचि, भट्ट शशि, सिस्टर प्रीथा, पूनम, मैट्रन मीरा, वंदिता, सीता, सबरा, करुणा, शोभा, सोनम आदि नर्स मौजूद रहीं।

### गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं में नर्सों का योगदान महत्वपूर्ण

- **कानपुर।** रावतपुर स्थित राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार अंतरीराष्ट्रीय नर्स दिवस पर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुभाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं, रखी गई है। डॉ.आकांक्षा मैसी शालिनी, शिपाली समेत आदि शिक्षक, नर्सिंग छात्र-छात्राएं व स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।



नारायना अस्पताल में मौजूद नर्सें और डॉक्टर। अमृत विचार

### सेवा, समर्पण, करुणा व मरीजों के बेहतर देखभाल की ली शपथ

कानपुर। पनकी स्थित नारायना हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानपूर्वक याद किया। नर्सिंग अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवा, समर्पण, करुणा व मरीजों की उत्कृष्ट देखभाल की शपथ ली। उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रोहिणी श्रीवास्तव ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे मजबूत कड़ी हैं। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट अखिलेश डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, छात्र-छात्राएं व स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।




साईं कालेज में भी कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

### सेवा, संवेदना व समर्पण ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति

**कानपुर।** साईं कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार संजीव कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सेवा, संवेदना और समर्पण ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान संस्थान के प्रबंधक संजय माथुर, मनीषा माथुर, निदेशक डॉ. एमके कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य चित्रा, फैकल्टी सदस्य व विद्यार्थी रहे।

## ट्रैक शिक्षा पोर्टल से हर छात्र के नामांकन पर नजर

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने स्कूल चलो अभियान को प्रभावी बनाने और ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की संख्या कम करने के उद्देश्य से ट्रैकशिक्षा पोर्टल पर छात्रों के नामांकन की ऑनलाइन निगरानी शुरू कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर ने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कक्षा आठ और कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अगले कक्षाओं में प्रवेश संबंधी सभी विवरण निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं।

डीआईओएस ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में कक्षा आठ उत्तीर्ण विद्यार्थियों के कक्षा नौ में प्रवेश का डेटा अपलोड किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में कक्षा 10 पास विद्यार्थियों के कक्षा 11 में हुए नामांकन का विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करना है, जिन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए प्रवेश नहीं लिया है, ताकि उन्हें दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि ट्रैकशिक्षा पोर्टल पर विद्यालयवार और जनपदवार नामांकन की स्थिति ऑनलाइन रहेगी। इससे शिक्षा विभाग को यह जानकारी आसानी से मिल सकेगी कि कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है और कितने छात्र अभी नामांकन से वंचित हैं।

# ताइवान में चमका सीएसजेएमयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




समझौता पत्र दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ताइवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई।

ताइवान की राजधानी ताइपे स्थित चाइनीज कल्चर यूनिवर्सिटी में आठ मई को आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ग्लोबल बिजनेस-2026 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के डीन एवं निदेशक तथा डीन इंटरनेशनल रिलेशंस प्रो. सुधांशु पांडिया ने किया। सम्मेलन में प्रो. पांडिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में वैश्विक व्यापार परिवर्तन और बौद्धिक शक्ति विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय और चाइनीज़ कल्चर यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत संयुक्त शोध परियोजनाओं, फैकल्टी एक्सचेंज, छात्र आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग को दिशा मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की वैश्विक सोच और शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

- सीएसजेएमयू व चाइनीज कल्चर यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

# निःशुल्क साधक शिविर बृजेंद्र स्वरूप पार्क में

**अमृत विचार।** बृजेंद्र स्वरूप पार्क में 19 से 24 मई तक प्रातः 6 बजे से 2 घंटे 8 बजे तक निःशुल्क साधक शिविर लगेगा। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रतिनिधि ललित अग्रवाल ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य, जीवनशैली और मानसिक संतुलन से जुड़े प्रयोग कराए जाएंगे। प्रतिभागियों को प्रयोगों के साथ 15 से 20 प्रकार के शुद्ध, सात्विक और पौष्टिक निःशुल्क नाश्ते का अनुभव भी कराया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को प्रयोग के माध्यम से सम्यक आहार, सम्यक व्यायाम और सम्यक नींद का महत्व समझाना है। पिछले एक माह से विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षक कानपुर के विभिन्न मोहल्लों में 200 से अधिक प्राथमिक वैज्ञानिक प्रयोग करवा चुके हैं।




नि:शुल्क शिविर की जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

## दून इंटरनेशनल स्कूल में मातृदिवस समारोह



**कानपुर।** दून इंटरनेशनल स्कूल रतनलाल नगर में स्थापना दिवस के अवसर पर मातृदिवस समारोह मनाया गया। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका दून दर्पण का विमोचन पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी व सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर सरदार बलविंदर सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की शिक्षिकाओं राधिका, संगीता खन्ना, मीनाक्षी शुक्ला, पारुल नरूला व सुरिंदर कौर ने मां की महिमा पर अपने विचार रखे। विद्यालय निदेशक अमरप्रीत सिंह शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएसजेएमयू में मिल रहा आधुनिक मीडिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्थापित दादा साहब फाल्के स्टूडियो विद्यार्थियों के लिए आधुनिक मीडिया तकनीक सीखने का प्रमुख केंद्र बन गया है। मिशन एडमिशन 2026-27 के तहत विश्वविद्यालय की यह पहल छात्रों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

अत्याधुनिक स्टूडियो में ग्रीन स्क्रीन क्रोमा, टेलीप्रॉम्प्टर, डिजिटल कैमरे, ऑडियो कंसोल, प्री-प्रोडक्शन, प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन की आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

# निवेशकों को 4000करोड़ की चपत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद को लेकर संयम बरतने, आयल के उपयोग में हर संभव कटौती करने, विदेश यात्रा ना करने और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की अपील का शेयर बाजार पर नकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। पिछले दो कारोबारी सत्रों में संसेक्स में 2700 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई तो निफ़्टी भी करीब 800 अंक तक गिर गया। उधर, अमेरिका-ईरान में तनातनी के बीच क्रूड आयल की कीमतों में तेजी ने शेयर बाजार पर दबाव और बढ़ा दिया है।

बिकवाली के चलते दो कारोबारी सत्रों में शहर के निवेशकों के शेयर बाजार तथा इसपर आधारित योजनाओं में निवेशित पूंजी में करीब 4,000 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान लगाया जा रहा है। 12 मई को कारोबार के अंत में संसेक्स 1456 अंक वहीं निफ़्टी 436 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### गोल्ड ईटीएफ में नए निवेश पर रोक की संभावना



- प्रधानमंत्री द्वारा भौतिक सोने की खरीद को लेकर संयम बरतने के बाद सोवरन गोल्ड और गोल्ड ईटीएफ के कारोबार (टर्नओवर) में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। अगर इसी रफ़्तार से टर्नओवर बढ़ता रहा तो म्यूच्यूअल फण्ड कंपनियां (फंड हाउस) गोल्ड ईटीएफ के नए निवेश पर अस्थायी रोक लगाने या सीमित आवंटन जैसे कदम उठा सकती हैं। हालांकि फिलहाल ऐसी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अत्यधिक निवेश प्रवाह की स्थिति में फंड प्रबंधन और भौतिक गोल्ड उपलब्धता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। अतीत में कुछ इस तरह के अस्थायी प्रतिबंध जैसी स्थितियां देखी जा चुकी हैं।

## विकास | नगर निगम ने सीवर लाइन शिफ्टिंग के लिए 22 .30 करोड़ का टेंडर जारी किया

# जरीब चौकी पुल निर्माण की कवायद तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भूमि पूजन के साथ ही जरीब चौकी चौराहे पर बनने वाले फोरलेन आरओबी का काम जमीन पर उतरने लगा है। पुल निर्माण स्थल से सीवर लाइन शिफ्टिंग के साथ नई सीवर लाइन बिछाकर मुख्य लाइन से जोड़ने के काम के लिए नगर निगम ने 22.30 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है, जिसमें कई कंपनियों ने रुचि दिखाई है। केस्को पहले ही अपने पोल हटाने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। जरीब चौकी चौराहे पर यातायात जाम दूर करने के लिए रेलवे क्रासिंग के ऊपर जीटी रोड और कालपी रोड को जोड़ने के साथ रामादेवी और घंटाघर की सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 320.60 करोड़ रुपये से रेलवे ओवरब्रिज बनाने की योगी सरकार ने मंजूरी दी है।

उप्र राज्य सेतु निगम को जरीब चौकी पर फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का दायित्व सौंपा गया है। निगम सभी संबंधित विभागों को यूटिलिटी शिफ्टिंग मद में धन दे चुका है। जलकल, केस्को और सीयूजीएल को मौके पर सीवर, बिजली और गैस लाइन हटानी है। सेतु निगम ने शिफ्टिंग कार्य के लिए संबंधित विभागों को 50 करोड़ से अधिक की राशि दी है। इसी मद में नगर निगम को 22.30 करोड़ रुपये दिए गए थे। आठ मई को सांसद रमेश अवस्थी ने इस पुल के निर्माण के लिए जरीब चौकी चौराहे के समीप भूमि पूजन किया था।

### एलीवेटेड रोड के शिलान्यास के लिए मंत्री गडकरी से मिले सांसद



परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ सांसद रमेश अवस्थी।

- **कानपुर।** रामादेवी से गोल चौराहे तक प्रस्तावित एलीवेटेड रोड परियोजना का शिलान्यास 25 मई को होना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सांसद रमेश अवस्थी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात की। सांसद रमेश अवस्थी ने कानपुर के लिए प्रस्तावित लगभग 1000 करोड़ रुपये की एलिवेटेड रोड परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। गडकरी ने कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी सांसद रमेश अवस्थी को सौंपी। रामादेवी चौराहे से गोल चौराहे तक बनने वाली यह एलिवेटेड रोड जीटी रोड पर यातायात को सुगम बनाएगी। वर्तमान में इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों एवं आम नागरिकों के आवागमन के कारण लंबे जाम की स्थिति बनी रहती है। एलिवेटेड रोड बनने के बाद लोगों को जाम से राहत मिलने के साथ यात्रा समय में भी कमी आएगी।




एथलेटिक में विजयी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

### सीआईएससीई एथलेटिक प्रतियोगिता

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में सीआईएससीई एथलेटिक प्रतियोगिता बालिका वर्ग 2026 साउथ जोन कानपुर का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया और प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने दौड़, रिले रेस सहित कई एथलेटिक मुकाबलों में दमखम दिखाया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वीना साइलस, प्रबंध निदेशिका दीक्षा साइलस, चेयरमैन यशराज साइलस और मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयला नगर की प्रधानाचार्या जेसी जॉन उपस्थित रहीं।

## सिटी डायरी



मरीज के साथ मौजूद डॉक्टर।

### महिला के पेट से निकाले मल्टीपल फाइब्रॉइड्स

**कानपुर।** चांदनी हॉस्पिटल में नाला रोड निवासी 43 वर्षीय एक महिला लंबे समय से पेट में असामान्य सूजन, लगातार दर्द, भारीपन व कमजोरी से परेशान थी। चांदनी हॉस्पिटल में जांच के दौरान गर्भाशय में अत्यधिक बड़ा व मल्टीपल फाइब्रॉइड्स युक्त विशाल गर्भाशय पाया गया। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.पल्लवी सिंह के नेतृत्व में टीम ने आधुनिक तकनीक के साथ ऑपरेशन कर विशाल गर्भाशय व मल्टीपल फाइब्रॉइड्स को बाहर निकाला। डॉ.पल्लवी सिंह ने बताया कि आजकल महिलाओं में फाइब्रॉइड्स की समस्या तेजी से बढ़ रही है। चांदनी हॉस्पिटल के संरक्षक डॉ. सीके सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के बाद महिला स्वस्थ है।



लिटिल एंजल स्कूल में मातृ दिवस मनाया।

### बच्चों की प्रस्तुतियों से भावुक हुईं माताएं

**कानपुर।** मदर्स-डे के अवसर पर तिलक नगर स्थित लिटिल एंजल स्कूल में मंगलवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अपनी माताओं को समर्पित कविता पाठ, गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभी माताओं ने मिलकर केक काटकर मदर्स-डे का उत्सव मनाया। इसके साथ ही विद्यालय की ओर से विभिन्न मनोरंजन खेलों का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रेम अरोरा ने आभार व्यक्त किया।



डीपीएस आजाद नगर में मदर्स डे मनाया गया।

### मां के नाम रहा दिन, रंगारंग कार्यक्रम

**कानपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर में मंगलवार को मातृ दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रोवाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा, प्रधानाचार्या शिल्पा मनीष और विद्यार्थियों की माताओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने मां के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। क्वीन थीम पर आयोजित रैंप वॉक आकर्षण का केंद्र रही। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे।

### बचपन प्ले स्कूल में बच्चों ने पूल पार्टी में की मस्ती

**कानपुर।** विकास नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए स्प्लैश पूल पार्टी का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पानी में खेलकूद, मस्ती और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे स्विमिंग परिधानों में पानी के खेल खेले और अपने दोस्तों के साथ यादगार पल बिताए। विद्यालय के निदेशक नितिन त्रिपाठी व प्रधानाचार्या प्रियंका श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नि:शुल्क कोचिंग के लिए पूर्व सैनिक 20 तक करें पंजीकरण

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से कहा कि निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उप्र लखनऊ के तत्वावधान में कंप्यूटर, आईटीआई प्रशिक्षण व एसएसबी कोचिंग नि :शुल्क कराया जाना संभावित है। इच्छुक पूर्व सैनिक व उनके आश्रित 20 मई तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय उन्नाव में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। प्रशिक्षण संबंधी अग्रिम कार्यवाही की सूचना पंजीकृत अभ्यर्थियों को दी जाएगी।

### साइबर फ्रॉड में खाते से 84 हजार पार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट क्षेत्र में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। क्षेत्र के मोहल्ला रहमत नगर निवासी नफीस ने साइबर थाना व गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 11 मई की सुबह 9 :43 बजे उनके गूगल पेमेंट ऐप के माध्यम से अचानक 84,986 रुपये का ट्रांजक्शन हो गया। यह रकम उनके बैंक ऑफ इंडिया शुक्लागंज शाखा के खाते से सुखविंदर सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गई। इसके बाद पीड़ित ने बैंक स्टेटमेंट व अन्य दस्तावेजों के साथ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है।

### तीन बाल श्रमिक किए गए चिह्नित

**उन्नाव, अमृत विचार :** सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने बताया कि बुधवार को तहसील सदर में 3 प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर 3 बाल व किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। उल्लंघनकर्ता सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण करने वालों में निलेश दीक्षित श्रम प्रवर्तन अधिकारी , शैलेश यादव व दशरथ सिसोदिया सब इंसपेक्टर एएचटी उन्नाव, महिला कांस्टेबल पूजा, एएचटी दिवाकर ओझा चाइल्ड हेल्प लाइन आदि थे।

### डीएम कैंप कार्यालय व कलक्ट्रेट के सहायकों की हुई बदली

**उन्नाव, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट व डीएम कैंप कार्यालय के सहायकों का स्थानांतरण कर दिया गया। डीएम घनश्याम मीना ने अपने कैंप कार्यालय में संबद्ध रहे कनिष्ठ सहायक मृदुल अवस्थी को बीघापुर तहसील स्थानांतरित किया है। वहीं, कलक्ट्रेट के सहायक न्याय सहायक अंकित गौतम को कैंप कार्यालय में संबद्ध किया है। विविध सहायक कलक्ट्रेट मिथलेश कुमार को सहायक न्याय सहायक बनाया है।

# हे राम ऐसा जाम: रेलवे क्रॉसिंग व पुल की मरम्मत से थम गया शहर

## प्रमुख मार्गों के मरम्मत कार्यों के कारण पूरा शहर भीषण जाम की आगोश में रहा, सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व दफ्तर जाने वाले लोगों को हुई

शुभम निगम, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के प्रमुख मार्गों पर एक साथ शुरू हुए मरम्मत कार्यों ने दूसरे दिन मंगलवार को भी आम जनजीवन की कमर तोड़कर रख दी। शहर की रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग और हरदोई पुल पर चल रहे कार्य के कारण पूरा शहर भीषण जाम की आगोश में रहा। इससे स्कूली बच्चों से लेकर दफ्तर जाने वाले लोग गर्मी में बेहाल दिखे।

बताते चलें कि आवास विकास कालोनी स्थित रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत के चलते लगातार दूसरे दिन भी आवागमन पूरी तरह ठप रहा। भारी वाहनों व बसों को गदनखेड़ा व गलियों से होकर शहर आना पड़ा। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। हरदोई पुल पर मरम्मत कार्य की वजह से आधी सड़क बंद रही। इसका पूरा दबाव कचहरी पुल पर आ गया। जो शहर की लाइफ लाइन माना जाता है। सुबह से शाम तक गांधीनगर तिराहा से बड़ा चौराहा व कचहरी पुल से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तक सड़क कम गाड़ियां अधिक नजर आईं। पारे की तपिश व ऊपर से घंटों का जाम इस दोहरी मार ने राहगीरों का बुरा हाल कर दिया। जाम में फंसे स्कूली बच्चे पसीने से तर-बतर दिखे, वहीं आम जनता प्रशासन की कार्यशैली को कोसती नजर आई। जाम का मंजर इतना भयावह था कि वहां से गुजरने वाले अधिकारी भी स्थिति देखकर दंग रह गए। त्रस्त लोगों के मुंह से बस एक ही बात निकल रही थी, हे राम ये कैसा जाम, कब मिलेगी इस महाजाम से निजात।



छोटा चौराहा के पास सड़क पर खड़ी बाइकें व लगा जाम।



मुख्य मार्ग पर सड़क की दोनों लेन में लगा भीषण जाम।



कॉलेज रोड के पास जाम में फंसे स्कूली वाहन।

### 39 डिग्री की 'अग्निपरीक्षा' जाम में घंटों कैद रहे नौनिहाल

**उन्नाव :** मंगलवार को पारा 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जिससे सड़कें भट्ठी की तरह दहकती नजर आईं। सबसे बुरा हाल गांधीनगर तिराहा से बड़ा चौराहा तक लगे जाम के दौरान डीएसएन कॉलेज रोड का रहा। जहां दोपहर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के बीच स्कूली बसें व वैन घंटों जाम में फंसी रहीं। बंद गाड़ियों में पसीने से तर-बतर मासूम बच्चे बेहाल रहे। बेतरतीब खड़े वाहनों से स्थिति और गंभीर हो गई। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टी के समय यातायात सुचारु करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ताकि नौनिहालों को इस जानलेवा गर्मी में राहत मिल सके।

# जिनका भरोसा वीर हनुमान, उनका बिगड़ता नहीं कोई काम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- ज्येष्ठ के दूसरे मंगलवार को जिले भर में बही भक्ति की बयार

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के द्वितीय मंगलवार (बड़े मंगल) पर जिले में भोरपहर से ही मंदिरों में बजरंगबली के जयकारे गूंजने लगे और भक्तों ने हनुमान जी का विधिवत पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शहर के प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी ने पवनपुत्र का विशेष श्रृंगार कर आरती उतारी। इसके बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया। भक्ति का यह सिलसिला केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रहा। लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में भी सुंदरकांड पाठ किया। कई स्थानों पर संगीतमय सुंदरकांड के आयोजनों ने वातावरण आध्यात्मिक बना दिया। सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए शहर के विभिन्न चौराहों पर भव्य भंडारों का आयोजन हुआ। छोटा चौराहा पर आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में शालू मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, अंकित निगम, राहुल दुबे, अंकुर सोनी, आकाश सोनी, सनी की टीम ने सेवा कमान संभाली। यहां लोगों को पूड़ी-सब्जी के साथ गर्मी से राहत दिलाने के लिए कोल्डड्रिंक, बूंदी व शीतल जल बांटा गया। बड़ा चौराहा पर शैलेंद्र मिश्रा, जितेंद्र सेठी, संजय शुक्ला, जितेंद्र त्रिपाठी व गौरव सिंह रवि द्वारा पूड़ी-सब्जी व बूंदी का वितरण किया गया। बड़ा चौराहा पर सराफा व्यवसायियों व स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर सेवा कार्य किया। अमित आनंद, निखिल गुप्ता, मोनू सरदार, मयंक गुप्ता, रामजी गुप्ता, प्रत्यूष आनंद व सुमित गुप्ता ने श्रद्धालुओं को सब्जी-चावल व पूड़ी बांटी। दिन भर चले आयोजनों में न केवल श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि राहगीरों व जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन व जल उपलब्ध कराकर 'बड़े मंगल' की परंपरा को जीवंत किया।





बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों द्वारा लाया प्रसाद चढ़ाते सेवक व बाबा बजरंग बली के दर्शन करते भक्त।



छोटा चौराहा पर पूड़ी-सब्जी, बूंदी व कोल्डड्रिंक का वितरण करते भक्त।

### क्वायर सिंगिंग स्पर्धा में अंबिका का बेहतर प्रदर्शन



स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ प्रबंधक अजय त्रिवेदी। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के लिए उस समय गर्व का क्षण रहा जब विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उन्नाव सहोदया स्कूल द्वारा आयोजित यूएसएस क्वायर सिंगिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें जिले के सभी सीबीएसई विद्यालयों ने भाग लिया। ग्रुप-बी (कक्षा 6 से 8) में विद्यालय की छात्राएं रिद्धि बाजपेई, एंजेल आर, आध्या अवस्थी, स्वपनिल, अनिका व शालेम ने शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान पाया। वहीं ग्रुप-ए (कक्षा 3 से 5) में अलव्य गुप्ता, अमायरा गुप्ता, आलिया खान, अमूल्या बाजपेई, आकर्ष अवस्थी व महक गुप्ता ने द्वितीय स्थान पाया। प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। संगीत शिक्षक रंजीत डेविड एवं शिक्षिका ईश्वरी देवी को भी विशेष बधाई दी गई।

### नवनियुक्त मंत्री कैलाश राजपूत का स्वागत



हाईवे पर नवनियुक्त मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** लखनऊ से कानपुर जाते समय कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र के विधायक व नवनियुक्त मंत्री कैलाश राजपूत का मंगलवार को हाईवे स्थित आजाद मार्ग चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में जिला प्रभारी उन्नाव व पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष विजय तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से राजेश तिवारी, पप्पू, शुभम तिवारी, आशीर्वाद तिवारी, लंकेश मिश्रा, श्याम तिवारी, रजत सिंह, राजेश वर्मा, शिवांश शर्मा व राहुल दीक्षित आदि ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री कैलाश राजपूत ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते कहा कि वे जनसेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को 3 वर्ष की सजा, 55 हजार जुर्माना

संवाददाता उन्नाव

- विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने की सुनवाई

**अमृत विचार।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या-12 ने मंगलवार को पॉक्सो एक्ट के एक मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 55 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने रामप्रसाद निवासी गांव रायपुर थाना फतेहपुर चौरासी पर 30 मई 2018 को घर में घुसकर छेड़छाड व मारपीट करने पर पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की विवेचना तत्कालीन एसआई धर्मेंद्र सिंह ने की और आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य जुटाकर 16 जून 2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मामला विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट में विचाराधीन था।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में अभियोजन पक्ष से सरकारी वकील प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा पेश की गई दलील सुनने के बाद न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह ने रामप्रसाद को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष की सजा के साथ 55 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

# दूसरे बड़े मंगल पर बांटा प्रसाद व शर्बत

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगलवार पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार हुआ और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसमें विभिन्न स्थानों पर प्रसाद व शर्बत वितरण किया गया। जिससे राहगीरों को गर्मी में राहत मिली।

नगर के राजमार्ग स्थित महावीर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। वहीं दुर्गा मंदिर के सामने सुबह से शाम तक शर्बत वितरण चला। जहां लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत महसूस की। इसके अलावा राजमार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर आदि स्थानों में भी प्रसाद बांटा गया। सीताराम कॉलोनी स्थित आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों ने भजन-कीर्तन कर बाबा का गुणगान किया। वहीं गांधी नगर के सामने पूर्व सभासद डब्बू जायसवाल ने अपने पिता की नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए शर्बत वितरण कराया। इस दौरान अखिलेश जायसवाल, सोनू जायसवाल, बंटी जायसवाल, दीपक, मनन व मोंट आदि मौजूद रहे।



राजधानी मार्ग पर होता शर्बत वितरण। ● अमृत विचार

### अंडरपास बंद होने से दिन भर रहा जाम



अंडरपास मार्ग बंद करने के लिए लगाई गई बैरीकेडिंग। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर एचबीम कार्य के चलते अंडरपास मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। इससे मंगलवार को क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। रेलवे द्वारा अंडरपास के ऊपर मरम्मत कार्य कराया जा रहा था। इसके चलते सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी गई। बताया गया कि रेलवे प्रशासन ने पूर्व में जिला प्रशासन को पत्र भेजकर बैरिकेडिंग की अनुमति मांगी थी। जिसमें डीएम, एसएसपी, रेलवे सुरक्षा बल उन्नाव व गंगाघाट कोतवाली प्रभारी से स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया गया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे से बैरिकेडिंग कर दी गई और मौके पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई।

# गंगा रेलवे ब्रिज: लाइन पर लगे 1709 स्लीपर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा नदी पर बने गंगा रेलवे ब्रिज की डाउन लाइन पर बीते 41 दिनों से चल रहा मेगा ब्लॉक का कार्य निर्धारित समय से एक दिन पहले पूरा कर लिया गया। इस दौरान पुराने व जर्जर लोहे की चादरों व ट्रफ हटाकर नए एचबीम चैनल स्लीपर डाले गए। रेलवे ने इस कार्य को तय समयसीमा में पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को मेगा ब्लॉक के 41वें दिन सुबह 10 बजे कार्य शुरू हुआ। इसमें लखनऊ से आए एक्सईएन रामलखन सचान, जेई ब्रिज रवीन्द्र शर्मा व अखिलेश पाठक रहे। रेल कर्मियों ने शुक्लागंज की ओर डाउन लाइन पर तेजी से स्लीपर डालने का कार्य किया। सुबह से शाम छह बजे तक चले कार्य में पूरे पुल पर कुल 1709 एचबीम स्लीपर डाले जाने का लक्ष्य पूरा किया गया। अधिकारियों के अनुसार 42वें दिन शेष कार्य जैसे फिटिंग, गार्ड रेल, गैंगवे प्लेट आदि पूरे किए जाएंगे। इसके साथ ही लखनऊ से वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण की भी संभावना है। बताया कि 2 अप्रैल से डाउन लाइन पर मेगा ब्लॉक के चलते रोज 8 घंटे का रेल संचालन प्रभावित था। अब कार्य पूर्ण होने पर 14 मई से ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू होने की उम्मीद है। बताया कि रेलवे पुल पर संचालन शुरू होने के बाद शुरुआती 4 से 5 दिनों तक ट्रेनों की गति 15 किमी प्रति घंटा रखी जाएगी।



रेलवे पुल पर एचबीम स्लीपर डालने का होता कार्य। ● अमृत विचार

# शिकंजा: कॉपर केबिल चोरी के पांच आरोपी दबोचे गए

नवाबगंज, उन्नाव

- मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस को मिली कामयाबी

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि वर्ष-2025 में अजगैन रेलवे क्रॉसिंग के पास एक निजी दूरसंचार कंपनी के टावर से 110 मीटर तांबे का केबिल चोरी हुआ था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। सोमवार रात मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के अमरामऊ चौराहे के पास घेराबंदी कर 5 लोगों को पकड़ा। इसमें सुरेश उर्फ टंडेल निवासी भदेवना थाना माखी, छोटे उर्फ छुट्टन निवासी रायपुर बुजुर्ग थाना दही, सूरज उर्फ रामसजीवन, जगदीश निवासी भेदौना थाना माखी व सुनील निवासी तोमरनखेड़ा मजरा मलांव कोतवाली अजगैन शामिल थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अजगैन, सफीपुर व हरदोई के माधौगंज क्षेत्र में टावर व सोलर प्लांट से केबल चोरी की घटनाएं कबूल कीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 बोरियों में भरा 47 किलो छिला हुआ कॉपर तार, 2060 रुपये, 3 मोबाइल, प्लास व आरी बरामद की है। कोतवाल ने बताया कि बरामदगी के आधार पर जरूरी कार्रवाई कर सभी को जेल भेजा गया है।

### छोटी मदद भी बच्चों की दैनिक मुश्किलें कर देती आसान

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र की न्योतनी नगर पंचायत स्थित जय नारायण सर्वोदय विद्यालय में मंगलवार को पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कन्नौजिया ने आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट किए। तेज हवा में बच्चों के कपड़े उड़ने की समस्या देख उन्होंने उन्हें 500 चिमटी (क्लिप) दीं। इसमें उन्होंने कहा कि छोटी-सी मदद भी बच्चों की दैनिक मुश्किलों को आसान बनाने में बड़ी भूमिका निभाती है। इससे छात्रों में हर्ष का माहौल रहा। कहा गया कि सभी की मदद करनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक, शिक्षकगण व उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ध्रुव-प्रह्लाद प्रसंग सुन भक्त हुए भावविभोर

**हसनगंज, उन्नाव।** मौला बाकीपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक आचार्य पंडित. सूर्यकांत बाजपेई ने ध्रुव महाराज व भक्त प्रह्लाद की प्रेरणादायक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने ध्रुव चरित्र के माध्यम से बताया कि मात्र 5 वर्ष की अल्पायु में ध्रुव ने अपनी सौतेली मां के तिरस्कार को संकल्प में बदलकर कठोर तप से भगवान विष्णु को प्रसन्न किया। उन्होंने संदेश दिया कि यदि श्रद्धा सच्ची हो, तो परिस्थितियां सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बनतीं। वहीं, भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए भगवान सदैव अवतार लेते हैं। आयोजन में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री के पुत्र विकास किशोर भी शामिल हुए।

समीक्षा बैठक

## डीएम ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, मातहतों को दिए शत-प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश

# भू-माफियाओं पर कड़ी धाराओं में दर्ज कराएं मुकदमा : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** डीएम घनश्याम मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व वसूली की समीक्षा हुई। लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली वाले विभागों पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने अभियान चलाकर शत प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश मातहतों को दिए।

डीएम ने बैठक में वन विभाग की खराब राजस्व वसूली के चलते अपर मुख्य वन अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए सुधार की हिदायत दी। वाणिज्य, ऊर्जा, विद्युत व खनन की कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त कर शत प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश दिये। संभागीय परिवहन अधिकारी से पूछा कि अभी तक कितने वाहन संचालकों को नोटिस दिया गया, कितने पर एफआईआर कराई गई, कितनी गाड़ियां बंद की गईं इसकी रिपार्ट लेकर अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिए। वहीं, अवैध खनन पर गहन चेकिंग कर कार्यवाही करने को भी कहा। कहा कि सुनिश्चित करें कि किसी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम न रहे। इसमें कोई लापरवाही न हो यह ध्यान दिया जाए। डीएम ने तहसील न्यायालयों में दर्ज मुकदमों के निस्तारण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। कहा कि किसी भी न्यायालय में 5 व 3 साल पुराने वाद लंबित न रहें यह सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी तहसीलों में बड़े बकाएदारों की समीक्षा की। उन्होंने बड़े बकाएदारों की वसूली प्राथमिकता से कराने के निर्देश देते हुए कहा कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाये। जो जमीन के कारोबार में संलिप्त भू-माफियां हैं उन पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराएं। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गोंड, अमिताभ यादव, एसडीएम सदर, हसनगंज, पुरवा, बांगरमऊ आदि मौजूद रहे।




बैठक में अफसरों को निर्देशित करते डीएम। ● अमृत विचार

### पेयजल की शुद्धता में लापरवाही हुई तो खैर नहीं: डीएम

**उन्नाव :** डीएम घनश्याम मीना ने नगर पालिका उन्नाव द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत देवारा कला में संचालित 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इसका मुख्य उद्देश्य नगर वासियों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की शुद्धता व प्लांट की कार्यप्रणाली परखना था। डीएम ने प्लांट की मशीनों की स्थिति, मैनपावर व जल शोधन की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पानी के पीएच मान, आर्सेनिक, बीओडी व सीओडी जैसे महत्वपूर्ण मानकों की नियमित जांच हो। डीएम ने विशेष रूप से पानी में घुलनशील हैवी मेटल्स व माइक्रो-केमिकल्स का प्रतिशत चेक कराकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। अफसरों को निर्देशित किया कि नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने प्लांट के आधुनिकीकरण हेतु अनुभवी एजेंसी व नवीन तकनीकों को शामिल करने के लिए तत्काल डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने का आदेश दिया। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए उन्होंने विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए उच्च क्षमता के जनरेटर का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ईओ संजय गौतम सहित अन्य संबंधित अधकारी मौजूद रहे।



वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते डीएम।

### अंडर-23 क्रिकेट ट्रायल में डीसीए-सी की शानदार जीत

**उन्नाव, अमृत विचार।** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 हेतु अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल का दूसरा मुकाबला एवरेस्ट क्रिकेट ग्राउंड बंथर में हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि डीसीए-बी व डीसीए-सी के बीच हुए मैच में डीसीए-सी ने दबदबा बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए-सी ने 40 ओवरों में 265 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में डीसीए-बी की टीम मात्र 180 रन ही बना सकी। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी व विकेटकीपिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान साकिर हुसैन व ओम मिश्र आदि पदाधिकारी रहे।

## संकल्प और संकेत

प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती' केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय मनोबल को मजबूत करने वाला सशक्त संदेश भी है। यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, वैश्विक ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता विश्व राजनीति को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों को केवल घरेलू राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के संदर्भ में भी समझना होगा।

भारत आज ऐसे वैश्विक दौर में खड़ा है, जहां बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र हो चुकी है। चीन सीमा और रणनीतिक प्रभाव के स्तर पर चुनौती बना हुआ है। पाकिस्तान लगातार अस्थिरता और आतंकवाद के माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। पश्चिमी शक्तियां कभी-कभी व्यापार, मानवाधिकार, प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक अपेक्षाओं के माध्यम से दबाव बनाती दिखाई देती हैं। ऊर्जा बाजार, डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भी आधुनिक दौर में रणनीतिक दबाव के औजार बन चुकी हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का संदेश वस्तुतः यह था कि भारत बाहरी दबावों के बावजूद अपनी स्वतंत्र नीति और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। सोमनाथ अमृत महोत्सव को 'प्रेरणा पर्व' बताने के पीछे भी यही सोच दिखाई देती है। सोमनाथ मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की पुनर्स्थापना और आत्मविश्वास का प्रतीक भी माना जाता है। इतिहास में अनेक आक्रमणों और विध्वंस के बाद भी उसका पुनर्निर्माण भारतीय समाज की सांस्कृतिक जिजीविषा का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री इस प्रतीक को आधुनिक भारत की आत्मनिर्भरता और पुनरुत्थान की कथा से जोड़ते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस अवसर पर परमाणु परीक्षणों और चंद्रयान-3 के 'शिवशक्ति' नामकरण का भी उल्लेख किया। इसका निहितार्थ स्पष्ट है— भारत अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को विरोधाभासी नहीं, बल्कि पूरक मानता है। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में सरकार 'विकास और विरासत' को साथ लेकर चलने का राजनीतिक-सांस्कृतिक विमर्श गढ़ रही है। एक ओर हाईवे, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और अंतरिक्ष कार्यक्रम की चर्चा होती है, दूसरी ओर काशी, अयोध्या, महाकाल और सोमनाथ जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा जाता है। यह भाजपा की व्यापक वैचारिक राजनीति का भी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे संकट की आशंकाओं के बीच जनमानस को भयभीत होने से रोकना चाहते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, ट्रंप द्वारा ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद युद्धविराम के वेंटीलेटर पर होने जैसा कठोर बयान, ईरान-संबंधी तनाव और तेल बाजार की अनिश्चितता स्वाभाविक रूप से भारत जैसी ऊर्जा आयातक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

### प्रसंगवश

## उच्च शिक्षा में प्रासंगिक होता 'मार्केट फॉर लेमन्स'

भारत में उच्च शिक्षा का तीव्र विस्तार अवसरों के साथ-साथ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आया है। एक ओर विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। ऐसे समय में अर्थशास्त्री जॉर्ज अकेलॉफ का 'मार्केट फॉर लेमंस' सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक दिखाई देता है। इस सिद्धांत के अनुसार जब उपभोक्ता को किसी वस्तु की वास्तविक गुणवत्ता की सही जानकारी नहीं होती, तब निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद बाजार पर हावी हो जाते हैं और अच्छे उत्पाद पीछे हट जाते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी उपभोक्ता हैं और संस्थान सेवा प्रदाता। जब विद्यार्थियों को संस्थानों की वास्तविक स्थिति, शिक्षकों की गुणवत्ता, रोजगार संभावनाओं, शोध कार्य और आधारभूत सुविधाओं की सही जानकारी नहीं मिलती, तब वे कमज़ोर संस्थानों में प्रवेश लेने को विवश हो जाते हैं।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत में उच्च शिक्षा का विस्तार मुख्य रूप से नीतिगत प्रयासों के कारण हुआ है। नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने, दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहन देने, ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने पर बल दिया। इससे शिक्षा तक पहुंच बढ़ी और अधिक विद्यार्थियों को अवसर मिला, परंतु संस्थानों की गुणवत्ता उसी गति से विकसित नहीं हो सकी। अनेक निजी संस्थान आकर्षक विज्ञापन, भव्य परिसर और बड़े-बड़े दावे करके विद्यार्थियों को अपनी ओर खींचते हैं, जबकि वास्तविकता में वहां योग्य शिक्षक, शोध वातावरण और रोजगारपरक शिक्षा का अभाव होता है। सरकारी आंकड़े भी अक्सर विलंब से आते हैं या सामान्य लोगों की समझ से परे जटिल रूप में उपलब्ध होते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी और अभिभावक सही निर्णय नहीं ले पाते। यही स्थिति निम्न गुणवत्ता वाले शिक्षा बाजार को जन्म देती है।

इसी समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था प्रारंभ की। इसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन निश्चित मानकों के आधार पर करना है। इसमें शिक्षण व्यवस्था, संसाधन, शोध कार्य, स्नातक परिणाम, समावेशन और प्रतिष्ठा जैसे पहलुओं को देखा जाता है। इस व्यवस्था ने पहली बार विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच दिया, जहां वे विभिन्न संस्थानों की तुलनात्मक स्थिति जान सकते हैं। इससे संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ी और अनेक कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों ने शिक्षकों की नियुक्ति, शोध प्रकाशनों, रोजगार सहायता केंद्रों और आधारभूत सुविधाओं में सुधार करना प्रारंभ किया।

इस रैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता के संकेत उपलब्ध कराए। अब विद्यार्थी केवल विज्ञापनों या प्रचार सामग्री पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि संस्थान की स्थिति, शोध प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम और समावेशन जैसी जानकारियों को देखकर निर्णय ले सकते हैं। इससे सूचना के अभाव की समस्या में कुछ कमी आई है। सरकार के लिए भी यह एक महत्त्वपूर्ण नीति उपकरण सिद्ध हुआ है, जिसके माध्यम से विभिन्न संस्थानों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन संभव हुआ है। फिर भी यह व्यवस्था पूर्ण समाधान नहीं है। इसकी सबसे बड़ी सीमा यह है कि यह काफी हद तक संस्थानों द्वारा स्वयं दिए गए आंकड़ों पर आधारित रहती है। यदि कोई संस्थान गलत या बढ़ा-चढ़ाकर जानकारी दे, तो रैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।


(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)



साहस के बगैर आप कोई अच्छा काम नहीं कर सकते हैं।
–इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री

## बंगाल में राजनीतिक प्रारब्ध और सत्ता ध्रुवीकरण की प्रक्रिया





रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल की पॉलिटिकल सोशियोलॉजी का करीब से अध्ययन किया जाए तो मालूम होता है कि बीजेपी का सत्ता में आना एक बुनियादी बदलाव का संकेत है। केंद्रित राजनीति से हटकर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को ममता ने काफी बदला, लेकिन उनका क्षेत्रीयवाद किसी को सुहाया नहीं। अबकी बार कई पार्टियों के बीच मुकाबले की जगह मुख्य रूप से दो पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसके परिदृश्य के मुख्य नए बदलावों में अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों को सामाजिक रूप से शामिल करने पर ज़ोर, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण में तेज़ी और चुनाव के बाद होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी शामिल है।

एशियाई जर्नल ऑफ़ कंपरेटिव पॉलिटिक्स के छह मई सन् 2022 के अंक में प्रकाशित एक शोधपत्र 'रीथिंकिंग रीजनल पॉलिटिक्सः बियोंड द 2021 वेस्ट बंगाल इलेक्शन्स' में समीक्षक विपिन कुमार चिरकरा ने कहा कि बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब मार्क्सवादी/क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है; यह चुनिंदा धर्मनिरपेक्षता से हटकर 'बंगाली हिंदू सभ्यता' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है।

सन् 2022 में आकलन करते समय चिरकरा ने कहा, 'बीजेपी ने वामपंथी/कांग्रेस की जगह मुख्य विपक्षी दल का स्थान ले लिया है, जिससे चुनाव अब तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई बन गए हैं।' बीजेपी ने ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल और जंगल महल में, को अपने पक्ष में करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे पारंपरिक, अभिजात वर्ग-संचालित राजनीतिक ढांचे टूट रहे हैं। अगर हमें इसे बहुत अच्छे से समझना है, तो हमें सन् 1891 में हर्बर्ट रिज्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' के अलावा दो और महत्वपूर्ण स्रोतों जैसे कि आशुतोष मित्र की 1953 में प्रकाशित किताब 'द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' एवं बंगाल के विभाजन से पहले के जो जिला गज़ेटीयर्स सन् 1905 से 1910 के बीच में तैयार किए गए और जिलों की सेटलमेंट रिपोर्ट्स को देखना होगा।

बंगाल में सवर्णों, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों के सामाजिक-धार्मिक व्यवहार, फिरोजशाह तुगलक के ज़माने से बंगाल में मुसलमानों का आगमन और सरदारों को जागीरें देने से स्थानीय हिंदुओं का अवसान, सन् 1947 का विभाजन और पोस्ट-कॉलोनियल पॉलिटिक्स के अलावा बंगाल में अंग्रेजों के समय की जागीरदारी प्रथा और किसानों के जबरदस्त शोषण के इतिहास में सन् 2000 और 2026 के बीच के पॉलिटिकल बदलावों को समझना होगा। विदेशियों और विधर्मियों की आधीनता के अलावा शोषण के लंबे इतिहास ने यहां वाम को उभारा, लेकिन वामदलों को राजनीति से बाहर करने के लिए ममता ने जो पॉलिटिक्स की, उसकी डायनामिक्स को समझे बिना बीजेपी के सत्तासीन होने की डायनामिक्स को भी नहीं समझा जा सकता।

ममता के विद्रोही तेवर किसी गहन आर्थिक-सामाजिक बदलाव का द्योतक नहीं थे, बल्कि एक प्रकार के खतरनाक क्षेत्रीयवाद का परिचायक रहे। इस लंबे दौर में बंगाल की बौद्धिकों की भूमिका बंगाल के आवाम की बहबूदी के लिए नहीं रही, बल्कि अंग्रेजों को प्रभावित करने, कॉलोनियल लिगेसी को बनाए रखने और एक अलग इलीट वर्ग के उदय से जुड़ी रही। कम्युनिस्टों के शासन काल में बंगाल के इंडस्ट्रियल परिदृश्य को मजदूरों के अराजक आंदोलनों ने ध्वस्त कर दिया। मुर्शिदाबाद से संचालित नबाबी संस्कृति को कलकत्ता की कॉलोनियल चकाचौंध ने फीका कर दिया और वे स्थल सिर्फ एक टूरिस्ट अट्रैक्शन बन कर रह गए।

सन् 1947 के बाद से बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों (दार्जिलिंग) को सिर्फ मनोरंजन स्थल समझा गया और वहां विकास के नाम कलकत्ता की सरकारों ने कुछ न किया। परिणाम स्वरुप सुभाष घीसिंग के नेतृत्व में हिंसक आंदोलन हुए, जिन्हें सेंट्रल गवर्नमेंट ने ही कंट्रोल किया, लेकिन दार्जिलिंग हिल्स ऑटोनोमस काउंसिल बनाने की कीमत पर।

हिंदू सांस्कृतिक पहचान पर बढ़ा हुआ ज़ोर सिर्फ ममता की राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिणाम है, जिसकी जड़ में मुस्लिम समाज को सामान अवसर और सामान विकास से परे हटकर स्टेट फंड्स से भारी उपकार राशि आवंटित की गई और दक्षिण-पश्चिम के जिलों के किसानों की तरक्की के लिए जो पैसा खर्च होना था, उसे डाइवर्ट कर दिया गया। इससे क्षेत्रीय धार्मिक इर्ष्या को बढ़ावा मिला। धार्मिक अभिव्यक्तियों का संभावित सामान्यीकरण किया जाना सही नहीं था।

बंगाल के सामने लंबे समय से चले आ रहे औद्योगिक ठहराव को हल करने की चुनौती है, साथ ही बीजेपी को बंगाल में अब एक विरोध-आधारित आंदोलन से हटकर एक सत्ताधारी पार्टी के रूप में काम करना सीखना है। अतीत के राजनीतिक ठहराव को समाप्त करते हुए तीव्र सांस्कृतिक और राजनीतिक बदलावों पर अब एक पब्लिक डिस्कोर्स की जरूरत है, जोकि बंगाल की यूनिवर्सिटीज़ और शांति निकेतन के बौद्धिकों को सोचना है।

ममता बनर्जी ने जिस तरह से पंद्रह सालों में बंगाल को 'मेरा बंगाल' कहकर पीड़ित बताया, वह बंगाल की जनता के साथ एक भावात्मक धोखे से अधिक नहीं निकला। भारत में इस समय एक तरह की राजनीतिक आक्रामकता देखने को मिल रही है, और इसके साथ ही एक 'पुनर्सांस्कृतिकरण' की प्रक्रिया भी बड़ी ही सूक्ष्मता से सामाजिक रीति-रिवाजों को बदल रही है। राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अराजकता की इस प्रचंडता को काबू कर पाना व्यवहारिक राजनीति का अभिन्न अंग है, जिसके लिए हर बार केंद्रीय सिक्यूरिटी फोर्सेज का बढ़ता इस्तेमाल एक तीव्र सूचक के तौर से हमारे सामने है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने




मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे– सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं– ये नाकामी के सबूत हैं। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या जवाहरलाल नेहरू 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान असफल थे। उस समय लोगों से सोना दान करने के लिए कहा गया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी इसी तरह की अपील की थी।

–सुधांशु त्रिवेदी
भाजपा प्रवक्ता



## एआई के जिन्न पर मस्क की चेतावनी के निहितार्थ



डॉ. शिवम भारद्वाज
एसोसिएट प्रोफेसर

आधुनिक दुनिया में साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था से सीधे जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। जिस तरह दुनिया का बड़ा हिस्सा डिजिटल ढांचों पर निर्भर होता जा रहा है, उसी अनुपात में साइबर खतरों का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक ऐसे औजार के रूप में देखा जा रहा है, जो इन खतरों से निपटने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है, लेकिन यही वह बिंदु भी है, जहां उम्मीद और आशंका साथ-साथ खड़ी दिखाई देती हैं।

मशहूर टेक कारोबारी एलन मस्क और ओपनए आई के बीच चल रहा अदालती विवाद इसी बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। मस्क का आरोप है कि ओपन एआई की स्थापना सुरक्षित और मानव-हितैषी एआई विकास के जिस उद्देश्य से हुई थी, वह अब भारी निवेश और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के दबाव में एक अलग दिशा में बढ़ रही है। इस विवाद को केवल निजी या कारोबारी टकराव मानकर खारिज करना आसान होगा, लेकिन इससे उठने वाला सवाल कहीं अधिक गंभीर है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

एलन मस्क और ओपन एआई के बीच चल रहा अदालती विवाद बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

मस्क यह चेतावनी भी दे चुके हैं कि आने वाले वर्षों में एआई इंसानी निर्णय क्षमता से आगे निकल सकती है, मनमानी कर सकती है। उनकी आशंकाओं को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह सच है कि एआई अब केवल निर्देश मानने वाली प्रणाली नहीं रह गई है। वह पैटर्न पहचानती है, प्राथमिकताएं तय करती है और कई बार इंसान से तेज फैसले लेने लगती है। यही कारण है कि एआई को लेकर बहस अब तकनीकी सुविधा की नहीं, बल्कि नियंत्रण और जवाबदेही की बन चुकी है।

एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां ऐसे उन्नत एआई मॉडल विकसित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य दुनिया के डिजिटल ढांचों— नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और साइबर प्रणालियों की कमजोरियों को पहले से पहचानना है। दावा यह है कि ये मॉडल लाखों पंक्तियों के कोड और नेटवर्क गतिविधियों का विश्लेषण कर उन खामियों को भी खोज सकते हैं, जिन्हें इंसानी विशेषज्ञ वर्षों तक नहीं पकड़ पाते। इस संदर्भ में 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' जैसी पहलें महत्वपूर्ण हो जाती हैं। पहली नजर में यह तकनीक साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि लगती है। दुनिया भर में सरकारें, बैंकिंग प्रणाली, ऊर्जा संयंत्र, अस्पताल और रक्षा संस्थान लगातार साइबर हमलों के खतरे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि एआई संभावित हमलों का पहले से पता लगा सके और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बना सके, तो यह स्वाभाविक रूप से उपयोगी प्रतीत होता है।

समस्या यहीं से शुरू होती है। अगर कोई उन्नत एआई मॉडल नेटवर्क की कमजोरियां असाधारण गति से खोज सकता है, तो वही क्षमता किसी साइबर अपराधी या शत्रुतापूर्ण संगठन के हाथों में हमले का औजार भी बन सकती है। यही वजह है कि कुछ कंपनियां अपने सबसे शक्तिशाली मॉडलों को सार्वजनिक रूप से जारी करने से हिचक रही हैं और उन्होंने इन्हें अभी केवल चुनिंदा टेक कंपनियों और सुरक्षा संस्थानों के साथ सीमित दायरे में साझा किया है।

दुनिया में पहले ही ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां एआई आधारित प्रणालियों ने गंभीर गलतियां कीं। स्वास्थ्य सेवाओं में इस्तेमाल किए गए कुछ एल्गोरिद्म ने जरूरतमंद मरीजों को कम प्राथमिकता दी, क्योंकि वे पक्षपाती आंकड़ों पर आधारित थे। रियल-एस्टेट क्षेत्र में एल्गोरिद्मिक मॉडल बाजार की जटिलता को समझ नहीं पाए और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। कुछ बॉट्स ने संवेदनशील मानसिक स्थिति वाले लोगों को संतुलित करने के बजाय उनके भ्रम को और मजबूत किया। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि मशीनें तार्किक दिख सकती हैं, लेकिन उनका तर्क हमेशा मानवीय संदर्भ नहीं समझता।

मस्क की चिंता भी मोटे तौर पर इसी दिशा में है। उनका कहना है कि यदि एआई का विकास केवल मुनाफ़े और प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के साथ आगे बढ़ा, तो सुरक्षा और नैतिकता पीछे छूट जाएंगी। यह डर पूरी तरह निराधार नहीं लगता, क्योंकि एआई विकास की वर्तमान दौड़ में अरबों डॉलर का निवेश और 'पहले बाजार में पहुंचने' की होड़ शामिल है। ऐसे माहौल में स्वैच्छिक संयम लंबे समय तक टिक पाना कठिन है।

इसका असर केवल कारोबार या साइबर सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। लोकतंत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। डीपफेक, फर्जी सूचनाएं और लक्षित डिजिटल प्रचार पहले ही सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर रहे हैं। एआई की मदद से सच और झूठ के बीच की रेखा और धुंधली होती जा रही है। यही वजह है कि कई विशेषज्ञ अब एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक चुनौती भी मानने लगे हैं। यहीं से नीति और शासन का प्रश्न केंद्रीय हो जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी 'कॉव' की

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सन् 1961 में भारत आईं। एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान एक गुलदस्ता उनपर फेंका गया, जिसे उछलकर बीच में ही किसी ने कैच कर लिया, उस समय महारानी ने चौंककर उन्हें देखा और मुस्कुरा कर कहा 'गुड क्रिकेट'। वो शख्स कोई और नहीं, बल्कि तत्कालीन आईबी के सहायक निदेशक आरएन कॉव थे, जो बाद में 'रॉ' चीफ बने।



रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर

जब इंदिरा जी सत्ता में आईं, तो उन्हें देश के लिए विदेशी खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए एक खुफिया एजेंसी की जरूरत महसूस हुई और उन्होंने आईबी के अच्छे आफिसरों को लेकर 'रॉ' यानी Research and Analysis Wings का गठन किया। रॉ की कमान संभालने के बाद उन्होंने इसे प्रोफेशनल खुफिया एजेंसी के तौर पर बनाया, ब्लूप्रिंट सरकार को दिया, पर खुद ही रॉ के लिए ढाई सौ एजेंट चुने। उनका प्रभाव इतना था कि सभी रॉ एजेंटों को 'कॉवब्यायज' ही कहा जाता था। आरएन कॉव वाराणसी से थे, उनका जन्म 10 मई 1918 को और मृत्यु 20 जनवरी 2002 को हुई, उन्होंने पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के साथ काम किया। आजाद भारत में वे आईबी के सहायक निदेशक बने। इस दौरान उन्हें पंडित नेहरु की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया।

कॉव जब आईबी के सहायक निदेशक थे, उस समय उन्हें एक खुफिया ऑपरेशन करने का मौका मिला था, एअर इंडिया का एक विमान जिसका नाम था 'कश्मीर प्रिंसेस'। वो हांगकांग से जकार्ता के लिए जाने वाला था और उसमें चीन के प्रधानमंत्री यूएन लाई वाडुंग जाने वाले थे। अंतिम समय में स्वास्थ्य कारणों से वे नहीं जा पाए और विमान इंडोनेशिया के तट पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तब कॉव साहब को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने जांच करके बताया कि इसमें ताइवान की खुफिया एजेंसी का हाथ है, चीनी प्रधानमंत्री उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाकर सम्मानित किया।

इस जांच के लिए उस समय आईबी चीफ भोलानाथ मलिक ने स्पेशली उनका नाम नेहरु जी को भेजा था, क्योंकि ये बेहद संवेदनशील थी, इसमें पांच देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। पहली तो भारत जिसका विमान था, दूसरी वो विमान अमेरिका में बना था। तीसरी चीन के प्रधानमंत्री उसमें जाने वाले थे, चौथी विमान हांगकांग से उड़ा था और इंडोनेशिया की सीमा पर गिरा था।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ओपेक से यूएई के अलग होने का वैश्विक प्रभाव

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस की अपनी लगभग 59 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक रूप से समाप्त कर दी। यूएई के इस अलगाव की चर्चाओं ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इस निर्णय का तेल की कीमतों, आपूर्ति-प्रणाली और वैश्विक आर्थिक संतुलन पर व्यापक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूएई की ओपेक में लगभग 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और यह इस समूह का लगभग तीसरा बड़ा उत्पादक है।

ओपेक की स्थापना सितंबर 1960 में हुई थी। यह तेल उत्पादक देशों के बीच एक समन्वयक संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। ओपेक का कार्य तेल उत्पादन को नियंत्रित करके कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। यूएई जैसे महत्वपूर्ण भागीदार के इस संगठन से अलग होने से ओपेक की एकजुटता प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी और वैश्विक ऊर्जा बाजार में संतुलन भी बदल सकता है।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

यूएई के इस निर्णय का सीधा प्रभाव तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। ओपेक की ताकत उसके सदस्य देशों के बीच उत्पादन को नियंत्रित करने की सामूहिक क्षमता में निहित है। यूएई इस व्यवस्था से बाहर आकर स्वतंत्र रूप से उत्पादन बढ़ाता है, तो वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों में गिरावट आ सकती है, हालांकि यह गिरावट स्थायी नहीं होगी, लेकिन यह वैश्विक बाजार को काफी हद तक अस्थिर करने में निर्णायक सिद्ध होगी। दीर्घकाल में, जब ओपेक में समन्वय कमजोर होगा, तब बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिससे तेल कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव हो सकता है।

यूएई के अलग होने से स्पष्ट है कि ओपेक के भीतर मतभेद बढ़ रहे हैं। इससे अन्य सदस्य देश, जैसे सऊदी अरब, कुवैत, इराक, लीबिया, इंडोनेशिया आदि भी अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इस प्रकार, वैश्विक ऊर्जा शासन में विखंडन की प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिससे ओपेक के अस्तित्व पर भी प्रश्न खड़े हो सकते हैं।

यूएई का निर्णय वैश्विक आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि कीमतें गिरती हैं, तो परिवहन और उत्पादन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण संभव होगा। इसके विपरीत, यदि कीमतों में अस्थिरता बढ़ती है, तो यह आपूर्ति-श्रृंखला को प्रभावित कर सकती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। तेल के सस्ता होने से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर और पवन ऊर्जा में निवेश की गति भी धीमी हो सकती है, जो 'ग्रीन ट्रांजिशन' की दिशा को प्रभावित करेगा और दीर्घकाल में नेट जीरो का लक्ष्य भी प्रभावित होगा।

भारत पर इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे, क्योंकि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करते हैं। ऐसे में तेल की कीमतों में कोई भी परिवर्तन सीधे भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यूएई द्वारा तेल का उत्पादन बढ़ाने से तेल की कीमतों में गिरावट होना स्वाभाविक है और यह स्थिति भारत के लिए लाभकारी अवसर के रूप में उभरेगी। भारत सस्ते तेल का लाभ उठाकर अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ा सकता है, जिससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम होगी। यूएई के इस कदम से स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और यूएई रुपये और दरहम में तेल भुगतान से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

चर्चित ब्रितानी कलाकार बैंक्सी का नवीनतम मूर्तिशिल्प, जिसे मध्य लंदन के वॉटरलू पैलेस में स्थापित किया गया है। समकालीन कला के उस हस्तक्षेपकारी स्वभाव को और तीव्रता से रेखांकित करती है, जहां कला केवल रूप-सौंदर्य तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सत्ता, विचारधारा और सार्वजनिक चेतना के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करती है। यह कृति, जिसमें एक सूटधारी राजनेता अपने ही झंडे से अंधा होकर शून्य की ओर अग्रसर है। समकालीन राजनीतिक विवेक के उस संकट का रूपक बन जाती है, जिसकी झलक आज दुनियाभर के कई देशों में स्पष्ट हो चुकी है।

# बैंक्सी की वाटरलू मूर्ति

## वैश्विक प्रतिक्रियाएं और समकालीन कला







सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

बैंक्सी की निजता अभी तक एक रहस्य ही है, किंतु इस बार उनके द्वारा या उनके नाम से स्थापित यह मूर्तिशिल्प कुछ नए सवाल भी उठाते हैं। यहां यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस बार बैंक्सी की कृति एक प्रमुख शहरी स्थल पर 'स्थापित' होती है, न कि पारंपरिक ग्राफिटी की तरह किसी 'अवैध हस्तक्षेप' के रूप में।

जाहिर है ऐसे में यह परिवर्तन समकालीन कला की संस्थागत स्वीकृति की ओर संकेत करता है। पहले जहां बैंक्सी की कला 'विरोध' के रूप में दीवारों पर उभरती थी, वहीं अब वही कला शहर के दृश्य-परिदृश्य का अधिकृत हिस्सा बनती दिखती है।

यहां एक द्वंद्व उत्पन्न होता है कि क्या यह अब भी प्रतिरोध की कला है या वह धीरे-धीरे सत्ता-संरचना द्वारा स्वीकृत हो रही है? या कहें कि घुलमिल रही है। वैश्विक कला आलोचना में यह बहस नई नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी जीन-मिशेल बास्किया और कीथ हेरिंग जैसे कलाकारों के साथ भी यही हुआ, जहां उनकी कलाकृतियां पहले तो सड़क की विद्रोही कला के तौर पर सामने आईं किंतु अंततः उनकी कृतियां कला दीर्घाओं और कला बाजार का हिस्सा बन गईं।

बहरहाल इस मूर्ति पर विश्वभर में मिली प्रतिक्रियाओं को मुख्यतः तीन श्रेणी में रखकर समझा जा सकता है, जिसमें पहली है राजनीतिक प्रतिक्रिया, जिसके तहत कई विश्लेषकों ने इसे दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद और अधिनायकवाद की तीखी आलोचना के रूप में देखा है। यूरोप, अमेरिका और एशिया के संदर्भों में यह कृति उस 'अंध राष्ट्रवाद' की ओर संकेत करती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकता है।

वहीं कलात्मक/सौंदर्यशास्त्रीय प्रतिक्रिया के तहत इसे कला समीक्षकों के एक वर्ग द्वारा इसकी न्यूनतावादी संरचना और सशक्त रूपक को सराहा जा रहा है। क्योंकि यहां बैंक्सी बिना किसी जटिल संरचना के, एक सीधी दृश्य भाषा में गहन राजनीतिक अर्थ या संदेश संप्रेषित करते हैं, जो समकालीन 'राजनीतिक अभिव्यक्ति वाली कला' की प्रमुख विशेषता है। उधर इस मूर्तिशिल्प पर संशय और आलोचना भी सामने है। क्योंकि कुछ आलोचकों ने इस कृति की 'प्रामाणिकता' और 'अनामता' पर प्रश्न उठाए हैं। क्योंकि बैंक्सी की पहचान को लेकर वर्षों से चल रही जिज्ञासा और समय-समय पर हुए असफल खुलासे इस धारणा को जन्म देते हैं कि यह संभवतः किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक संगठित बौद्धिक समूह का कार्य हो सकता है।

यहां बैंक्सी एक 'कलाकार' से अधिक एक 'बनाए गए मिथक' के तौर पर चिन्हित होते हैं। एक ऐसा मिथक बनकर, जो समकालीन समाज में आलोचनात्मक आवाज को सुरक्षित दूरी से व्यक्त करने का माध्यम बन गया है। वैसे यदि हम इसे वैश्विक कला इतिहास के संदर्भ में देखें, तो यह कृति 20 वीं सदी में प्रचलित हुए अवां-गार्द और क्रांतिकारी कला-आंदोलनों की उत्तराधिकारी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, व्लादिमीर टैटलिन की कृति 'तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का स्मारक' (Monument to the Th ırd Internat ıonal) एक यूटोपियन भविष्य की कल्पना करता है, जहां कला और राजनीति एक नई सामाजिक संरचना का निर्माण करते हैं।

इसी प्रकार, चर्चित सोवियत मूर्तिशिल्प 'श्रमिक और कोलखोज महिला' (Worker and Kolkhoz Woman) प्रगति, श्रम और सामूहिकता के आदर्श को महिमामंडित करती है। बात मूर्तिकार रामकिंकर बैज की कृति 'मिल की पुकार' (Mill Call) भारतीय आधुनिक मूर्तिकला का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसमें श्रमिकों को मिल की पुकार पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दर्शाया गया है, जो औद्योगिक श्रम-संस्कृति और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक है। आकृतियों की गतिशीलता, खुरदरी सतह और स्थानीय सामग्री का प्रयोग इसे अकादमिक यथार्थवाद से अलग करता है। यह कृति श्रम की गरिमा, वर्ग-चेतना और आधुनिक भारत के उभरते औद्योगिक समाज को व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें लोक जीवन की सहजता और आधुनिकतावादी प्रयोगधर्मिता का अनूठा संगम भी दिखाई देता है।



### वैचारिक हस्तक्षेप और कला

बैंक्सी की यह कृति इन परंपराओं के विपरीत बतौर एक "विरोधी स्मारक" सामने आती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में यह किसी आदर्श की स्थापना नहीं करती, बल्कि आदर्शों के विघटन को सामने लाती है। जहां इससे पहले के मूर्तिशिल्प 'स्थिर सत्य' का प्रतिनिधित्व करती थीं, वहां बैंक्सी का यह मूर्तिशिल्प या संस्थापन 'संदेह' और 'संकट' का प्रतिनिधित्व करती है। स्पष्ट है कि इस मूर्तिशिल्प के माध्यम से बैंक्सी एक बार फिर यह सिद्ध करते हैं कि समकालीन कला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि वैचारिक हस्तक्षेप भी है। किंतु इस बार उनकी कला एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वह एक साथ प्रतिरोध भी है और संस्थागत स्वीकृति का हिस्सा भी।

ऐसे में यह अनुमान है कि इसके पीछे किसी बौद्धिक समूह की भूमिका हो सकती है, वैश्विक आलोचना में भी समय-समय पर उठता रहा है। परंतु शायद बैंक्सी जैसे किसी कलाकार की वास्तविक शक्ति इसी 'अनिश्चितता' में ही निहित है। बहरहाल, यह मूर्ति हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि क्या समकालीन कला अब भी सत्ता के विरुद्ध एक स्वतंत्र आवाज है या वह स्वयं सत्ता-संरचना का एक परिष्कृत उपकरण बनती जा रही है? जाहिर है बैंक्सी यहां इस प्रश्न का उत्तर तो नहीं देते, लेकिन वे इस प्रश्न को और धारदार जरूर बना देते हैं।

# मलाणा गांव : जहां होती है अकबर की पूजा


अनोखी परंपरा

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव अपनी अनोखी परंपराओं, प्राचीन शासन व्यवस्था और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यह गांव आधुनिकता से काफी हद तक दूर है और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को आज भी सहेजकर रखा हुआ है। मलाणा की सबसे रोचक विशेषताओं में से एक यह है कि यहां मुगल सम्राट अकबर को देवता के रूप में पूजा जाता है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि अकबर ने किसी समय इस गांव के लोगों को न्याय दिलाया था, जिसके बाद से उन्हें देवतुल्य मानकर सम्मान दिया जाता है। यहां का प्रमुख देवता जमलू देवता माने जाते हैं, जिनके आदेशों और परंपराओं का पालन गांव के सभी निवासी करते हैं।

इस गांव की सामाजिक व्यवस्था भी अत्यंत अनूठी है। मलाणा को भारत के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक माना जाता है, जहां आज भी पारंपरिक पंचायत प्रणाली के तहत निर्णय लिए जाते हैं। यहां बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यदि कोई बाहरी व्यक्ति गांव की दीवार, घर, मंदिर या किसी वस्तु को छू लेता है, तो उसे जुर्माना देना पड़ता है, जो आमतौर पर 1000 से 2500 रुपये तक हो सकता है। इस संबंध में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि पर्यटक नियमों का उल्लंघन न करें।

यहां खरीदारी का तरीका भी अलग है। बाहरी लोग दुकानों के अंदर प्रवेश नहीं कर सकते और न ही किसी वस्तु को सीधे छू सकते हैं। ग्राहक दुकान के बाहर खड़े होकर सामान मांगते हैं, दुकानदार कीमत बताता है और पैसे बाहर ही रखवाए जाते हैं। इसके बाद सामान भी बाहर ही रख दिया जाता है। यह व्यवस्था गांव की शुद्धता और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई गई है।

मलाणा अपनी विशिष्ट भाषा "कनाशी" के लिए भी जाना जाता है, जिसे केवल स्थानीय लोग ही समझते हैं। इसके अलावा, यह गांव अपनी उच्च गुणवत्ता वाली 'मलाणा क्रीम' (हशीश) के कारण भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है, हालांकि यह अवैध है और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाई गई है। पर्यटकों के लिए यहां ठहरने की अनुमति गांव के भीतर नहीं होती। उन्हें गांव के बाहर टेंट या गेस्टहाउस में रुकना पड़ता है। हर साल हजारों पर्यटक इस रहस्यमयी गांव की परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए यहां आते हैं। मलाणा न केवल अपनी अलग पहचान के कारण आकर्षित करता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।





आर्ट गैलरी

# प्रतीकों के जादूगर की चर्चित कृति 'द मास्क'


द मास्क के. जी. सुब्रमण्यन की चर्चित कृतियों में से एक है, जिसमें उन्होंने पहचान और सामाजिक व्यवहार के विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। इस पेंटिंग में 'मुखौटा' केवल चेहरे को ढंकने वाली वस्तु नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे अनेक व्यक्तित्वों का प्रतीक बनकर उभरता है।

चित्र में साहसिक रेखाओं, चटख रंगों और बहुआयामी आकृतियों का प्रयोग किया गया है। पेंटिंग के विभिन्न हिस्से दर्शकों को अलग-अलग भावनाओं और अर्थों की ओर ले जाते हैं। कहीं रहस्य का भाव दिखाई देता है, तो कहीं व्यंग्य और आत्मविश्वास की झलक मिलती है।

इस कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह दर्शक को सोचने पर मजबूर करती है कि समाज में लोग किस प्रकार अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग चेहरे पहनते हैं।

आधुनिक शैली में बनी यह पेंटिंग भारतीय लोक कला की झलक भी प्रस्तुत करती है, जो सुब्रमण्यन की कला की खास पहचान रही है। द मास्क केवल एक चित्र नहीं, बल्कि मनुष्य की पहचान, सामाजिक संबंधों और आंतरिक मनोविज्ञान पर आधारित एक गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति है।

### सुब्रमण्यन के बारे में



के. जी. सुब्रमण्यन भारतीय आधुनिक कला जगत के ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सुंदर सेतु बनाया। वे केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि लेखक, शिक्षक, शिल्पकार और विचारक भी थे। उनकी कला में भारतीय लोक संस्कृति, मिथक, ग्रामीण जीवन और आधुनिक समाज की जटिलताओं का अनूठा मिश्रण दिखाई देता है।

1924 में केरल में जन्मे सुब्रमण्यन ने बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय से कला शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में शांतिनिकेतन से भी जुड़े। उन्होंने कला को केवल दीर्घाओं तक सीमित न रखकर आम जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। वे मानते थे कि कला लोगों के अनुभवों और संस्कृति से जन्म लेती है। उनकी रचनाओं में रंगों की जीवंतता, प्रतीकों का प्रयोग और कल्पनाशीलता प्रमुख रूप से दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला के साथ-साथ भित्ति चित्र, खिलौने, रेखाचित्र और लेखन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। भारतीय आधुनिक कला को नई दिशा देने वाले कलाकारों में उनका नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,559.24 | 23,379.55 |
| गिरावट | 1,456.04 | 436.30 |
| प्रतिशत में | 1.92 | 1.83 |

सोना प्रति 10 ग्राम 1,51,078

चांदी प्रति किलो 2,90,000

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 13 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो का ग्रेट कनेक्शन फेस्ट सेल, किराया 3,999 रुपये से शुरू

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को ग्रेट कनेक्शन फेस्ट की घोषणा की जिसमें किराया 3,999 रुपये से शुरू है। एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह सेल 12 मई से 15 मई जारी रहेगा और टिकट 22 मई से 30 सितंबर 2026 की यात्रा के लिए बुक कराये जा सकेंगे। यह सेल सभी रूट पर मान्य है। इसके तहत सभी शुल्कों और करों समेत घरेलू मार्गों पर न्यूनतम किराया 3,999 रुपये और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 9,999 रुपये है। इंडिगो की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुनिंदा एड-ऑन सेवाओं पर भी लोग विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं - फास्ट फॉरवर्ड सेवा 250 रुपये से और इमरजेंसी एक्सएल सीट 500 रुपये से उपलब्ध होगी।

### श्रम सुधार पूरी तरह लागू, सरकार गरीबों की समर्थक: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने चार नयी श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया है और वर्तमान सरकार गरीबों की समर्थक एवं उद्योग अनुकूल है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि श्रम एवं उद्योग को प्रभावी समन्वय के लिए एक-दूसरे के पूरक बनना चाहिए और बदलाव के साथ तालमेल बैठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चार नई श्रम संहिताओं ने 29 श्रम कानूनों को एक सरल और आधुनिक ढांचे में समाहित कर दिया है। केंद्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में पांच साल से अधिक समय के इंतजार के बाद नियम अधिसूचित कर चारों श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया। ये चार संहिताएं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 हैं।

### सरकारी बैंकों ने एक साल में कमाया 1.98 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मजबूत प्रदर्शन वित्त वर्ष 2025-26 में भी जारी रहा और उन्होंने परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार के साथ रिकॉर्ड मुनाफा कमाया। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सार्वजनिक बैंकों ने इस साल 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में संयुक्त रूप से 3.21 लाख करोड़ रुपये का परिचालन लाभ कमाया। उनका शुद्ध लाभ 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जो सालाना 11.1 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार चौथा साल है जब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने संयुक्त रूप से शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बीते वित्त वर्ष पीएसबी का कुल कारोबार 12.8 प्रतिशत बढ़कर 283.3 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### राजस्थान में जस्ता तार संयंत्र लगाएगा हिंदुस्तान जिंक लि.

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए मंगलवार को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक फिसला

## 2.75 प्रतिशत बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड

**मुंबई, एजेंसी**



**रुपया 35 पैसे टूटकर अबतक के निचले स्तर 95.63 प्रति डॉलर**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 3,412 में गिरावट रही जबकि 869 शेयर लाभ में रहे। वहीं 129 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ।

चार कारोबारी सत्रों में, बीएसई सूचकांक 3,399.28 अंक यानी 4.36 प्रतिशत लुढ़का जबकि निफ्टी 951.4 अंक यानी 3.91 प्रतिशत नीचे आया है।

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 95.63 (अस्थायी) पर आ गया।

### कच्चे तेल की कीमतों से आया दबाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर आने से घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। आईटी और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट व्यापक रही। आईटी शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा क्योंकि एआई (कृत्रिम मेधा) संचालित मूल्य दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

**नुकसान में रहे शेयर :-** सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में तेजी रही।

### मिडकैप 2.92, स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़का

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.92 प्रतिशत नीचे आया।
- छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़क गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,437.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे
- एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था।
- अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे।

## निवेश की पाठशाला

# सोने के बढ़ते आयात को क्यों घटाना है जरूरी

**कारोबार डेस्क**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर मितव्ययिता अपनाने की अपील के बीच भारत में सोने का बढ़ता आयात चर्चा का केंद्र बन गया है। मोदी ने रविवार को कहा था कि सरकार लोगों को पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की कोशिश कर रही है। ईंधन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल, सोने की खरीद टालने तथा विदेश यात्राओं को स्थगित करने जैसे कदम उठाने की जरूरत है ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। इसी बीच भारत में सोने का आयात तेजी से बढ़ा है, जिससे सरकार और अर्थशास्त्री चिंतित हैं। भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है। आइए समझते हैं इससे जुड़ी हर बात...



### कम खरीदा तो आयात बढ़ा कैसे

पिछले साल सोना खरीदा कम गया, फिर भी आयात बढ़ गया, आखिर क्यों? दरअसल आयात की मात्रा घटी, लेकिन बिल बढ़ गया।

वर्ष 2024-25 में आयात : 757 टन

वर्ष 2025-26 में आयात : 721 टन

सोना कम आया, लेकिन उसका कुल खर्च बहुत बढ़ गया।

### वजह क्या है?

वास्तव में सोने की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। पहले कीमत : लगभग 76,600 डॉलर प्रति किलो थी जो अब बढ़कर लगभग 99,800 डॉलर प्रति किलो हो गयी है। दिल्ली में सोने का भाव करीब 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुका है।

### भारत कितना सोना आयात कर रहा है?

- 2019-20: 28.2 अरब डॉलर
- 2020-21: 34.62 अरब डॉलर
- 2021-22: 46.14 अरब डॉलर
- 2022-23: 35 अरब डॉलर
- 2023-24: 45.54 अरब डॉलर
- 2024-25: 58 अरब डॉलर
- 2025-26: 71.98 अरब डॉलर (रिकॉर्ड स्तर)

यानी सिर्फ एक साल में सोने का आयात 24% से ज्यादा बढ़ गया।

### लोग इतना सोना क्यों खरीद रहे हैं

- **शादी और आभूषण :** भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि परंपरा और शादी-ब्याह का हिस्सा है।
- **सुरक्षित निवेश:** जब दुनिया में युद्ध, तनाव या आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है, तब लोग शेयर बाजार की बजाय सोने में पैसा लगाना सुरक्षित मानते हैं।

### सोना कहां से खरीदता है भारत

1. स्विट्जरलैंड – लगभग 40%
2. संयुक्त अरब अमीरात (UAE) – 16% से ज्यादा
3. दक्षिण अफ्रीका – लगभग 10%

### ज्यादा सोना आयात होने से नुकसान क्या है

- **व्यापार घाटा बढ़ता है :** भारत विदेशों से ज्यादा सामान खरीद रहा है और कम बेच रहा है। इसे ही व्यापार घाटा कहते हैं। 2025-26 में व्यापार घाटा बढ़कर 333 अरब डॉलर हो गया।
- **विदेशी मुद्रा पर दबाव :** सोना खरीदने के लिए भारत को डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है।
- **चालू खाते का घाटा :** आरबीआई के अनुसार चालू खाते का घाटा बढ़कर 13.2 अरब डॉलर हो गया है।

### सरकार क्या कदम उठा रही है?

- **आयात पर नियंत्रण :** सरकार ने सोना, चांदी और प्लेटिनम के आयात नियम सख्त किए हैं।
- **आयात शुल्क में बदलाव :** 2022 में शुल्क बढ़ाकर 15% किया गया था। 2024-25 बजट में इसे घटाकर 6% कर दिया गया।

**सरकार ने शुल्क क्यों घटाया?**

तस्करी कम करने के लिए, ज्वेलरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए

### विशेषज्ञ क्यों चिंतित

- आर्थिक संस्था ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (GTRI) का कहना है कि यूएई के जरिए सोना आयात तेजी से बढ़ रहा है।

**यूएई से सोने का आयात :** 2022 : 2.9 अरब डॉलर 2023 : 6.7 अरब डॉलर, 2025 : 16.5 अरब डॉलर

विशेषज्ञों का कहना है कि दुबई खुद ज्यादा सोना पैदा नहीं करता, लेकिन दूसरे देशों का सोना वहां से होकर भारत आ रहा है ताकि कम टैक्स का फायदा मिल सके।

### काम की बात

- वैश्विक तनाव बढ़ा तो सोना और महंगा हो सकता है। साथ ही जब देश ज्यादा डॉलर खर्च करता है, तो रुपये पर दबाव पड़ सकता है और चीजें महंगी हो सकती हैं।
- विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ सोने पर निर्भर रहने की बजाय निवेश को अलग-अलग जगह बांटना बेहतर होता है। सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। सरकार चाहती है कि लोग अनावश्यक सोना खरीदने से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा और व्यापार संतुलन सुरक्षित रह सके।

# उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा, छोड़ें संरक्षणवाद की प्रवृत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश पहला मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है

गौबा ने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है। उन्होंने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है।

# भारत के पास दो माह का ईंधन भंडार पेट्रोलियम कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान संभव: पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद दो महीने के ईंधन भंडार के साथ भारत को आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। हालांकि, यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं और खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमारे पास आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत ने संकट की शुरुआत पर्याप्त भंडार के साथ की थी और तब से घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। साथ ही, मंत्री ने खुदरा कीमतों को स्थिर रखने से बढ़ रहे वित्तीय दबाव को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि लागत और बिक्री मूल्य का कुल अंतर बढ़कर लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया है और एक तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये का घाटा पूरे क्षेत्र के वार्षिक लाभ को खत्म कर सकता है।



पिछले 10 सप्ताह से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद, सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पेट्रोल और डीजल दो साल पुरानी दरों पर ही मिल रहे हैं।

इस समय कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 42 रुपये और रसोई गैस पर 674 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। पुरी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दूरदर्शी बताया। स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि कल से कोई लॉकडाउन या राशनिंग लागू होने वाली है, यह चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश है।

# भारत-ओमान एफटीए एक जून से लागू होने की संभावना: गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक जून से लागू होने की उम्मीद है। इस समझौते पर पिछले साल दिसंबर में हस्ताक्षर किए गए थे।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आज मेरी ओमान टीम के साथ अच्छी बैठक हुई और संभावना है कि ओमान मुक्त व्यापार समझौता एक जून, 2026 से लागू हो जाएगा।

ओमान टीम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भारत आई हुई है। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान समेत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात की ओमान में पहुंच शुल्क मुक्त होगी। दूसरी तरफ, भारत खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा।

# छह प्रतिशत रह सकती है 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर : मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है। साख निर्धारण एजेंसी ने अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा।

एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा, 2027 के लिए भी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 0.5 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

एजेंसी के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज ने साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है।

# विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो। सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है।

**सतर्कता जरूरी** | **सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मुख्य आर्थिक सलाहकार–भारत संकट से निपटने को बेहतर स्थिति में**

# भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट 'भुगतान संतुलन का एक वास्तविक दबाव परीक्षण' है, जिसका मुद्रास्फीति, चालू खाते और विनिमय दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार संघर्ष के मौजूदा माहौल से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपने कच्चे तेल की आवश्यकता कर 87 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। इसमें से 46 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर या उसके निकट से गुजरता है, जहां औसतन टैंकर यातायात में गिरावट आई है। हमारी एलपीजी जरूरत का 60% आयात किया जाता है, जिसमें से 90% से अधिक खाड़ी देशों के माध्यम से आता है। बाहर से अपने परिवार को भेजे जाने वाले पैसे का 38% खाड़ी देशों से आता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, पश्चिम एशिया संकट कोई विदेश नीति संबंधी चिंता नहीं है जो कभी-कभार आर्थिक नियोजन को प्रभावित करती हो। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि विश्वसनीय रूप से चालू खाते का प्रबंधन करना, उसका वित्तपोषण करना और मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट को रोकना वृहद आर्थिक मोर्चे पर वित्त वर्ष 2026-27 की आर्थिक अनिवार्यताएं हैं। भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद, राजकोषीय मजबूती का रास्ता, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार एक ऐसा आधार प्रदान करते हैं जिससे देश इस माहौल में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।

### यह रणनीतिक गलती होगी

नागेश्वर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर संघर्ष की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उभरती अर्थव्यवस्थाएं जो इस धारणा पर योजना बना रही हैं कि 2020 से पहले की वैश्विक आर्थिक संरचना स्वयं को पुन: स्थापित कर लेगी, वास्तव में यह एक 'रणनीतिक गलती' होगी। सीईए ने कहा कि यह भी आवश्यक है कि रणनीतिक स्पष्टता हो ताकि यह समझा जा सके कि व्यापारिक संबंधों, प्रौद्योगिकी साझेदारियों, आपूर्ति श्रृंखला संरचना और गठबंधन निर्माण को पुनर्गठित करने के लिए सीमित समय ही उपलब्ध है, जो अगली अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था को आकार देगा।

### बड़े उद्योग समय पर करें एमएसएमई का भुगतान

सीईए वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बड़े उद्योगों को एमएसएमई को उनके बिल का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी हों और पूंजी की लागत कम हो सके। एमएसएमई बड़े उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी का स्रोत नहीं होने चाहिए बल्कि इसके विपरीत होना चाहिए। इन उद्यमों की पूंजी लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। नागेश्वरन ने कहा कि एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध होने से नवाचार के लिहाज से सकारात्मक परिवेश बनेगा।

# खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी ने बढ़ाई खुदरा महंगाई

## चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 % बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के गहनों की कीमतें एक साल पहले की तुलना में तेजी से बढ़ने से अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई बढ़ी है। पिछले साल मार्च में यह 3.40 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर रही जबकि इस साल मार्च में यह 3.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। पान-तंबाकू आदि की कीमत 4.76 प्रतिशत बढ़ी। रेस्त्रां एवं होटल के कमरों की मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रही। खाने-पीने के सामान में टमाटर की कीमत सालाना 35 प्रतिशत और फूल गोभी की 26 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, आलू 24 प्रतिशत,



प्याज 18 प्रतिशत और मटर सात प्रतिशत सस्ता हुआ। चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 प्रतिशत बढ़े। सोना, हीरा और प्लेटिनम के गहने 41 प्रतिशत महंगे हुए। आंकड़ों में बताया गया है कि 50 लाख से अधिक की आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना में खुदरा महंगाई सबसे अधिक 5.81 प्रतिशत रही। आंध्र प्रदेश में यह 4.20 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.18 और कर्नाटक में चार प्रतिशत रही। राजस्थान में मुद्रास्फीति की दर 3.52 फीसदी रिकॉर्ड की गयी।

वर्ल्ड ब्रीफ

### सेंट स्टीफंस के 145 साल के इतिहास में पहली महिला प्राचार्य



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पहली बार महिला प्राचार्य की नियुक्ति की घोषणा की है। कॉलेज की सुप्रीम काउंसिल ने घोषणा की है कि प्रो. सुसान एलियास एक जून 2026 से कॉलेज की 14वीं प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बिशप और कॉलेज के अध्यक्ष द राइट रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा जारी इस आदेश के साथ ही कॉलेज के 145 साल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। यह पहला मौका है, जब इस संस्थान की कमान किसी महिला के हाथों में होगी। कॉलेज के चेयरमैन पॉल स्वरूप ने कहा कि प्रोफेसर एलियास कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। उन्होंने उनकी नियुक्ति को सेंट स्टीफंस में अत्याधुनिक तकनीक लाने वाला कदम बताया।

### दिल्ली में पूर्वोत्तर की महिला पर छेड़छाड़ के बाद हमला

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने दिल्ली में पूर्वोत्तर की एक महिला के साथ छेड़छाड़ और उस पर हमले को लेकर मंगलवार को चिंता जताई और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बार-बार हिंसा और भेदभाव को अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता। ऐसी घटनाओं में कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। दिल्ली पुलिस के अनुसार नेहरू प्लेस में 10 मई को सुबह करीब साढ़े छह बजे एक होटल के बाहर चाय स्टॉल के समीप दो महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने छेड़छाड़ के बाद उन पर हमला किया। एक महिला असम की है और दूसरी बिहार की। घटना में शामिल चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर विवाद में मारे गए नौ लोग

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद के बाद प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में मंगलवार को सात लोग मारे गए और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में हुई। यह इलाका राजधानी पेशावर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस ने बताया कि इलाके में पेड़ों की कटाई को लेकर दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद झड़प हुई। इस घटना में सात लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आसपास के इलाकों से भारी संख्या में पुलिस बल भेजे गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई

## युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर ईरान के रुख से निराश अमेरिकी राष्ट्रपति गंभीरता से कर रहे हैं विचार


वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रंप के सहयोगियों के हवाले से यह दावा किया है। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि दूसरे समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं।

सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। सीएनएन ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रंप की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान की भूमिका पर भी शक



### पश्चिम एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान की 14 सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय प्रस्ताव का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने एक्स पर कहा, ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है। कोई भी और दृष्टिकोण पूरी तरह बेनतीजा रहेगा और एक के बाद एक असफलता के अलावा यह कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। उधर, ट्रंप ने संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

## एक महीने बंद रहा होर्मुज तो 2027 तक जारी रहेगा तेल संकट

**दोहा।** सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर शुरू नहीं होती तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था।

सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने किया आगाह

### यूएई में अगले साल तक सिर्फ 60 प्रतिशत रहेगा गैस का उत्पादन

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय तेल कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण यूएई का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर नहीं लौट पाएगा। एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है।

### भारत में रूसी तेल का आयात 15% घटा

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चा तेल आयात अप्रैल माह में 15 प्रतिशत से अधिक घट गया जिसका मुख्य कारण एक प्रमुख रिफाइनरी का रखरखाव के लिए बंद होना रहा। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने यह रिपोर्ट जारी की है।

# पंजाब: सतर्कता विभाग के कार्यालय पर छापा, अफसरों के तीन दलाल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने राज्य कर के अफसर की शिकायत पर की कार्रवाई
- डीजी का रीडर फरार, रिश्वत लेकर निपटाए जा रहे थे मामले

सीबीआई ने 13 लाख रुपये के रिश्वत मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के मोहाली स्थित सतर्कता विभाग कार्यालय पर देर रात छापा मारा। इस दौरान फरार होने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को पीछा करके पकड़ लिया गया। इनमें से दो विभाग के उच्चाधिकारियों के लिए दलाली करने वाले बिचौलिए हैं।

सीबीआई ने यह कार्रवाई पंजाब के एक राज्य कर अधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की जिसने विकास गोयल और उनके बेटे राघव गोयल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने महानिदेशक (डीजीपी सतर्कता), पंजाब के कार्यालय में एक शिकायत को बंद कराने के बदले 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोप था कि दोनों आरोपी डीजीपी सतर्कता (पंजाब) के रीडर सहित वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे। वे आश्वासन दे रहे थे कि रिश्वत देने पर मामला सुलझा लिया जाएगा। डीजी सतर्कता के रीडर ओपी राणा ने भी रिश्वत देने पर शिकायत को बंद करने का भरोसा दिया था।

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच में साजिश में राणा की संलिप्तता सामने आई है। बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान आरोपियों ने मांग को 20 लाख रुपये से घटाकर 13 लाख रुपये कर दिया और साथ ही राणा के लिए एक सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 मोबाइल फोन की भी मांग की। रिश्वत के लेनदेन की पुष्टि के बाद सीबीआई ने चंडीगढ़ में छापा मारा, जहां आरोपियों के सहयोगी अंकित वाधवा को 13 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रिश्वत के पैसे और फोन भी कब्जे में ले लिया गया। इसी बीच निगरानी के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों से सूचना मिलने के बाद राघव गोयल, विकास गोयल और राणा मौके से भाग निकले। सीबीआई की टीम ने उनका पीछा कर पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास राघव और विकास को पकड़ लिया। उनके दो सुरक्षाकर्मियों को भी हिरासत में ले लिया।

### घर से मिले लाखों रुपये, आपत्तिजनक दस्तावेज


सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि मलोट में गोयल और चंडीगढ़ में राणा के आवासीय परिसरों की तलाशी के दौरान नौ लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई की जांच में राणा और गोयल के बीच लंबित सतर्कता मामलों से संबंधित संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान का भी खुलासा हुआ है। सीबीआई के मुताबिक इस बड़ी साजिश की जांच की जा रही है। आरोपियों को आधिकारिक तौर पर पुलिस की सुरक्षा दी गई थी। आरोपियों के साथ एके-47 राइफल से लैस पुलिसकर्मियों की तैनाती और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# उत्तरी-पश्चिम में भीषण गर्मी, दक्षिण पूर्वोत्तर में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी और दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने बुधवार को एक तरफ जहां राजस्थान के लिए भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं दूसरी तरफ बंगाल की खाड़ी में इस सप्ताह के अंत तक मानसून आने के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पहुंचने के आसार हैं। फिलहाल बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो दिनों में और मजबूत हो सकता है। उधर,



कानपुर चिड़ियाघर में गर्मी से परेशान बाघ।

मैदानी इलाकों में जारी गर्मी के प्रकोप के बीच राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्म हवाएं चलेगीं। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी अगले 4-5 दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा।

- बंगाल की खाड़ी में इसी सप्ताह मानसून पहुंचने का अनुमान

दूसरी तरफ, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 13 से 18 मई के बीच बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में भी बुधवार को मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई है। उत्तर भारत में 15 मई से एक नया 'पश्चिमी विक्षोभ' सक्रिय होगा, जिसके असर से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

# नारायणपुर में हथियारों और विस्फोटकों का भारी जखीरा बरामद

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जंगलों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की गई है। अबूझमाड़ के जंगलों में भी छिपाए गए हथियारों को तलाश करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।



पिछले एक महीने से जिले के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने

- नक्सलियों पर कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला


नक्सलियों के कई छिपे डंप खोज निकाले, जहां से अत्याधुनिक हथियार, जिंदा कारतूस, बीजीएल सेल, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, वायरलेस सेट, बैटरी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक करोड़ से ज्यादा कैश के अलावा तीन एके-47 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, दो .303 राइफल, एक .315 राइफल, दो 12 बोर बंदूक और दो देसी कट्टे बरामद किए गए। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में जिंदा कारतूस, मैगजीन और बीजीएल सेल भी जब्त किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने 132 बीजीएल सेल, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, छह बंडल कॉर्डेक्स वायर, वॉकी-टॉकी सेट, मोटोरोला वायरलेस सेट, बिजली वायर, रेडियो सेल और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से नक्सलियों की हथियार आपूर्ति और आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

### ब्रिटेन : लगातार बढ़ते दबाव के बीच स्टॉर्मर का पद छोड़ने से इन्कार

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टॉर्मर ने इस्तीफा देने के बढ़ते दबाव के बावजूद मंगलवार को पद पर बने रहने के अपने संकल्प को दोहराया। स्टॉर्मर ने कैबिनेट मंत्रियों से कहा कि पिछले सप्ताह ब्रिटेन भर में हुए स्थानीय चुनावों में उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं, लेकिन वह संघर्ष जारी रखेंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि नेता को हटाने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा, देश चाहता है कि हम शासन करें। मैं वही कर रहा हूं।

### 182 देशों के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में करेंगे वैश्विक ध्यान

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान का भव्य आयोजन होगा। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में 182 देशों के करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से एक साथ ध्यान करेंगे।



- आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होगा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिन पूर्व ही इस आयोजन के लिए नवनिर्मित दिव्य ध्यान परिसर का उद्घाटन कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, डिजिटल युग के तनाव से मुक्ति के लिए यह आंतरिक संतुलन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, सर्बानंद सोनोवाल, मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह सहित कई राज्यों के राज्यपाल और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी और फिल्म जगत से रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, मोहन बाबू व अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी गुरुदेव के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। ये आयोजन गुरुदेव द्वारा 45 वर्षों से दिए जा रहे शांति और मानवीय सेवा के संदेश को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। यह उस वैश्विक शांति संदेश का जीवंत स्वरूप होगा, जिसे वह साढ़े चार दशकों से विश्वभर में प्रसारित कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाएगा, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी चरितार्थ करेगा।

# चीन को अपनी साख के बारे में सोचना चाहिए : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मदद करने की चीन की स्वीकारोक्ति से भारत के इस बारे में पहले से किए गए दावों और तथ्यों की पुष्टि होती है। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करने वाले देशों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ठिकानों को बचाने के उनके प्रयास का उनकी साख और वैश्विक स्थिति पर किस तरह का असर पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हुए आतंकवादी

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन की चीनी स्वीकारोक्ति पर बयान

हमलों के जवाब में की गई एक सटीक, लक्षित और संतुलित कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से संचालित और उसके समर्थन से प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था।

उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें इस बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करना उनकी प्रतिष्ठा और वैश्विक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करता है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा था कि चीन और तुर्किये जैसे देशों ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन किया था।

# चीन की जासूस निकली अमेरिकी शहर की मेयर

वाशिंगटन, एजेंसी

कैलिफोर्निया के अर्काडिया शहर की मेयर एलीन वांग ने चीन के अवैध एजेंट के रूप में काम करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक वांग ने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है और उम्मीद जा रही है कि वह लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में भी अपना अपराध स्वीकार करेंगी।

संघीय अभियोजकों ने बताया कि वांग (58) और उस समय उनके मंगेतर रहे याओनिंग माइक सन पर चीन के सरकारी अधिकारियों के इशारे पर अमेरिका में चीन का प्रचार करने का आरोप है। सन (65) पिछले साल अक्टूबर में एक संघीय अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने के बाद चार साल की जेल की सजा काट रहा है। एक संबंधित याचिका में वांग ने उन पर लगे आरोप अदालत में स्वीकार करने पर सहमति जताई है और इस अपराध के लिए उन्हें अधिकतम 10 साल की जेल की सजा



- जुर्म स्वीकार कर पद से इस्तीफा दिया, 10 साल हो सकती है जेल

हो सकती है। वांग नवंबर 2022 में अर्काडिया सिटी काउंसिल के लिए चुनी गई थीं, जो पांच सदस्यीय शासी निकाय है और इसमें महापौर का चयन बारी-बारी से होता है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के फर्स्ट असिस्टेंट यूएस अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा, हमारे देश में वे लोग जो गुपचुप तरीके से विदेशी सरकारों के इशारों पर काम करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। एफबीआई के काउंटरइंटेलिजेंस और जासूसी प्रभाग के सहायक निदेशक रोमन रोज़ावस्की ने कहा, एलीन वांग ने स्वीकार किया है कि वह गुप्त रूप से चीन सरकार के हितों के लिए काम कर रही थीं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** – आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ है। धन आगमन के नए स्रोत खुल सकते हैं। वाणी पर संयम रखें।

**मिथुन** – आज का दिन व्यापारिक समझौतों के लिए अनुकूल है। मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** – आज खर्चों में अधिकता रह सकती है। व्यर्थ की भागदौड़ से थकान महसूस हो सकती है। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। शाम का समय दोस्तों के साथ बिताएंगे। पुराने अटके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** – आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक दायरे में विस्तार होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कठिन कार्य भी आसानी से हल हो जाएंगे। मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु** – आज व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आपसी समझ में सुधार देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर देगी।

**मकर** – आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**कुंभ** – आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। मन में संतोष का भाव रहेगा। रचनात्मक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन** – आज यात्राएं लाभदायक सिद्ध होंगी। अकारण चिंता से बचें। सुख-सुविधाओं की वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 मई, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, एकादशी 13 .29 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तर भाद्रपद 14 मई 00 .27 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

### सुडोकू -148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |

संयुक्त राष्ट्र | गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# दुनिया में वैज्ञानिक प्रगति को संकीर्ण नजरिए से देखा गया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रगति को लंबे समय से संकीर्ण नजरिए से देखा गया। अब भी उन ऐतिहासिक विकृतियों को सुधारने की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का शीर्षक 'शून्य से अनंत तक गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' है।

इस प्रदर्शनी को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी तरह की इस पहली ऐतिहासिक प्रदर्शनी का सोमवार को अपनी न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान उद्घाटन किया, जो समहिता (दक्षिण एशियाई पांडुलिपि इतिहास और पाठ्य संग्रह) परियोजना का हिस्सा है। जयशंकर ने कहा, हम जो यहां एकत्र हुए हैं, वे केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं। हम उस सभ्यता का अवलोकन कर रहे हैं जिसका जन्म भारत की बौद्धिक मिट्टी में हुआ था। यह एक ऐसी विरासत है जिसका संबंध जितना अतीत से है, उतना ही भविष्य से भी है।



संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### गणित में भारत के योगदान पर केंद्रित है प्रदर्शनी

यह उन प्राचीन गणितीय अवधारणाओं पर प्रकाश डालती है जिनकी जड़ें भारत में हैं और जो आगे हजारों वर्षों में पूरी दुनिया में फैलीं, इनमें शून्य, दशमलव स्थान मान प्रणाली, बीजगणित और एल्गोरिदम से लेकर ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संच, द्विआधारी गणना, और रेखागणित का बौधायन-पायथागोरस प्रमेय शामिल हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल के खगोल विज्ञान और गणित संप्रदाय तक के विद्वानों के योगदान को दर्शाया गया है।



''मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी। ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'' –साक्षी मलिक, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान


# स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 13 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज का मुकाबले

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप






- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात–501 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –481 रन

### पर्पल कैप





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–21 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट

# हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में 26 पदक किए अपने नाम

गोंडा (नवाबगंज)

**सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती**

**अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोमवार को हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा साबित कर दिया। खेले गए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर कुल 26 पदक अपने नाम किए। दमदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया।

अभी तक प्रतियोगिता में हरियाणा ने 235 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तर प्रदेश 91 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। अखाड़े में हरियाणा के पहलवानों की तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीसरे दिन महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा के संजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सुशील कुमार को रजत मिला, जबकि प्रदीप और हरिकेश ने कांस्य पदक हासिल किए। 60 किग्रा वर्ग में संदीप ने हरियाणा की झोली में एक और स्वर्ण डाला। दिल्ली के हर्ष को रजत पदक मिला। हिमांशु और साहिल/अशोक ने कांस्य पदक अपने नाम किए। 63 किग्रा वर्ग में विजय ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का दबदबा कायम रखा। महाराष्ट्र के विनय रजत पदक विजेता रहे, जबकि सोनू और परवीन ने कांस्य पदक जीते। 67 किग्रा वर्ग में निशांत ने बेहतरीन दांव-पेंच के दम पर स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के विकास को रजत मिला। दिल्ली के कुलदीप और उत्तर प्रदेश के मुकुल चौहान ने कांस्य पदक हासिल किए। 72 किग्रा वर्ग में एसएससीबी के सूरज ने स्वर्ण पदक जीता। यूपी के गौरव दुहून को रजत मिला। हरियाणा के नवीन और विकास राणा ने कांस्य पदक हासिल किए। 77 किग्रा वर्ग में हरियाणा के विकास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश के सन्नी बैसला रजत पदक विजेता रहे। अंकित बूरा और धीरज कुमार मलिक ने कांस्य पदक जीते। 82 किग्रा वर्ग में मनजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा को बढ़त दिलाई। उमेश को रजत पदक मिला, जबकि सचिन और दीपक पुनिया ने कांस्य पदक हासिल किए। 87 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र के तेजपाल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के सागर को रजत मिला। दिल्ली के विकास दलाल और उत्तर प्रदेश के मानव शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। 97 किग्रा वर्ग में आशीष ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की स्थिति और मजबूत कर दी। पंजाब के अभिमन्यु रजत पदक विजेता रहे। निखिल और विशेष चौहान ने कांस्य पदक जीते। 130 किग्रा वर्ग में मेहर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का शानदार अभियान पूरा किया। विपिन को रजत पदक मिला, जबकि परवेश और पीयूष कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किए।



गोंडा : ग्रीको रोमन मुकाबले में एक दूसरे से भिड़ते पहलवान।

### साक्षी ने विनेश मामले में पीएम मोदी से की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विनेश फोगाट के रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के साथ चल रहे झगड़े में दखल देने की अपील की है। साक्षी ने गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से मना किए जाने के बाद अपनी साथी रेसलर का साथ दिया है। विनेश, जिन्होंने पिछले साल अपने रिटायरमेंट का फैसला बदल दिया था, को डब्ल्यूएफआई द्वारा डोप टेस्ट में शामिल न होने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद मुकाबला करने से रोक दिया गया था। इस विवाद के बावजूद, विनेश सोमवार को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद में गोंडा गईं, लेकिन उन्हें हिस्सा लेने की इजाज़त नहीं दी गई।

# हैदराबाद को रौंदकर गुजरात तालिका में टॉप पर

## आईपीएल 2026: टाइटंस के 168 रन के जवाब में सनराइजर्स 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर

अहमदाबाद, एजेंसी।

तेज गेंदबाजों के तूफानी प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से रौंदकर आईपीएल में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के साथ प्लेऑफ में भी जगह बना ली। हैदराबाद इस हार के बावजूद तालिका में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद ने हालांकि गुजरात टाइटंस को पांच विकेट पर 168 रन पर रोका लेकिन खुद उसकी टीम 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर हो गयी।

पॉवरप्ले में ही एसआरएच की टीम लड़खड़ा गयी। कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने पॉवरप्ले में एसआरएच के चार विकेट चटका दिए और वहां से टीम कभी उबर ही नहीं पाई। एसआरएच का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। कप्तान पैट कमिंस अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा (19) रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। रबाडा और होल्डर ने 3-3 विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट और राशिद खान को एक विकेट मिला। सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी 169 रन के टारगेट का पीछा करते हुए बुरी तरह फेल हो गई, और आखिर में 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर ढेर हो गई। दूसरी इनिंग्स की शुरुआत बहुत खराब रही, जब मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ओवर में ट्रैविस हेड को बिना खाता खोले आउट कर दिया, इसके तुरंत बाद कगिसो रबाडा ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को आउट करके एसआरएच को 23/3 पर छोड़ दिया। मिडिल ऑर्डर ने गुजरात के लगातार पेस अटैक का कोई मुकाबला नहीं किया, क्योंकि जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा ने खतरनाक हेनरिक क्लासेन सहित बाकी स्पेशलिस्ट बैट्समैन को आउट कर दिया। कप्तान पैट कमिंस के आखिर में एक छक्के और एक चौके के बावजूद, इनिंग्स अचानक खत्म हो गई जब राशिद खान ने स्टंपिंग कराकर आखिरी विकेट लिया, जिससे गुजरात टाइटन्स ने 82 रन से बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले गुजरात के लिए ओपनर साई सुदर्शन ने 61 और मध्य क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर ने 50 रन बनाये। सुदर्शन ने 44 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाए जबकि सुंदर ने 33 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाया। निशांत संधू ने 14 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। कप्तान शुभमन गिल पांच और जोस बटलर सात रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 26 रन तक ही दो विकेट गंवा दिए थे। बटलर और कप्तान गिल फ्लॉप रहे और उसका असर पूरी बैटिंग पर दिखा। आज पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार थी और इसी वजह से कप्तान पैट कमिंस ने केवल दो ही ओवर स्पिन का करवाया और जीटी को 168 पर रोक दिया। गुजरात टाइटन्स ने अच्छी वापसी करते हुए बोर्ड पर लड़ने लायक स्कोर बनाया और फिर उसका बचाव किया। उन्होंने इस सीज़न का अपना सबसे धीमा पावरप्ले खेला, सिर्फ़ 34 रन बनाए और शुभमन गिल और जोस बटलर के अहम विकेट भी गंवाए। हालांकि, साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर ने चौथे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 60 रन की ज़रूरी पार्टनरशिप करके पारी को संभाला।



सनराइजर्स हैदराबाद को हराने के बाद एक–दुसरे से खुशी बांटते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 12 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

# चीन ने लगातार 12वीं बार जीता विश्व टीम टेबल टेनिस खिताब

लंदन, एजेंसी

चीन ने वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जापान पर 3-0 से जीत हासिल करते हुए पुरुषों की टीम का लगातार 12वां खिताब अपने नाम किया। यह जीत लियांग जिंगकुन के एक और शानदार वापसी वाले प्रदर्शन की बदौलत मिली।

सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्सिस लेब्रुन के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करने के ठीक एक दिन बाद, लियांग ने जापान के शीर्ष खिलाड़ी टोमोकाज़ु हारिमोटो के खिलाफ भी उसी कारनामे को दोहराया। लियांग को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा। वह शुरुआती दो गेम 11-8 और 11-4 से हार गए, क्योंकि हारिमोटो अपनी ज़बरदस्त गति और आक्रामकता से खेल पर हावी थे। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल कर ली और निडर होकर आक्रामक खेल खेलते हुए मैच का रुख पलट दिया, और अगले दो गेम 11-9 और 13-11 से जीत लिए। निर्णायक गेम में 8-3 की बढ़त बनाने के बाद हारिमोटो जीत की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन तभी लियांग ने ज़ोरदार वापसी की। हर विनिंग शॉट के बाद ज़ोर से दहाड़ते हुए, लियांग ने लगातार आठ अंक हासिल किए और 11-8 से जीत पूरी करके स्टेडियम में जश्न का माहौल बना दिया।

## हाईलाइट

### भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 29 देश लेंगे भाग

**अहमदाबाद।** एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप 2026 का मंगलवार को गांधीनगर में उद्घाटन हुआ जिसमें 30 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट 11 से 17 मई तक चलेगा। गुजरात के खेल राज्यमंत्री जयराम गमित ने उद्घाटन समारोह में कहा कि गुजरात ने विकास के लिए ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल सेक्टर में भी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने कहा, '' गुजरात में ऐसी उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा स्थानीय और भारतीय खिलाड़ियों के लिये काफी अहम है। इससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुसार तैयारी का मौका मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नयी दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

### टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है, उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो "ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों।" टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सज़ा को मान लिया।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज

बैंकॉक, एजेंसी।

**थाईलैंड ओपन बैडमिंटन**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मुकाबले में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को 21-19, 21-18 से हराया।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 104 रन से हराया

**मीरपुर, एजेंसी।** वर्ष 2024 तक पाकिस्तान को कभी टेस्ट मैच में नहीं हराने के बाद बांग्लादेश ने अब उनके खिलाफ लगातार तीन मैच जीते हैं। यह मैच - घर पर पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला मैच - मीरपुर में आखिरी दिन के आखिरी सेशन में जाकर तय हुआ। नाहिद राणा ने 40 रन देकर पांच विकेट लिए। जिससे मेजबान टीम ने मंगलवार को 104 रन से जीत हासिल की, सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। आखिरी सेशन में पाकिस्तान को 152 रन चाहिए थे और उसके सात विकेट बाकी थे। गेम का नतीजा सबसे ज़्यादा अब्दुल्ला फज़ल पर टिका था। फज़ल 66 रन पर पहुंच चुके थे, उन्होने सलमान अली आगा ने चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर पाकिस्तान को 268 रन के टारगेट को दोपहर तक पूरा करने में मदद की।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा आरसीबी

रायपुर, एजेंसी

**11** मैचों में सात जीत के साथ मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने बनाई लय

प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है। रायपुर की तेज गर्मी में दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है। एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है। एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली।





पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाज।

# लक्ष्य फाइनल में, चार भारतीय मुक्केबाजों ने जीते कांस्य

ताशकंद, एजेंसी

भारत के लिये एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5 - 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई । सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5 - 0 से हराया।

यश यादव (50 किलो) को मंगोलिया के एस उसुखबातार ने 4 - 1 से मात दी जबकि निवेश पाल 54 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुलबोसित युर्सुनबोएव से 5 - 0 से हार गए । नमन (70 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुवोहिद अब्दुमाजिदोव ने 3 - 2 से हराया।

पीड़ा

वर्ष 2023 के एशियाई खेल में दीपक पूनिया ने जीता था रजत पदक

# पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुआ मेरा करियर

गोंडा, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक एक समय 86 किलोग्राम वर्ग में भारत की तरफ से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवान थे। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तब से उनका एकमात्र अच्छा प्रदर्शन एशियाई खेल 2023 में रहा जहां उन्होंने रजत पदक जीता था।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट जीता था लेकिन वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वर्तमान नीति के अनुसार एशियाई खेलों के लिए 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की योग्यता नहीं रखते हैं। इस नीति में यहां चल रहे टूर्नामेंट के नतीजों पर गौर नहीं किया जाएगा। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'' उन्होंने कहा, ''जब आप हर दूसरे या तीसरे महीने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो आपको अपनी कमजोरी का पता चलता है और आप उसमें सुधार करते हैं।

लेकिन अगर आपको साल में केवल एक विश्व चैंपियनशिप या केवल एक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलता है तो प्रदर्शन में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।'' भारत के प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने 2023 में डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उन्होंने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय ने तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और एक तदर्थ समिति ने लंबे समय तक इसका संचालन किया। इसके चलते भारत में टूर्नामेंट और कुश्ती गतिविधियों में व्यवधान पैदा हुआ। यह मामला अभी अदालत में है। दीपक से जब पूछा गया कि वह भी विरोध प्रदर्शन स्थल पर आए थे तो उन्होंने कहा, ''मैं अभी उन बातों पर चर्चा नहीं करना चाहता। रहने दीजिए।'' हरियाणा के इस पहलवान ने 2025 में विश्व चैंपियनशिप में अपने निराशाजनक प्रदर्शन का कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करना और अभ्यास के लिए साथियों की कमी को बताया। पदक राउंड से काफी पहले ही उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया और वह 11वें स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने अभ्यास में गलतियां कीं। विश्व चैंपियनशिप से पहले मुझे कोई अच्छा स्पैरिंग पार्टनर (अभ्यास के लिए साथी पहलवान) नहीं मिला। स्पैरिंग पार्टनर बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।'' दीपक ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अगले एशियाई खेलों में 86 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों में अपने पदक का रंग बदलना है। मैं एशियाई खेलों में मौका पाने के लिए ही इस प्रतियोगिता में भाग ले रहा हूं।

